हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 02.08.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 14 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 30 लाख

**रांची :** साइबर अपराधियों ने सीबीआई अधिकारी बनकर सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली में रहने वाले एक डॉक्टर को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 30 लाख रुपये ठग लिये। इस संबंध में गुरुवार को डॉक्टर ने सीआईडी की साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली सीबीआई के अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली में रहने वाले डॉक्टर गोपाल को फोन किया। साइबर अपराधियों ने डॉक्टर का नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आने की बात कहकर उन्हें धमकाया और डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट किया। साइबर अपराधियों ने कहा कि मामले की जांच होने तक उन्हें घर पर ही अरेस्ट किया जा रहा है। इसके बाद फोन पर ही डॉक्टर से उनके बैंक की पूरी डिटेल ली गयी। इस दौरान उनके बैंक खाते से 30 लाख रुपये निकल गए। अगले दिन जब डॉक्टर को बैंक खाता से राशि निकासी की जानकारी मिली, तब उनकी समझ आया कि वे साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं।

### बिहार में आकाशीय बिजली से 13 लोगों की मौत

**पटना :** बिहार में बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद में चार, जहानाबाद में तीन, सारण में तीन, नालंदा में दो और जमुई में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतकों में औरंगाबाद जिले की तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। साथ ही जिले के कुछ लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान बारूण थाना क्षेत्र के छक्कन बिगहा गांव निवासी राम अवतार सिंह की पत्नी सोनहल देवी (60), रेड़िया गांव निवासी विनय पाल की पत्नी जैतरी देवी, मदनपुर थाना क्षेत्र के पिरवां गांव निवासी राजगीर महतों के पुत्र महेश प्रसाद (40) तथा टंडवा थाना क्षेत्र के खजूरी महेश गांव निवासी रामदहीन पासवान की पत्नी इंद्रावती देवी (55) के रूप में हुई है। जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र के सरेन गांव में बारिश के साथ आसमानी आफत कहर बनकर टूटी।

# झारखंड विस स्पीकर ने भाजपा के 18 विधायकों को किया सदन से निलंबित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने ये कार्रवाई विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर की। स्पीकर ने नियमावली 299 और 310 का जिक्र करते हुए कहा कि मैं इसके लिए निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूं और ये हमारा विशेषाधिकार हैं, जिसके बाद उन्होंने विपक्ष के 18 विधायकों को निलंबित करने का फैसला सुनाया।

दरअसल बुधवार रात से ही भाजपा के विधायक नौकरी, बेरोजगारी भत्ता पर सरकार के जवाब को लेकर विधानसभा परिसर में ही रुक गये। इसके बाद गुरुवार सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो गिरिडीह से विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कई विधायकों का नाम लेकर स्पीकर से कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद स्पीकर ने विपक्ष के कई नेताओं का नाम लेकर उनका आचरण सदन के अनुरूप नहीं बताते हुए निलंबित कर दिया। 18 विधायकों के निलंबन होने के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि आज लोकतंत्र की हत्या दिन दहाड़े स्पीकर ने कर दी है। बिना किसी दोष के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है, उससे ये पता चलता है कि सरकार निरंकुश हो चुकी है।

सुदिव्य कुमार सोनू के कहने पर इस तरह से हमे निलंबित कर दिया गया है। आज पूरे भारत के इतिहास में पहली बार 18 विधायकों को निलंबित किया गया है। जिन चुनावी वादों पर सरकार सत्ता में आई थी, आज उसका कोई हिसाब किताब नहीं है। स्पीकर ने जो हमारे अधिकार को छीना है। कांग्रेस ने पहले इमरजेंसी लगाई थी, आज कांग्रेस जेएमएम ने मिलकर अघोषित इमरजेंसी लागू की है। मीडियाकर्मियों के जाने पर भी रोक लगा दी।

अमर बाउरी ने कहा कि स्पीकर जो आचरण की बात कर रहे हैं, उनके पहले का वीडियो आप देख लीजिए। किस तरह से वह व्यवहार करते थे। हमने ऐसा कुछ भी व्यवहार नहीं किया है, फिर भी हमें निलंबित कर दिया गया है। सरकार के इस रवैये को जनता देख रही है। विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें उखाड़ कर फेंकेगी। स्पीकर हाथ उठा कर चैलेंज कर रहे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता ही नहीं कि वह विधानसभा के स्पीकर हैं। किसी भी स्पीकर ने आज तक ऐसा व्यवहार नहीं किया है।

### इमरजेंसी के बाद का सबसे बड़ा काला अध्याय : अमर बाउरी



**रांची :** झारखंड विधानसभा के जारी मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्पीकर से कहा कि आपने 18 विधायकों को निलंबित कर दिया। यह इमरजेंसी के बाद सबसे बड़ा काला अध्याय है। सजा सुनाने से पहले सुनना चाहिए था। इसी सदन में देखा है कि स्पीकर पर जूते चले हैं। उसके बाद भी निलंबन नहीं हुआ। हम लोगों ने कुर्सी नहीं तोड़ी। माइक भी नहीं तोड़ा। संविधान में विरोध करने का अधिकार है। 2019 में जो सरकार बनी थी और जो वायदे किये गये थे, उसे हम सुनना चाहते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा को पाकुड़ के गोपीनाथपुर नहीं जाने दिया गया। पत्रकारों को नहीं आने दिया गया। ये सभी घटनाएं सरकार के दबाव में हुई हैं। सरकार के दबाव में विधायकों का निलंबन हुआ है। हाउस अरेस्ट जैसा कर दिया गया। हम लोगों को निकाल कर बाहर किया गया। बाउरी ने कहा कि यह अत्याचार की पराकाष्ठा है। हमने ऐसा कुछ भी नहीं किया। अहिंसा के तहत हम बैठे हुए थे। बुधवार रात में जब हम लोग आम लोगों के सवाल पर सदन में थे। तब मार्शल ने जबरन टांगकर बाहर कर दिया। जनता के मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना हमारा धर्म है। गांधीवादी तरीके से विपक्ष अपनी बात रख रहा था।

### मुझे भी सस्पेंड कर देते, बाहर में मेरी किरकिरी हो रही है : नीलकंठ सिंह मुंडा



भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मैं भी साथ था। मेरा क्या दोष था, मुझे भी सस्पेंड कर देते। बाहर में मेरी किरकिरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा क्या दोष था जो मुझे नहीं निकाला गया। मुझे भी सस्पेंड कर दें। मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे मुझे जाति से निकाल दिया गया है। मुझ पर संदेह किया जा रहा है। आप पर भी बाहर में संदेह किया जा रहा है। मुझे भी सस्पेंड कर दीजिये। दरअसल, भाजपा के 18 विधायकों को स्पीकर ने निलंबित किया है लेकिन निलंबित विधायकों में नीलकंठ सिंह मुंडा का नाम नहीं है।

### सीएम ने अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# सहायक आचार्य भर्ती परिणाम जारी करने के लिए एससी जाएगी सरकार : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी।

इस बैठक में मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह शामिल रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने जेएसएससी के अध्यक्ष और शिक्षा सचिव से सहायक आचार्य के 26 हजार पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित पूरी जानकारी ली। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर सिर्फ रोक लगाई है। परीक्षा के आयोजन पर किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

#### समय पर होंगी सभी प्रतियोगी परीक्षाएं

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के प्रशांत कुमार ने बैठक में कहा कि विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाएं अपने पूर्व -निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी। ऐसे में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के बीच किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि आयोग पूर्व में ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन की तिथियां घोषित कर चुका है। ऐसे में पूर्व -निर्धारित तारीखों के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित तैयारियां पूरी की जा रही है ।


# मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून का हार्ट अटैक से निधन, सीएम ने जताया शोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास कार्य मंत्री इरफान अंसारी की मां मुस्तरी खातून (80) का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। मुस्तरी खातून के पति फुरकान अंसारी भी सांसद हैं। मुस्तरी खातून की तबियत बीती रात करीब 2:30 बजे अचानक खराब हो गयी थी। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उन्हें अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की माता एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की धर्मपत्नी मुस्तरी खातून के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के आवास पहुंचकर दिवंगत मुस्तरी खातून के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

# बिजली पोल से टकराई कांवड़ियों की गाड़ी, पांच की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत टमटम टोला के पास आज तड़के देवघर से लौट रहे कांवड़ तीर्थयात्रियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान करंट लगने से पांच शिवभक्तों की मौत हो गई। इनमें दो महिला, दो किशोरी और गाड़ी चालक शामिल है। हादसे में पांच कांवड़िये झुलस गए हैं। डीएसपी आशुतोष सत्यम ने इस हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान रंगीली कुमारी (14), अंजली कुमारी (15), सविता देवी (30), शांति देवी (60) और चालक दिलीप उरांव (25) के रूप में हुई है। झुलसने वालों में हनेश यादव, चरकु यादव, हरिनंदन यादव, परमेश्वर यादव और रीना कुमारी शामिल हैं। हनेश यादव और चरकु यादव को यहां से गंभीर हालत में रिम्स रेफर किया गया है। सभी पीड़ित बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयातांड तथा आसपास के गांवों के रहने वाले हैं।

### कांवड़ियों वाली बोलेरो पेड़ से टकरायी, चालक की मौत, तीन गंभीर

**कोडरमा :** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत मारुति चौक के पास गुरुवार की सुबह कांवड़ियों वाली बोलेरो के पेड़ में टक्कर मारने से एक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान चंदन कुमार कसेरा (35) बताया गया। घायलों की पहचान विजय कुमार (30), संयोग पांडेय (37) और आकाश मेहता (40) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार बोलेरो में चार लोग सवार होकर देवघर से पूजा करके अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे। इसी दौरान नवलशाही थाना क्षेत्र के मारुति चौक के पास सुबह लगभग 5 बजे जानवर बचाने के चक्कर में बोलेरो एक पेड़ में जाकर टकरा गई जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई।

# वायनाड लैंडस्लाइड : राहुल और प्रियंका ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, पीड़ितों को मदद का दिया भरोसा

एजेंसी

**वायनाड :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को केरल के वायनाड पहुंचे, जहां हाल ही में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुआ था। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। राहुल गांधी ने कहा कि मैं वायनाड के लोगों के साथ खड़ा हूं और उनकी हरसंभव मदद के लिए तैयार हूं। वहीं, प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ितों की हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के दौरे से वायनाड के लोगों में उम्मीद जगी है कि उन्हें मदद मिलेगी। बता दें कि केरल के वायनाड में मंगलवार को भूस्खलन की घटना सामने आई थी। इस घटना में अब तक करीब दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग अभी भी लापता हैं। इस घटना में चार गांव पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। भूस्खलन के कारण कई घर और सड़कें ध्वस्त हो गईं, जिससे लोगों को निकालना मुश्किल हो गया है। बचाव कार्य जारी है, लेकिन भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यह कार्य प्रभावित हो रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन में मरने वालों के लिए दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद कर रही है। भूस्खलन से प्रभावित लोगों को आश्रय, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

वायनाड के जिला कलेक्टर ने कहा कि भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में सेना और एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। भूस्खलन के कारण कई सड़कें और पुल ध्वस्त हो गए हैं, जिससे बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है।

### सेना ने रातों-रात बनाया 100 फीट लंबा पुल



**वायनाड :** वायनाड भूस्खलन के तीसरे दिन गुरुवार को प्रभावित लोगों को सुरक्षित बचाने के लिए सेना ने रातों-रात 100 फीट लंबा पुल बनाकर जनता के लिए खोल दिया है। इससे बचाव कार्यों में और मदद मिलेगी और फंसे हुए लोगों को जल्दी से जल्दी निकाला जा सकेगा। इसके अलावा कई और छोटे-छोटे पुल बनाए जाने की तैयारी है। सेना ने आज सुबह तक 100 से ज्यादा शव बरामद किए हैं, जबकि मरने वालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों को हवाई मार्ग से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। पैरा रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर अर्जुन सेगन ने बताया कि आज बचाव और खोज अभियान का तीसरा दिन है। हमने रातभर में एक फुटब्रिज बनाया और हमें उम्मीद है कि हम आज दोपहर तक 24 टन वजन श्रेणी के बेली ब्रिज का काम पूरा कर लेंगे। हमारे इंजीनियर रातभर काम पर लगे रहे। हमने कल 5 अर्थ मूविंग उपकरण भेजे थे और आज भी हमने कई अर्थ मूविंग उपकरण भेजे हैं। इससे हमारा खोज अभियान बहुत आसान हो गया है। खराब मौसम, बढ़ते जलस्तर और रातभर काम करने की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद दृढ़ता और अथक परिश्रम से मद्रास इंजीनियर्स ग्रुप (एमईजी) की टीम चूरलामलाई में रातों-रात 100 फीट लंबा एक पुल बनाया और जनता के लिए खोल दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को लेकर सुनाया बड़ा फैसला, कोटे के अंदर कोटे को दी मंजूरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में 'पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2006' को बरकरार रखते हुए कहा कि नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में आरक्षण के भीतर आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) का उप-वर्गीकरण किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की संविधान पीठ ने छह-एक के बहुमत वाले अपने फैसले में पंजाब के अलावा तमिलनाडु और अन्य राज्यों में इस तरह के उप-वर्गीकरण के लिए कानून की वैधता को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने बहुमत से असहमति वाला फैसला सुनाते हुए कहा कि इस तरह का उप-वर्गीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

इस मामले में छह अलग-अलग राय दी गईं। फैसले के अंश पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य संकेत देते हैं कि अनुसूचित जाति एक समरूप वर्ग नहीं है। उन्होंने कहा कि एससी के भीतर उप वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम 2006 की वैधता से संबंधित एक मामले पर विचार करने के बाद अपना यह फैसला सुनाया। इस अधिनियम में आरक्षित श्रेणी के समुदायों का उप-वर्गीकरण करने का प्रावधान है।

संविधान पीठ ने पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2006 को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए ऐसे मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया। संविधान पीठ ने 'ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य' के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी/एसटी का उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 341 के विपरीत है।

## एक नजर

### जिला मुख्यालय में स्कार्फ दिवस का हुआ आयोजन



**हजारीबाग** : झारखंड राज्य भारत स्काउट और गाइड, के राज्य प्रशिक्षण केंद्र सह जिला मुख्यालय हजारीबाग में विश्व स्कार्फ दिवस का आयोजन एक सादे समारोह के रूप में किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय हजारीबाग के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट- गाइड ने भाग लेकर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त, विपिन कुमार, जिला मुख्य आयुक्त, राजेश्वर प्रसाद सिन्हा तथा जिला मुख्यालय आयुक्त, उज्जल आयकत को स्कार्फ प्रदान कर सम्मानित किया तत्पश्चात राज्य प्रशिक्षण आयुक्त, विपिन कुमार द्वारा इस स्कार्फ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा सभी प्रतिभागियों से अपने जीवन में स्काउट नियम तथा प्रतिज्ञा का पालन करते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संस्था के सभी पदाधिकारी का सराहनीय सहयोग रहा।

### पंचायत जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए समुचित राशि : अंबा प्रसाद

**हजारीबाग** : बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पंचायतो में समुचित विकास के लिए समुचित राशि उपलब्ध कराने की मांग विधानसभा में उठाया। विधायक अंबा प्रसाद ने इस दौरान सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि पंचायत के विकास हेतु मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों को मिलने वाली निधि से योजनाओं का क्रियान्वयन होता है वहीं पंचायतों के विकास के लिए उक्त निधि पर्याप्त नहीं होने के कारण पंचायत के वार्ड सदस्य समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि अपने क्षेत्र का समुचित विकास नहीं कर पा रहे हैं और इस कारण पंचायती व्यवस्था धरातल पर पूर्ण रूप से उतर नहीं पाई है। विधायक अंबा प्रसाद ने मांग किया कि सरकार पंचायती राज कानून के प्रावधानों को धरातल पर शीघ्र पूर्ण रूप से उतारने और पंचायत प्रतिनिधियों को विकास के लिए समुचित राशि उपलब्ध कराए।

### योग केंद्र में दूसरे दिन व्याख्यान माला में एक्यूप्रेशर पर हुई चर्चा

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविधालय के योग केंद्र में द्वितीय दिन के व्याख्यान माला में डॉ. स्नेहा भारती, सहायक प्राध्यापक, (स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालम, मेरठ, उत्तर प्रदेश) ने योग सत्र में अपने विचार को रखते हुए योग के विद्यार्थियों को एक्युप्रेशर थेरेपी एवं एक्युपंक्चर थेरेपी के द्वारा बिमारी को दूर किया कैसे जा सकता है बतलाया एवं सिखाया । डॉ. नीरज नारायण त्रषि – सहायक प्राध्यापक, (स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविधालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश) ने 21वी सदी में जो बीमारी हो रही है, वे सब स्वीप साइकिल खराब होने से है। इसको सुधार ले तो सभी मानसिक एवं शारीरिक कष्ट दूर होंगे। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च रक्तचाप मधुमेह में रोक- थाम पर चर्चा की। इन्होने श्रमण व्यायाम, आसन, को बतलाया। आसन में गोमुख आसन, उष्ट्रासन, उत्ताना मंडूकसना, चक्रासन, नाडी शुद्धि, अनुलोम-विलोम के तरीको को सिखाया। उससे योग के तीनो सत्रो के विधार्थी लाभान्वित हुए। अंतिम में योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह एवं विद्यार्थियों ने सत्यार्थ प्रकाश ने पुस्तक देकर सम्मानित किया।

# कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने दारू प्रखंड के दर्जनों गांवों का किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : कांग्रेस नेता पूर्व हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने दारू पंचायत के दर्जनों गांव का दौरा किया इस दौरान झुमरा के सभा में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार झारखंड सरकार द्वारा झारखंड वासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है जैसे अबुवा आवास 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी 200 यूनिट निःशुल्क बिजली सोना सोबरण साड़ी धोती 21 से 51 वर्ष तक के महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन 51 से लेकर जीवन पर्यंत सभी वर्ग के महिलाओं को पेंशन संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा लाखों लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर पशुधन देना, झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग जिला वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री करना, हत्यारे पूर्व डीसी सिंपसन पार्क से सिमसंन शब्द हटाना, होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना कृषकों को सब्सिडी पर विज देना झारखंड के गांव को सड़क से जोड़ना नदी तालाब बनाना इत्यादि सैकड़ो सराहनीय कार्य झारखंड सरकार द्वारा किया गया है। उपरोक्त जन कल्याणकारी योजनाओं से झारखंड वासियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है पुण; डॉ मेहता ने कहा इसी उपरोक्त कल्याणकारी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जाएगी और निश्चित तौर पर चुनाव जीतकर पुनः गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेस का भूमिका अहम होगी जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से दारू दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य सोनू साव पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवराज कुशवाहा, कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो बिके मेहता, कोऑपरेटिव जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय दास, तुलसीदास कुशवाहा, प्रो रामप्रकाश कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, रवि यादव, ईश्वर महतो, महेंद्र यादव, लियाकत अंसारी, नरेश कुशवाहा, प्रोफेसर नरेंद्र कुशवाहा, पवन कुशवाहा, रामशरण कुशवाहा, डॉ सतीश कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, डॉ भोला महतो, प्रो राम प्रकाश कुशवाहा, रॉबिन दागी, गिरधारी कुशवाहा, चंद्रदेव महतो, सरिता मेहता, प्रकाश पासवान इत्यादि सैकड़ो लोग भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए।

## पदमा कांग्रेस कार्यकारणी समिति की हुई बैठक, लिए गए कई अहम निर्णय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पदमा** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के निर्देश पर सूर्यपुरा पंचायत भवन में कांग्रेस कार्यकारिणी समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक का अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता ने किया। बैठक में विशेष रूप से विपक्ष के नेता राहुल गांधी को झारखंड आगमन को लेकर किया गया साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार द्वारा जितने भी योजनाएं चलाई जा रहे हैं। वह आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करें एवं झारखंड सरकार द्वारा लागू मईया सम्मान योजना के तहत तीन अगस्त से दस अगस्त तक प्रखंड के सभी पंचायत में शिविर लगेगा जिसको जन-जन तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, सेवादल प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ पासवान, नागेश्वर मेहता, अशोक राणा, बीरबल मेहता, सतीश कुमार, विजय, रविदास, राजकुमार, रविदास, प्रभु मेहता, रतिनाथ, अनिल कुमार, शंभू कुमार, रामस्वरूप कुमार, अनिल कुमार, उमेश रविदास आदि लोगों उपस्थित थे।

## घरेलू विवाद में ससुर की मौत, बहू और उसके मायके वालों पर लगा हत्या का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंदगी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में बीते रात्रि बुधवार को बेंदगी निवासी बद्री रविदास उम्र लगभग 50 वर्ष की मौत हो गई। जिसे लेकर मृतक बद्री रविदास की पत्नी शकुंतला देवी बरही थाना में लिखित आवेदन देकर बताई है कि वह अपने मायके गई हुई थी। उनके पति और उनकी बहु घर में अकेले थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बहु उनके पति से अक्सर लड़ाई झगड़ा करती थी। बुधवार को उनकी बहु पूनम देवी, बहु की मां चिंदवा देवी पति स्व. शंकर रविदास, बहु का भाई संजय रविदास ग्राम बरगडा थाना कटकमसांडी, बहु की मौसी मालती देवी पति स्व. संतोष रविदास ग्राम रसोईया धमना थाना बरही ने काफी बुरा तरह से मारपीट कर घायल कर दिया और घर में रखे जेवर समेत नगद रुपया देकर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर रात्रि लगभग 7:30 बजे वह अपने घर आई तो देखी की घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और उनके पति अचेत अवस्था में पड़े हुए है। आनन फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती करवाई तो चिकित्सकों ने उनके पति को मृत घोषित कर दिया। पीड़िता ने आरोपित सभी लोगो पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार स्वयं अस्पताल पहुंचकर घटना की सारी जानकारी प्राप्त किया। सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम हुआ। घटना की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश साव, पूर्व जीप सदस्य संतोष रविदास सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त किया। इधर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी अल्पकालिक एवं मध्यम अवधि की सावधि जमा दरें बढ़ाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : भारत में अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ इंडिया ने 180 दिनों से लेकर 1 वर्ष से कम अवधि की अपनी अल्पावधि और मध्यम अवधि की सावधि जमा पर ब्याज दरों में आकर्षक वृद्धि की है तथा सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए गैर-प्रतिदेय जमा के तहत 666 दिनों की सावधि जमा पर8.10% प्रति वर्ष की उच्चतम दर की पेशकश जारी रखी है। बैंक ने 3.00 करोड़ रुपये से कम राशि की सावधि जमा के लिए अपनी दर बढ़ा दी है और अब 180 दिनों से 1 वर्ष से कम के लिए 6.00% की पेशकश कर रहा है। इसके अलावा, बैंक ने रु. 3.00 करोड़ से अधिक और रु. 10.00 करोड़ से कम की राशि की सावधि जमा के लिए अपनी ब्याज दरों को बढ़ाया है जो अब 180 दिनों से 210 दिनों के लिए 6.50% तथा 211 दिनों से 1 वर्ष से कम के लिए 6.75% की पेशकश कर रहा है। बैंक द्वारा 3.00 करोड़ रुपये से कम राशि की सावधि जमा पर अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.65% की अतिरिक्त ब्याज दर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50% की अतिरिक्त ब्याज दर भी प्रदान कर रहा है और यह 6 महीने और उससे अधिक की परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमा के लिए लागू है। बैंक ने अपनी 666 दिन की सावधि जमा जिस पर बैंक द्वारा 7.30% की सर्वोत्तम ब्याज दर सभी ग्राहकों और आम जनता को प्रदान की जा रही है। 666 दिन की सावधि जमा पर अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.95% सालाना एवं वरिष्ठ नागरिकों को 7.80% तक का ब्याज मिलेगा। सावधि जमा पर ऋण और समयपूर्व निकासी की सुविधा भी उपलब्ध है। ग्राहक एवं जनमानस, बैंक ऑफ इंडिया में सावधि जमा खोलने के लिए किसी भी बैंक ऑफ इंडिया शाखा में सम्पर्क करें या बीओआई ओमनी नियो ऐप/इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग कर सकते हैं। संशोधित दरें 1 अगस्त, 2024 से प्रभावी हैं।

## सीईओ ने हजारीबाग के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा हजारीबाग के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत आज के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान वें इचाक प्रखंड के सुदूरवर्ती बभनी, देवकुली, दाड़ीघाघर एवं नगर निगम के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्य रूप से मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपन एवं नए योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। निरीक्षण कार्यक्रम के बाद वें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं सभी एआरओ,एईआरओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024के तहत हाउस टू हाउस सर्वे कार्यक्रम को गंभीरता से करने एवं बारीकी से कार्यों की निगरानी करने का निर्देश दिया। बीएलओ तथा सुपरवाइजर के द्वारा संपादित कार्यों को पुनः जांच कर संतुष्ट हो लेने को कहा ताकि किसी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। उन्होंने एएसडी सूची को अद्यतन करने का स्पष्ट निर्देश दिया। छूटे हुए मतदाताओ के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को अत्यंत गंभीरता से लेने को कहा। कम वोटिंग वाले मतदान केंद्रों की भी समीक्षा कर संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता सूची को दुरूस्त करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने, आगामी 03 एवं 04 अगस्त को आयोजित होने वाले विशेष शिविर, हाउस टू हाउस सर्वे के दौरान स्टीकर चिपकाने को लेकर समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# हजारीबाग में कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कृष्ण बल्लभ आश्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता और मंच संचालन महानगर उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, और धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने की । इस बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और नगर प्रभारी अशोक देव,निसार खान, बाबर अंसारी, बिनोद सिंह,सजिद हुसैन, मिथलेश दुबे, रेणु कुमारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा की अगस्त और सितंबर महीने में सभी सभी वार्डों और बूथों की कमेटी का नए सिरे से बैठक की जाएगी। बैठक में चर्चा की गई कि लोकसभा चुनाव में हुई कमियों को दूर करते हुए पार्टी पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ेगी और पार्टी के एक एक कार्यकर्ता अभी से ही चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। हमारी गठबंधन सरकार के द्वारा ' मइयां सम्मान योजना ' के कार्यान्वयन हेतु आगामी 03 अगस्त से 10 अगस्त तक सरकार के द्वारा चयनित भवनों में कैम्प लगाकर विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। इस योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम आयु की बहनों को प्रति माह 1000/- रु सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। अतः आग्रह है कि अहर्ता रखनेवाले सभी बहनों को गठबंधन सरकार के इस योजना का लाभ मिले इसके लिए कमिटी के पदाधिकारियों जिम्मेदारी है कि अंतिम महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि किसी पार्टी की ताकत उसके संगठन और कार्यकताओं में ही निहित है और कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है। जहां समर्पित भाव से सभी कार्यकर्ता आज भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही हजारीबाग प्रमंडलों में कांग्रेस की ओर से जन संवाद यात्रा शुरू की जाएगी। जिसके तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे और उनसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर नगर प्रभारी अशोक देव ने कहा इस यात्रा के दौरान कांग्रेस का मुख्य जोर समाज के सभी वर्गों से कांग्रेस को जोड़ने पर है। पूरे देश के समान ही हजारीबाग में भी कांग्रेस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़ा है और पार्टी लगातार जनमुद्दों पर लोगों के साथ संघर्ष कर रही है, उनसे जुड़ रही है। इस अवसर पर नगर प्रभारी निसार खान ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी से प्रेरणा लेकर पार्टी का एक एक कार्यकर्ता, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों व श्रमिकों से जुड़कर उनकी बातों को सुनने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर नगर प्रभारी बाबर अंसारी झूठे वायदों की जगह कांग्रेस केवल जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करती है। इसलिए कांग्रेस इस बार के विधानसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करेगी। हम सभी आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रघु जायसवाल, सलीम रजा, तारिक रजा, डॉ भैया असीम, मुनेश्वर चौधरी, मोहन गुप्ता, बबलू सिंह, मनोज सिन्हा, मनीषा टोप्पो, सुशील बोराई, सीताराम यादव, नन्हे, मो मोजिब, रत्नेश सिंह, गणेश रजक, मो जावेद, मो कमरुद्दीन, मो खालिद, दिलीप रवि, विजय सिंह, सदरुल होददा, अजित गुप्ता, मो जावेद, दिनेश मेहता, नारायण साव, अशोक कुमार, मो मुस्ताक, मो शाहिद, अभय यादव, देवनाथ प्रसाद मेहता, प्रदीप यादव, गोपाल कृष्ण मिश्रा, आदि नगर के कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अदाणी फॉउंडेशन ने मनाया सावन महोत्सव, ग्रामीणों को दिए मॉनसून किट




**हजारीबाग** : गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव स्थित कार्यालय में स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोंदुलपुरा, गाली और बलोदर आदि गांवों की करीब सौ से अधिक स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) टीम ने पिछले कुछ वर्षों में चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महिलाओं से रायशुमारी की। साथ ही ग्रामीणों और महिलाओं से सुझाव भी मांगे गए, जिसके आधार पर भविष्य के कार्यक्रमों को और भी उपयोगी बनाया जा सके। महोत्सव में महिलाओं ने स्थानीय लोक गीतों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया, जिससे एक जीवंत माहौल बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने सभी महिला प्रतिभागियों को रेनकोट, छाते और स्वच्छता उत्पादों जैसी आवश्यक वस्तुओं वाला मानसून किट वितरित किया। इस अवसर पर मुखिया, उपमुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, वन समिति अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परियोजना प्रमुख संजय कुमार, डीजीएम (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सीएसआर प्रबन्धक मोहित कुमार, शरद मिश्रा, तारकेश्वर कुमार आदि की मौजूदगी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### अंबा प्रसाद ने 2013 कानून के तहत विस्थापन संबंधित लाभ देने की विस में मांग की



**हजारीबाग** : बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा मानसून सत्र के दौरान विस्थापन संबंधित लाभ भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 कानून के तहत प्रदान करने की मांग की। विधायक ने इस दौरान सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा सदन में घोषणा किया गया था कि एलए एक्ट और कोल बैरिंग एक्ट अब नहीं चलेगी अब 2013 कानून के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा विधायक ने कहा कि यह विधानसभा का अंतिम सत्र है इसलिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अंतर्गत जमीन का मुआवजा तय किया जाए और पकरी बरवाडीह परियोजना के आलोक में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 293 दिनांक 22.7.2020 के द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आलोक में 2013 कानून लागू करने की अनुशंसा को धरातल पर उतारा जाए।

### शेफाली गुप्ता ने सभी पंचायतों की फुटबॉल टीम को तैयारी के लिए भेंट किया फुटबॉल



**हजारीबाग** : सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी एवं कटकमदाग प्रखण्ड के सभी पंचायतों के फुटबॉल टीम को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने फुटबॉल प्रैक्टिस के लिए एक-एक फुटबॉल भेंट किया। 04 अगस्त से खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टुर्नामेंट में फुटबॉल टीम की तैयारी को लेकर सभी पंचायत की टीमों को एक-एक फुटबॉल उपहार स्वरूप में दिया गया। इस दौरान कटकमसांडी एवं कटकमदाग क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर जनसमस्याओं से भी अवगत हुई तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि पढाई के साथ- साथ खेल भी बहुत जरूरी है। इससे मानसिक संतुलन तथा शरीर भी स्वस्थ रहता है। 04 अगस्त से सदर विधानसभा क्षेत्र में खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टुनार्मेंट को खिलाडियों में गजब का उत्साह दिख रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर टुर्नामेंट से पूर्व एक- एक फुटबॉल सभी टीमों को भेंट किया है। ग्रामीण खिलाडियों को उत्थान कर उच्च ओहदे तक पहुंचाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभा का उजागर नहीं होने से कई खिलाड़ी दबकर अपनी समर्थकता को खो देते हैं। उनकी प्रतिभा को टुनार्मेंट के माध्यम से उजागर कर मुकाम तक पहुंचाना है। युवाओं में शिक्षा एवं रोजगार पर भी आगे ध्यान केंद्रित करूंगी। मौके पर विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मीकि, रानी शुक्ला, रोमी मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद अकबर, खुटरा मुखिया मोहम्मद अनराउल हक, गदोखर मुखिया नारायण साव, कंचनपुर मुखिया पिंकी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, लुपुंग मुखिया दिलीप कुमार पासवान, साहिल कुमार एवं आजाद कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

### हिन्दू धर्म की रक्षा करना प्रत्येक हिन्दू का पहला कर्तव्य है : श्रद्धानंद सिंह



**हजारीबाग** : हजारीबाग के संघ से जुड़े सह समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने गुरूवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का तुफानी दौरा किया। क्षेत्र के सुदूरवर्ती आराभूसाई पंचायत आराभूसाई चौक पर प्राचीन देवी मंडप प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 देवी मंडप यज्ञ के समापन के अवसर पर शामिल हुए और देवी मंडप के पिंड में माथा टेका और आशिर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना देवी मां से किया। यहां 26 जुलाई से यज्ञ का शुरूआत हुआ और कथा- प्रवचन, भंडारा, जागरण सहित कई धार्मिक अनुष्ठान के साथ 01 अगस्त को हवन संग पूणाहुति हुआ। यहां पहुंचने पर स्थानीय मुखिया आदित्य दांगी सहित यज्ञ समिति के लोगों और संपूर्ण ग्रामीण महिला- पुरुषों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की हिन्दू धर्म की रक्षा करना, प्रत्येक हिन्दू का पहला कर्तव्य है और इस कर्तव्य को बखूबी निभाने के लिए आराभूसाई के ग्राम वासियों का आभार। श्रद्धानंद सिंह ने कहा की सनातन वैदिक धर्म है और विपरीत परिस्थिति में भी सनातन धर्म की रक्षा के लिए कइयों ने अपनी बलिदानी दे दी और धर्म की मयार्दा को बरकरार रखने में हमारी माता बहनों का विशेष योगदान है। ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंडप और घर आंगन में तुलसी पिंडा स्थापित कर अपने धर्म और संस्कृति को जीवंत रखा। बीते दिनों आराभुसाई पंचायत के ग्राम डोडवा निवासी वनवासी कल्याण केन्द्र से जुड़े संदीप मुंडा के बड़े भाई मोची राय मुंडा का आकास्मिक निधन विषधर सर्पदंश से होने की सूचना पर उनके शोकाकुल परिवारजनों से मिलने उनके घर श्रद्धानंद सिंह पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी प्राप्त करने के साथ मृतक व्यक्ति के पुत्र, पत्नी सहित अन्य परिजनों से मिलकर हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया और सभी का हिम्मत बढ़ाया।

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

**आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी**

- 2019 से अब तक 10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज
- अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि,पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3816 गांव में 3900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।



**वनोत्पाद से मिल रहा लाभ**

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 3.0 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधिय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30/ हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

**तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं**

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, पांच को फैसला

**रांची :** रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने संत जेवियर कॉलेज की छात्रा को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पांच साल तक लगातार जबरन दुष्कर्म करने के मामले में बक्सर निवासी वरुण सिंह को गुरुवार को दोषी करार दिया है। आरोपित जमानत पर चल रहा था। अदालत ने उसकी जमानत रद्द करते हुए जेल भेज दिया है। साथ ही अदालत ने सजा पर फैसला पांच अगस्त को सुनाएगी। अभियुक्त बहुत ही शातिर है। घटना को लेकर पीड़िता ने लालपुर थाना में सितंबर 2017 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपित ने पहले छात्रा से साल 2011 में दोस्ती की। इसके बाद सर्जना चौक स्थित हेस्टी टेस्टी रेस्टोरेंट में ले गया। वहां से उसे पहली बार उसने संत अन्ना स्कूल, रांची की गली में स्थित शांति एन्क्लेव में पहली मंजिल पर अपने किराए के फ्लैट में ले गया था और वही कोल्ड ड्रिंग पिलाया और घटना का अंजाम दिया था। अदालत ने दुष्कर्म के साथ आईटी एक्ट के तहत भी दोषी पाया है। कारण अभियुक्त ने फर्जी आईडी बनाकर पीड़िता के रिश्तेदार को व्हाट्सएप भेजने की धमकी दिया था।

### हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**रांची :** लापुंग थाना पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सादिक अंसारी, सोनू अंसारी, केताबुल अंसारी, सूरज मिंज, प्रिंस अभिजीत शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा, चार मोबाईल, एक तार कटर, एक बोलेरो वाहन और एक ओमनी वाहन बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ओमनी गाड़ी पर सवार होकर पांच लोग बेड़ो की तरफ से लापुंग की तरफ जाने वाले है, जिनके पास अवैध हथियार है। वह किसी अपराध को अंजाम देने वाले है। सूचना के बाद लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव और थाना सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक टीम का गठन किया गया। साथ ही टीम को वाहन चेकिंग करने के लिए आदेश दिया गया । टीम ने लापुंग के ककरिया के सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र पास एन्टी क्राईम चेकिंग शुरू की। इसी क्रम में एक ओमनी और बोलेरो पिकअप वाहन आते दिखाई दिया, जिसे रूकने का ईशारा किये जाने पर एक व्यक्ति उत्तर कर भागने में सफल रहा, लेकिन दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर पांच लोग बैठे थे। जांच करने पर इनके पास से हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गये अपराधियों ने बताया कि पूर्व में उनलोगों ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

### कृषि आंकड़ों का एकत्रीकरण पूरी गुणवत्ता के साथ हो : डॉ एससी दुबे

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा ही कि कृषि सम्बन्धी आंकड़ों का एकत्रीकरण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित मानकों और प्रारूप के अनुरूप करना चाहिए क्योंकि इन्हीं प्राथमिक आंकड़ों के आधार पर देश की योजनाओं का निर्माण तथा फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित होता है। डॉ दुबे वृहस्पतिवार को बीएयू में भारत की प्रमुख फसलों की उत्पादन लागत के अध्ययन सम्बन्धी व्यापक योजना के क्षेत्र अन्वेषकों के प्रशिक्षण सह कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डेटा संग्रहण की तकनीकी मोनिटरिंग का कार्य सम्बंधित लोगों को पूरी गंभीरता से करना चाहिए कइस योजना के तहत देश में कुल 25 फसलों तथा झारखण्ड में 11 फसलों का डेटा संग्रह किया जा रहा है ।

# हंगामा व विधायकों के निलंबन के बीच सदन की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन सदन में भाजपा के विधायकों के हंगामा के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा करने वाले भाजपा के 18 विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया था। गुरुवार को विधानसभा के सदन की कार्यवाही शुरूहोने से पहले ही भाजपा विधायक वेल में बैठे गये और नारेबाजी करने लगे। वेल में बैठे भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष हाजिर हों का भी नारा लगाया। इसके बाद 11 बजकर 15 मिनट पर विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्रवाई शुरू की। सदन की



कार्रवाई शुरू होते ही झामुमो विधायक सुधीर कुमार सोनू ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने सदन को हाईजैक कर लिया है। इन पर न्याय संगत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने विधायकों का नाम भी पढ़े। इसी बात को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामा होने लगा। सदन में हंगामा करने वाले विधायक मुख्यमंत्री से जवाब देने की बात पर अड़े गए। इस पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने ये कार्रवाई विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर की। स्पीकर ने नियमावली 299 और 310 का जिक्र करते हुए कहा कि मैं इसके लिए निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूं और ये हमारा विशेषाधिकार हैं, जिसके बाद उन्होंने विपक्ष के 18 विधायकों को निलंबित करने का फैसला सुनाया। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# सचिवालय घेराव मामला : हाई कोर्ट से बाबूलाल और अर्जुन मुंडा को मिली राहत बरकरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मिली राहत फिलहाल बरकरार रहेगी। गुरुवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा और आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाने में केस दर्ज किया गया है, जिसकी अपराध संख्या 107/2023 है। आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट में हुई। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की।

# तीन से छह महीने में हो रही मीटर रीडिंग न फ्री बिजली और न मिल रही सब्सिडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर अधिकांश इलाकों में लगा दिया गया है। इसके साथ ही लोगों को पांच छह महीने तक बिजली बिल नहीं मिल रहा है। आने वाले दिनों में स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करने लगेगा। फिलहाल स्मार्ट मीटर के लिये मैनुअल मीटर रीडिंग की जरूरत है। जो अधिकांश इलाकों में नहीं हो रही है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। लंबे समय तक बिजली बिल नहीं मिलने से लोगों को सब्सिडी का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां तक की सरकार की ओर से मिलने वाली फ्री बिजली पर भी लोगों को संशय है। चार पांच महीने में एक बार मीटर रीडिंग होने से उपभोक्ताओं को एक बार में तीन महोने का बिल पेमेंट करने का बोझ पड़ रहा है। वहीं, उपभोक्ताओं को सब्सिडी का भी नुकसान भी हो रहा है। क्योंकि एक जुलाई से 200 यूनिट बिजली फ्री है। जुलाई के पहले 125 यूनिट बिजली फ्री थी। वहीं, 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 1.65 रुपए की सब्सिडी मिलती है। हर महीने रोडिंग होने से वैसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग 200 युनिट के अंदर रही है, उन्हें मुफ्त बिजली मिलती है। लेकिन तीन महीने में एक बार रीडिंग होने से ऐसे उपभोक्ता मुफ्त बिजली से वंचित हो जा रहे हैं। यही हाल सब्सिडी का है। एक बार में तीन महीने का बिल आने पर जो सब्सिडी उपभोक्ताओं को मिलनी चाहिए, नहीं मिल पा रही है। रांची में कोकर, लालपुर, हेसाग, हेहल, मधुकम सहित कई ऐसे क्षेत्र है जहां मीटर रीडिंग समय पर नहीं हो रही है। जबकि जेबीवीएनएल का दावा है कि समय पर सभी इलाकों में मीटर रीडिंग करने का निर्देश कर्मचारियों को दिया गया है। ऐसे उपभोक्ता जिन्हें हर महीने बिल नहीं मिल रहा है, उन्हें भी सब्सिडी और मुफ्त बिजली (जून तक 125 यूनिट) का लाभ मिल रहा है।

# स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए निकलेगी कांवड यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त करने एवं सरकार का इस ओर ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा आगामी 18 अगस्त, रविवार को एक कांवर यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी स्थित रानीचुआं से निकलकर चुटिया स्थित प्राचीन इक्कीसों महादेव में संपन्न होगी। करीब 25 किलोमीटर की इस कांवर यात्रा में 1000 से अधिक कांवरिये रानीचुआं से जल उठाकर पैदल इक्कीसो महादेव में आकर नागवंशी कालीन शिवलिंगों में जलाभिषेक करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य तेजी से प्रदूषित हो रहे स्वर्णरेखा नदी के प्रति लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाना है। बता दें कि विगत वर्ष भी स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा कांवर यात्रा का आयोजन किया



गया था। यात्रा में कांवरिये रानीचुआं से जल उठाकर प्रातः 9 बजे यात्रा की शुरूआत करेंगे। यात्रा नगड़ी, कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक, अशोक नगर, क्लब रोड, सिरम टोली, चुटिया होते हुए केतारी बागान स्थित हरमू और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थित इक्कीसो महादेव तक पहुंचेगी। इस यात्रा में कांवरियों के विश्राम के लिए 4 पड़ाव पहला नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, दूसरा कटहल मोड़, तीसरा अरगोड़ा स्थित बूढा महादेव और चौथा और अंतिम पड़ाव क्लब रोड स्थित सिटी सेंटर में होगा। कांवर यात्रा में बस और एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी, जिन कांवंरियों को पैदल चलने में परेशानी होगी, उनके लिए बस की व्यवस्था भी रहेगी। यात्रा के दौरान किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता के लिए पारा मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस भी उपलब्ध रहेगी। यात्रा के दौरान डॉ सुमन दुबे के नेतृत्व में माँ फाउंडेशन की टीम कांवरियों के लिए विश्राम और चिकित्सा की व्यवस्था करेगी।

# दो तिहाई पद खाली रहेंगे तो राज्य के लोगों को कैसे मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : झारखंड हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग में दो तिहाई पद रिक्त रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं में स्वीकृत पद के मुकाबले दो तिहाई पद खाली है, ऐसे में तो झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं कैसे बेहतर होंगी? प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, जिला अस्पतालों में ना तो मेडिकल इक्विपमेंट है और न हीं उसको चलाने वाले तकनीकी कर्मी। केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भेजे गए 256 करोड़ सरेंडर कर दिए



गए। सभी जिलों में मेडिकल सुविधा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से तीन-चार माह पूर्व एक-एक करोड़ रुपये दिए गए हैं लेकिन उसका क्या हुआ, वह पता नहीं चल सका है। जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और जिला अस्पतालों के भवनों की मरम्मत और आधारभूत संरचना दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने 112 करोड़ दिए हैं लेकिन स्थितियां वहीं की वहीं है। नतीजा झारखंड में मशरूम की तरह उग आए निजी अस्पताल और क्लिनिक झारखंड की गरीब जनता का शोषण कर रहे हैं। राज्य सरकार को झारखंड में मेडिकल सुविधा बेहतर बनाने के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है, स्वीकृत पद के मुकाबले जितनी भी रिक्तियां हैं, उसे अविलंब भरना भी जरूरी है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने, मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने और रिक्तियों को भरने आदि के संबंध में शपथ पत्र दाखिल करना करने का निर्देश दिया। गुरुवार को झारखंड में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार के जवाब पर कोर्ट ने असंतोष जताया। कोर्ट ने कहा कि झारखंड वेलफेयर स्टेट है, यहां की गरीब जनता स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेले, यह उचित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ सब सेंटर और कम्युनिटीज हेल्थ सेंटर आदि को बेहतर किया जाना जरूरी है। अभी बरसात का समय है, सांप काटने की दवा झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहे, यह सरकार सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष ने डीजीपी से की मुलाकात



**रांची :** कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने राज्य में महिला सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरुवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। गुंजन सिंह ने डीजीपी से मुलाकात के दौरान राज्य में महिलाओं में भय का मुक्त वातावरण कायम कर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने और थानों में वर्षों से पेंडिंग पडे महिलाओं से संबंधित मुकदमों पर तेजी से कारवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, सुन्दरी तिर्की मौजूद थी।

### हाई कोर्ट से बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को बड़ी राहत, देवघर एसडीओ का आदेश रद

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गई संपत्ति का कब्जा जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने के विरोध में दायर याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट की याचिका को स्वीकृत कर लिया। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गई संपत्ति का कब्जा अब पूरी तरह बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट मिल गया है। हाई कोर्ट उस संपत्ति को अटैच करने संबंधी एसडीओ के आदेश को निरस्त कर दिया। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति को बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने नीलामी में दिसंबर 2023 में करीब 60 करोड़ में खरीदा था। इस वर्ष जनवरी माह में उसे सेल सर्टिफिकेट भी मिल गया था और संपत्ति का कब्जा भी बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया गया था। लेकिन परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के कर्मी द्वारा एसडीओ के समक्ष सीआरपीसी 145 के तहत प्रोसिडिंग चलाया गया। इसके बाद सीआरपीसी की धारा 146 के तहत उस संपत्ति को अटैच कर लिया गया। आदेश दिया गया कि जब तक सक्षम कोर्ट द्वारा यह डिसाइड नहीं किया जाता कि यह संपत्ति किसकी है, तब-तक के लिए इसे अटैच किया जाता है और सीओ इसका ध्यान रखेंगे, उन्हें संपत्ति का रिसीवर नियुक्त किया गया था। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने इसे चुनौती देते हुए कहा था कि उन्हें रिकवरी अधिकारी के समक्ष उसे संपत्ति का कब्जा हैंड ओवर कर दिया गया था, इसलिए इसे चैलेंज नहीं किया जा सकता है।

### डीसी के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम ने रांची शहरी क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों का किया निरीक्षण

**रांची :** गुरुवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला स्तर पर बनायी गयी पांच टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में टीम द्वारा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में संचालन के लिए निर्धारित मानकों का गंभीरतापूर्वक निरीक्षण हुआ। इस दौरान टीम द्वारा कोचिंग संस्थान का नाम एवं पूरा पता, कोचिंग संस्थान के प्रोपराईटर का नाम एवं पता, कोचिंग संस्थान में सम्बद्ध संकाय, नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या, शुल्क/भुगतान की स्थिति, श्रम मानकों का पालन, समुचित उपस्कर, पर्याप्त प्रकाशीय व्यवस्था, पेयजल/शौचालय की व्यवस्था, आधारभूत संरचना की स्थिति, अग्निशमन, आकस्मिक चिकित्सा, पार्किंग, भवन की स्थिति, भवन एवं बेसमेंट/सुरक्षा मानक की स्थिति, प्रवेश/निकास द्वार की संख्या, आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु कार्य योजना आदि की जांच की गयी। अब इन सभी टीमों के पदाधिकारियों को वांछित बिन्दुओं पर विस्तृत जाँच प्रतिवेदन एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### 10 अगस्त तक उठा सकते हैं पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ

**रांची :** रांची के इच्छुक उद्यमी 10 अगस्त तक पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए राज्य में 10 जुलाई से जिलेवार और प्रखंडवार कैम्प लगाया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र, रांची के जीएम के मुताबिक रांची जिले के अलग-अलग प्रखंडों में 10 अगस्त तक कैम्प लगाया जा रहा है। इसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र, रजिस्ट्रेशन, सबमिशन और सैंक्शन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे उद्यमी जो खाद्य आधारित सूक्ष्म उद्योग लगाना चाहते हैं, इस अभियान अभियान का लाभ उठा सकते हैं। 2 अगस्त को ईटकी और बेड़ो ब्लॉक कैंपस में 11 बजे से कैंप लगेगा। इसी तरह 3 अगस्त को नामकुम, कांके, बुंडू, तमाड, ओरमांझी, सिल्ली और मांडर ब्लॉक ऑफिस कैंपस में कैम्प लगना है। 5 अगस्त को चान्हो, 6 अगस्त को बुढमू, 7 अगस्त को राहे, 8 अगस्त को खलारी और राहे ब्लॉक कैम्पस, 10 अगस्त को सोनाहातु, नगड़ी, अनगड़ा और लापुंग ब्लॉक कैम्पस में जिला उद्योग केंद्र की ओर से कैम्प लगाया जाएगा। कैम्प से संबंधित जानकारी के लिए रांची जिला के जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विश्वासी टोपनो (संपर्क- 9065520231) से संपर्क करें।

### झारखंड में पहली बार होगा मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता, एंजेल भी होंगी जूरी मेंबर



**रांची :** झारखंड में मिस यूनिवर्स इंडिया (झारखंड) का आयोजन होने वाला है। इस कार्यक्रम का आयोजन 2 और 3 अगस्त 2024 को पतरातू रिसोर्ट में किया जा रहा। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में इस तरह का बड़ा आयोजन पहली बार होने जा रहा है। प्राकृत सौंदर्य के साथ-साथ झारखंड की लड़कियां भी अब अपना जलवा ब्यूटी पेजेंट कार्यक्रम में दिखाएंगी। 19 सेलेक्ट लकड़ियों में से किसी एक को मिस यूनिवर्स झारखंड चुना जाएगा। जो राज्य और देश मे अपना परचम लहराएगी। मिस यूनिवर्स झारखंड के चयन के लिए दिल्ली से आने वाले जूरी पैनल के साथ झारखंड की बेटी और यूथ आइकन एंजेल मरिना तिर्की भी जूरी होंगी। झारखंड की विजेता नई दिल्ली में होने वाले मिस यूनिवर्स इंडिया में हमारे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। अभी तक भारत को 3 बार मिस यूनिवर्स का ताज मिला है 2021 में हरनाज कौर संधू , 2000 में लारा दत्ता और 1994 में सुष्मिता सेन। मिस यूनिवर्स झारखंड का आयोजन बेडएक्स कॉरपोरेट इवेंट मैनेजमेंट द्वारा किया जा रहा है। टीम के सदस्य अर्पित कुमार, श्रेयांश जैन और हर्ष गखर ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए इस कार्यक्रम को झारखंड में आयोजित किया है । तान्या शर्मा ऑफिशियल मेंटर हैं। इस कार्यक्रम की मेजबानी अपने आप में एक बड़ा अवसर है और साथ ही हमारे झारखंड के पर्यटन, कला और संस्कृति, हस्तशिल्प और पतरातू झील के सुंदर दृश्य को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रतियोगिता में मिस यूनिवर्स के राष्ट्रीय निदेशक निखिल आनंद भी पहुंच रहे हैं।

## एक नजर

### पिस्टल की नोक पर जोगता से 90 हजार की छिनतई




**कतरास (धनबाद) :** जोगता थाना के देर शाम बाइक सवार अपराधियो ने नया मोड़ बेलदारिया बस्ती के समीप बंदूक की नोक पर 90 हजार रुपये, मोबाइल एवं बाइक की लूट कर भागने में सफल रहा। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जोगता थाना क्षेत्र के नया मोड़ के समीप 3 बाइक सवार अपराधियों ने कृषि बाजार धनबाद के सूरज साव के कर्मचारी श्रवण कुमार से रिवाल्वर की नोक पर लगभग 90000 रुपया, बाइक और मोबाइल की लुट कर भाग गया।

### आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल में फर्स्ट एड पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**धनबाद :** आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल में आज यहाँ फर्स्ट एड पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ अरुण गुजराल ने विभिन्न परिस्थितियों पर फर्स्ट एड कैसे करें, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने फर्स्ट एड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी दुर्घटना होने पर अस्पताल तक पहुंचने से पहले अगर यथोचित सहायता फर्स्ट एड के रूप में मिल जाय तो हम संबंधित व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में हम मरीज की जान नहीं बचा पाते लेकिन अगर थोड़ी सी जानकारी और यथासमय कुछ उपाय कर लिए जाएं तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कटने फटने पर,गले मे तकलीफ होने पर,चक्कर आने पर,करंट लगने पर तथा अन्य कई परिस्थितियों के बारे में क्या करना चाहिए पर विस्तृत जानकारी दी।

### सिटी सेंटर स्थित बिल्डिंग के एसी में लगी आग



**बोकारो :** आग आईसीआईसीआई बैंक के ऊपरी तल्ले के एसी में लगी थी। सुरक्षा गार्ड ने आग पर पाया काबू। मौके पर एक दमकल की गाड़ी पहुंची।
बताते चले की बोकारो के सेक्टर 4 सिटी सेंटर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के ऊपरी तल्ले के बाहर में लगे एसी के पंखे में अचानक धुआं उठने के साथ आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर सुरक्षा गार्ड को जानकारी मिलते ही बैंक में लगे फायर अग्नि शमक से आग बुझाने का काम किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी फोन किया गया जो आधे घंटे के बाद मौके पर पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। बैंक के गार्ड ने कहा की अत्यधिक गर्म होने की वजह से शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी होगी।

### सीआईएसएफ बोकारो डीआईजी ने मियावाकी वन में किया पौधरोपन

**बोकारो :** केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल के बोकारो इकाई परिसर में 1250 पौधों से मियावाकी वन की स्थापना एवं उद्घाटन का आयोजन किया गया। मियावाकी वन स्थापन एवं उद्घाटन सीआईएसएफ बोकारो इकाई प्रमुख/डीआईजी दिग्विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। डीआईजी श्री सिंह ने कहा कि बोकारो क्षेत्र में संभवतः मियावाकी वन लगाने का यह पहला पहल है, जो कि उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय है। समान्य पेड़ों को जहां 12-16 फिट ऊचाई लेने के लिए 8-10 साल लगता है. वहीं, मियावाकी पद्धति से लगायें जाने वाले वनों के पौधे उस ऊचाई को केवल 2 साल में प्राप्त कर लेता है। यह भी उल्लेखनिय है कि इसमें वैसे नरियल को प्रयोग किया जाता है।

# ईएसएल स्टील की कोशिश है कि कोई बच्चा भूखा नहीं सोए : सीईओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** वेदांता समूह की कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड, बोकारो में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र है जो हमेशा उन क्षेत्रों में समाज और समुदाय के लाभ और कल्याण के लिए अथक प्रयास करता रहेगा। सामाजिक और सामुदायिक विकास प्रयासों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के लिए हमें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी और गैर-सरकारी निकायों से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेदांता समूह की कई पहलों में से एक आंदोलन के तहत सकारात्मक पहल किया गया है। जिसमें वेदांता के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान की गई है। अनिल अग्रवाल की यह सोच कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए और उसे पौष्टिक भोजन और संपूर्ण विकास मिले इस योजना के माध्यम से साकार किया जा रहा है। आज आंदोलन निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय व अनूठा प्रतीक बन गया है। इस पहल के द्वारा कंपनी भारत के सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि वे दान देकर, स्वयंसेवा करके, साझेदारी करके, अनुभव करके या यहां तक कि और नंद घरों के बारे में प्रचार करके वेदांता की सहायता करें। ईएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारी संयंत्र के आसपास और चास, चंदनकियारी और नवाडीह के गांवों में इन नंद घरों में अपना समय स्वेच्छा से देने के अलावा उदारतापूर्वक दान भी कर रहे हैं। कर्मचारियों ने समय निकाला है और अब तक नंद घरों में बच्चों के साथ खेल खेलकर और उनके साथ मनोरंजक गतिविधियों, मोटर कौशल अभ्यास और रंग/ड्राइंग गतिविधियों में शामिल होकर खुशी फैलाने के लिए कई सत्र आयोजित किए हैं। हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे प्रयास से कोई भी बच्चा भूखा न सोए। पहल के माध्यम से हम बच्चों की मदद कर रहे हैं। इस पहल की सकारात्मक पहल हेतु हम लोगों को नंद घरों में अनुभव लेने या स्वेच्छा से समय बिताने के लिए आमंत्रित करते हैं। आज के दौरे में ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक आशीष कुमार गुप्ता, आशीष रंजन, प्रमुख, सीएसआर, ईआर एवं पीआर- रवीन्द्र कुमार धींग, प्रमुख, लॉजिस्टिक्स; एमएस- दिव्या त्रिपाठी, प्रमुख, नीति एवं व्यवसाय संवर्धन और ईएसएल स्टील लिमिटेड में सीएसआर के उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे उनके साथ प्रमुख लोग भी थे। ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे आसपास के समुदायों के लिए वेदांता ईएसएल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सर्वांगीण विकास के प्रति हमारा समर्पण हमारे परिचालन से कहीं आगे तक फैला हुआ है, जैसा कि विभिन्न सीएसआर पहलों के लिए हमारे मजबूत स्वयंसेवी कार्यक्रमों से प्रमाणित होता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से, हमारा कार्यबल समाज की बेहतरी में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त है, विशेष रूप से समुदाय में हमारे सह-निवासियों के जीवन को समृद्ध बनाने में। आज, वेदांता ईएसएल सभी के लिए अधिक समावेशी और देखभाल करने वाली दुनिया बनाने के चल रहे प्रयासों पर गर्व करता है।

## खुली खदान में डंफर पलटने से चालक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविन्दपुर फेज दो खुली खदान में कंपनी का कोयला लदा होलपेक पलटने से होलपेक चालक घायल हो गया। घटना के बाद चालक को क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक दोपहर लगभग 12 बजे कोयला लदा एक हालपेक डंफर कोयला डम्प करने के दौरान अचानक पलट गया। जिससे होलपेक चला रहे डंपर ऑपरेटर नुनुचंद महतो घायल हो गए। घायल चालक का इलाज सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में चल रहा है। वही घटना के बाद सीसीएल के अधिकारियो ने घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं घटना के पीछे कारणों की जांच की।

### एलबीएफसी बोकारो व बीटीएस थर्मल सेमीफाइनल में

**बोकारो :** श्रॉयल स्पोटिंग क्लब की ओर से 17वां डीसी मेमोरियल आमंत्रण फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन गुरूवार को किया गया। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सुंडील फुटबॉल क्लब रांची बनाम एलबीएफसी बोकारो के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया पर गोल नहीं कर पाए। मैच का फैसला टाइब्रेकर से किया गया। जिसमें एलबीएफसी बोकारो की टीम ने सुंडील फुटबॉल क्लब रांची को 4 के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर प्रतियोगिता के सेमीफाईनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच अंकित कुमार गोलकीपर एलबीएस बोकारो को दिया गया। मुख्य अतिथि राजा पांडे जदयू जिला उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्रापत किया।

## झारखंड सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** झारखंड सरकार की दमनकारी हिटलरशाही नीति के खिलाफ आज बोकारो जिला भाजपा द्वारा धर्मशाला चौक चास मे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने किया। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि 2019 में हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता से जो वादा किया उसे आज तक पूरा भी नहीं किया और नए वादों के साथ 2024 में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। झारखंड के जनता के साथ धोखा है हेमंत सोरेन ने 2019 में 5 लाख नौकरी बेरोजगार युवाओं को 5000 7000 7000 बेरोजगारी भत्ता अबुआ आवास आदि कई घोषणाएं की थी जिसे आज तक सरकार ने पूरा नहीं किया। इसके विरोध में कल झारखंड विधानसभा के अंदर में एनडीए के सभी विधायकों ने हेमंत सरकार का विरोध किया तो उन्हें निलंबित किया गया। सरकार के नीतियों के विरोध मे सभी विधायकों ने झारखंड विधानसभा परिसर के अंदर धरना दिया मगर झारखंड सरकार ने झारखंड विधानसभा की बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं काट दी गई। ऐसा लग रहा है कि यह झारखंड में। अंग्रेजों का शासन चल रहा है जहां आवाज उठाने वालों को दबाया जाता है। हम सभी ने यह संकल्प लिया आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड से इनकी सरकार उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। मौके पर दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, मुकेश राय, डॉ. परिंदा सिंह, गिरजा देवी, डा. प्रकाश सिंह, प्रकाश सिंह, आरती राणा, अनिल स्वर्णकार, गोउर रजवार, धीरज झा, इंद्र झा, महेन्द्र राय,अनिल सिंह, राकेश मधु, मथुर मंडल,मनोज सिंह, राजेश चौबे, धर्मेंद्र माहथा, हरि सिंह, पन्नालाल कांदू, टिंकू तापड़िया, राजीव चौबे, विनोद महतो, विशाल गौतम, झंटू दे, विनय आनंद, मोहन गोराई, देवंती देवी, संदीप कुंवर टुन्ना, टुल्लु सिंह, चंदन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## पिट्स मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य के दी गई विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पिट्स मॉडर्न स्कूल में आज सर्वप्रथम छात्रों द्वारा निवर्तमान प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और प्रार्थना सभा में उनका स्वागत किया गया । साथ ही, बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पिट्स मॉडर्न स्कूल के सभागार में विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य का विदाई समारोह संपन्न हुआ । आज आधिकारिक तौर पर निवर्तमान प्राचार्य श्री मनोज कुमार उपाध्याय से वर्तमान प्राचार्य श्री बृजमोहन लाल दास को प्राचार्य का कार्य-भार सौंपा गया । इस अवसर पर आई पी एल ओरिका गोमिया के महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास, विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता एवं बोर्ड के अन्य सदस्य गण शामिल हुए। निवर्तमान प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय एवं श्रीमती मंजू उपाध्याय को गुलदस्ते एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही,उनका निष्ठा , कुशल- व्यवहार, कर्तव्यपरायणता व उत्कृष्ट योगदान को हमारे लिए प्रेरणा स्रोत बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने उनके कार्यकाल के दौरान उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता जताई । निवर्तमान प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने अपनी सेवा के दौरान सहयोग एवं कुशलता पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मियों से कहा कि कार्यकाल के दौरान मधुर प्रेम एवं आत्मीयता को सदा याद रखेंगे । महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास एवं उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने श्री मनोज कुमार उपाध्याय जी का विद्यालय में उल्लेखनीय योगदान की चर्चा की एवं स्वर्णिम भविष्य की कामना भी किए ।

## ढोल बजवाकर फरार चल रहे अभियुक्त के घर सिटी पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सिटी पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर ढोल बजवाकर इस्तेहार चिपकाया। यह इश्तहार अभियुक्त बालीडीह के बियाड़ा स्थित एग्रो केमिकल के मालिक रमन श्रीवास्तव के बारी को ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित उनके आवास प्लॉट नंबर 716 मे चिपकाया गया है। मालूम हो कि सेक्टर 2 सी स्थित आवास संख्या 4-115 निवासी देवेंद्र कुमार पांडेय से अभियुक्त ने अपने खाते में 58 लाख रुपए कर्ज ले रखा था लेकिन अब उसने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया, इसके बाद सिटी थाना में देवेन्द्र कुमार पांडेय ने आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया था। सिटी पुलिस ने कांड संख्या 53/2024 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरोगा मनीष कुमार ने बताया कि बार बार नोटिस भेजा गया लेकिन आरोपी बाप बेटा हाजिर नहीं हुए, न्यायालय के आदेश के बाद इश्तहार चिपकाया गया है जिसमे तीस दिनों का समय दिया गया है, इस अवधि के भीतर यदि वे हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी संपति कुर्क की जाएगी।

## शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का डीसी ने किया निरीक्षण

▸ डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया जरूरी दिशा निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार गुरुवार को पारा शिक्षक एव गैर पारा शिक्षकों के कक्षा 01 से 05 एवं कक्षा 06 से 08 के शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एसजीएस विद्यालय एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में हुआ। काउंसलिंग कार्य का निरीक्षण उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता श्रीमती वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने निदेशालय के मार्ग-दर्शन अनुरूप शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कार्य को पूरा करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक श्री अतुल कुमार चौबे को दिया। उन्होंने द्वय पदाधिकारियों से अभ्यर्थियों की संख्या की जानकारी ली। कहा कि निदेर्शानुसार

**काउंसलिंग कार्य को आज ही पूरा करना है**

जानकारी हो कि, काउंसलिंग के लिए कक्षा 01 से 05 को लेकर पारा शिक्षक अभ्यर्थी 2520 एवं गैर पारा शिक्षक अभ्यर्थी 097 हैं। वहीं, कक्षा 06 से 08 के लिए पारा शिक्षक अभ्यर्थी कला संकाय में 551, भाषा संकाय में 118 एवं विज्ञान संकाय में 274 शामिल हैं। इसी तरह गैर पारा शिक्षक अभ्यर्थी में कला संकाय में 596, भाषा संकाय में 118 एवं विज्ञान संकाय में 331 शामिल हैं। समाचार लिखे जाने तक शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसलिंग जारी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल पुल के नीचे बनी सड़क के गड्ढे में गिरा युवक, हुआ घायल



**कतरास (धनबाद) :** बाघमारा प्रखंड कार्यालय से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित हीरक रोड बड़ा पांडेयडीह रेलवे पुल (अंडरपास) के नीचे बने सड़क के गड्ढे में सुबह एक युवक अपने बाइक से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोटे भी आई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया। दरअसल रेलवे पुल के नीचे सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जो की हल्की-फुल्की बारिश और बहते पानी से अक्सर भरे रहते हैं। बरसात होने पर पूरा सड़क जलमग्न हो जाता है। जिससे आने-जाने वाले यात्रियों को बहुत दिक्कत होता है और जाने अनजाने में गड्ढे में गिर जाते हैं। जिससे यात्रियों को चोटें भी लगती है। मामले को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के कार्यकारी अध्यक्ष विकास महतो, बाघमारा कांग्रेस के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष एवं अन्य युवकों ने उक्त हीरक रोड को घण्टो जाम कर दिया। जिससे दोनों और आने-जाने वाली गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। विकास महतो ने बताया कि उक्त सड़क बाघमारा, बेरमो और कोयलांचल को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है जो की भीमकनाली रेलवे पुल के पास सड़क में गड्ढा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।गड्ढे में जल जमाव के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं. वहीं कांग्रेस के युवा नेता अजय महतो ने बताया कि उक्त सड़क को ठीक कराए हुए 6 महीने ही बीते होंगे कि फिर से सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इस ओर ना तो स्थानीय प्रशासन का ध्यान है और ना ही जनप्रतिनिधियों बताया कि अंचल, प्रखंड एवं जिले के सभी आला अधिकारी इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। वहीं ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने सड़क की मरम्मत के लिए कई बार शिकायत किया है।

### महिला डीएवी महाविद्यालय कतरास में खुला सीएससी केंद्र



**धनबाद :** कतरास के रानी बाजार स्थित महिला डीएवी महाविद्यालय कतरास में आज सीएससी केंद्र का उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य सुषमा चतुर्वेदी ने फीता काटकर सीएससी केंद्र का उद्घाटन किया। प्रज्ञा केंद्र के संचालक राजदेव चौधरी ने बताया कि यहां पर झारखंड सरकार की सेवाएं, आधार सेवाएं, मतदाता सेवाएं, भारत बिल पेमेंट, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक सेवाएं, प्रधानमंत्री योजना से संबंधित सेवाएं, वित्तीय समावेशन सेवाएं, स्किल सेवाएं एवं अन्य सरकारी सेवाएं आदि से संबंधित ऑनलाइन कार्य किए जाएंगे।कंप्यूटर कोर्स भी कराया जाएगा। इसके अलावा पासपोर्ट बनाने की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी. छात्राओं को रेलवे, बैंकिंग, एसएससी, एनडीए, एयर फोर्स, नेवी, यूपीएससी आदि से संबंधित तैयारी भी ऑनलाइन कराई जाएगी. वहीं महाविद्यालय की प्राचार्या सुषमा चतुर्वेदी ने कहा कि महाविद्यालय में प्रज्ञा केंद्र खुलने से यहां की छात्राओं को ऑनलाइन कार्य करने के लिए अब कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी. यहां के छात्र बाजार से कम शुल्क में किसी भी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित आवेदन अथवा अन्य ऑनलाइन कार्य करा सकेंगे. मौके पर प्रोफेसर संगीता कुमारी, प्रोफेसर शोभा सिंह, प्रोफेसर के के सिंह, प्रोफेसर अमित राय, प्रेमनाथ सिंह, अर्पण एवं सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थे।

### आईजी ने महुदा थाना का किया निरीक्षण



**कतरास (धनबाद) :** कोयलांचल प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरिक्षक (आईजी) डॉ. माइकल राज एस ने बीते दिन को महुदा थाने का निरीक्षण किया। धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया।जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। पत्रकारों से बातचीत में आईजी ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उदेश्य पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाना है। थाने में जो भी कमियां हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने थानेदार को लंबित मामलों का जल्द निष्पादन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण थानों में पुलिस बल की कमी हो गई थी। कहा कि थानों में वाहनों की कमी की बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने खरखरी ओपी के जर्जर भवन का निरिक्षण कर नया भवन बनाने व वहां सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार को लिखने की बात कही। मौके पर एसएसपी एचपी जनार्दनन, प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार, अर्चना स्मृति खलको, सुनील कुमार, इंस्पेक्टर ममता कुमारी, महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार, भाटडीह ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह, सार्जेन्ट प्रमोद कुमार कमल आदि मौजूद थे।

### श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट को किया गया रवाना



**बोकारो :** श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर के लिए बी.एस.एल. के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट इस्पात संजीवनी को बी.एस.एल. के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने 01 अगस्त को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया।
इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक जॉयदीप दासगुप्ता, बी.जी.एच. के कार्यकारी प्रभारी डॉ इंद्रनील चौधरी, अन्य वरीय अधिकारी, सी.एस.आर. विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं, मरहम-पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल-बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सभागार में आज गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में 15 अगस्त 2024 को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। जहां जिलेवासी शामिल हो सकते है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों की साफ सफाई, सुसज्जिकरण, लाइटिंग सम्बन्धित कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।डीसी द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, स्टेडियम की समतलीकरण, पार्किंग, ब्रांडिंग तथा अग्निशमन दल एवं चिकित्सा दल की उपलब्धता, कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले टेंट, कुर्सियां, ध्वनि यंत्र आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर संबंधि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह में झारखंड आंदोलन कारियों को भी सम्मानित किया जाना है अतः उससे संबंधित तैयारियों के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी व कर्मी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने पूरी तैयारियों को पूर्ण करते हुए पुनः दिनांक 10 अगस्त को बैठक का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दिन संध्या काल में फुटबॉल अथवा क्रिकेट मैच के आयोजन करने की भी बात कही। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में आज गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर जिला निर्वाचन कोषांग के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी AEROs , जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी,अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने सभी अएफ्छ२ को प्रति दिन कम से कम 10 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने ग्राम सभा का आयोजन करते हुए छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रपत्र 6,7,8 की प्राप्ति में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे करने हेतु निर्देश दिया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान कार्य कर रहे सभी बीएलओ के प्राप्या राशि को अविलंब उपलध कराने को कहा गया।

## सरकारी शिक्षक पर दो अज्ञात लोगों ने किया हमला

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित पोढा टोली ग्राम निवासी सह रायडीह प्रखंड मुख्यालय के सरकारी शिक्षा मोती लाल राम ने पुलिस को बताया की। मैं रात्रि में अपने घर में सो रहा था। इसी क्रम में लगभग 8.30 बजे , दो अज्ञात लोग मेरे घर के बाउंड्री फाउंड कर। मेरे घर में प्रवेश कर किये और सोए हुए स्थिति में , मेरे सिर में तेज धारदार हथियार से वार किया, तब मैं एकाएक अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाते हुए अपने घर से बाहर निकाल और जोर-जोर से चिल्लाने लगा , तब पास पड़ोस वाले जाग गए और मुझे आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाय।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के फार्म का हुआ वितरण



**आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज**

- मतदाता पहचान पत्र
- आधार कार्ड
- राशन कार्ड
- आधार लिंक युक्त बैंक खाता
- पासपोर्ट साइज फोटो
- पात्रता संबंधित घोषणा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर मुख्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्री यादव बैठा की अध्यक्षता में सभी सेविकाओं की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का फार्म वितरण किया गया। बीडीओ यादव बैठा ने मुख्यमंत्री मईया योजना के बारे में आवश्यक जानकारी दी उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य की गरीब व मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने 1000 रूपेय की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यानी मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को राज्य सरकार 12000 रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा और राज्य मे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के लिए 1 अगस्त से ऑफलाइन आवेदन शुरू किये जा रहे है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर कैंप स्थापित किए जाएगें। इन कैपं मे महिलाओं को स्वंय उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। बैठक में मुख्य रूप से महिला पर्यवेक्षिका स्वास्ती देवी एवम अनेक सेविकाएं मौजूद थी।

# तालाब में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**परिवार में मातम**

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के परसिया पंचायत के चरखी पहाड़ी गांव में एक तालाब में डूबने से दो नौनिहाल बच्चों की मौत हो गई। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। घटना के बाद परिवार में दुख का पहाड़ टूट गया है । घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव के छोटी पंडित तथा मुकेश पंडित दोनों के पिता भुनेश्वर पंडित तथा घर की महिलाएं खेत में धान रोपनी कार्य में कर रहे थे। घर में छोटे-छोटे बच्चे थे जो खेलने के लिए घर से बाहर गए। इसी दरम्यान बगल स्थित एक तालाब में नहाने के क्रम में आयुष पंडित उम्र (7) पिता छोटी पंडित तथा साजन पंडित (5) पिता मुकेश पंडित डूब गया। इस स्थल पर इन इसी परिवार का एक और छोटा बच्चा ने अगल-बगल खेतों में धान रोपनी का काम कर रहे लोगों को अपने भाइयों के तालाब में डूबने की सूचना दी। उक्त घटना की सूचना पाकर परिवार के लोग सहित खेतों में काम करने वाले काफी संख्या में लोग टूट पड़े। दोनों बच्चों को तालाब से बेहोशी के हालत में निकाला गया। पश्चात इलाज हेतु उक्त दोनों बच्चों को सरिया के एक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# अनियंत्रित ऑटो ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर, डेढ़ दर्जन लोग घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला लोहरदगा रोड़ स्थित डेवीडीह ग्राम के समक्ष एकाएक सड़क में एक भैंस दौड़ जाने के कारण एक ऑटो अनियंत्रित होकर, रास्ते से गुजर रहे पुलिस वाहन स्कॉर्पियो से टक्कराकर सीधे पल्ट गई, फलस्वरूप उक्त टेंपो में सवार लगभग डेढ़ दर्जन महिला और युवतियां घायल हो गये। जिन्हें उक्त पुलिस टीम के जवानों ने उक्त घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया । जहां डॉक्टरों के देखरेख में उनका इलाज चल रहा हैं, बताया जाता हैं की उक्त सभी महिलाएं और युवतियां एक ऑटो टेंपो में सवार होकर घाघरा थाना स्थित पसंगा ग्राम से धान रोपनी कर। बुधवार के संध्या में वापस अपने घर, घाघरा थाना स्थित नौवनी ग्राम जा रही थी। इसी क्रम में डेवीडीह ग्राम के समक्ष सड़क में एकाएक एक भैस दौड़ जाने के कारण उक्त टेंपो अनियंत्रित होकर उक्त सड़क से गुजर रहे पुलिस वाहन स्कॉर्पियो से सीधे टक्कराकार पल्ट जाने के कारण। उक्त ऑटो टेंपो में सवार लगभग डेढ़ दर्जन महिलाएं और युवतियां घायल हो गई। जिन्हें उक्त पुलिस पार्टी के जवानों ने उक्त घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिये आनन-फानन में गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

# राहुल गांधी के आगमन और संगठन की मजबूती पर कांग्रेसियों ने की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सरिया (गिरिडीह):** स्टेशन रोड सरिया स्थित जैन भवन में गुरुवार को सरिया प्रखंड कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अभिनंदन प्रताप सिंह ने किया। वही बात और मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह मौजूद थे। इस बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में राजीव गांधी के संभावित दौरे की तैयारी पर भी लोगों ने चर्चा की। जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कार्यकताओं को कहा कि झारखंड सरकार के मंइया योजना को जन-जन तक पहुंचाया जाए। बताया गया कि आगामी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में मंइया योजना का लाभ के लिए शिविर लगाया जाएगा। जिसमें 21 वर्ष उम्र से लेकर 50 वर्ष उम्र तक की सभी महिलाओं का फॉर्म भरा जाना है.इस योजना का लाभ अहर्ता पुरी करने वाली प्रत्येक महिला को दिया जाएगा। जिससे कि इस योजना का लाभ लेने से कोई महिला वंचित न रहे। जिनका ख्याल पार्टी कार्यकर्ता रखेंगे.मौके पर विक्की जैन, अशोक मंडल, दीपक माहेश्वरी, भुवनेश्वर रविदास, महेश दास, सहदेव राम, सत्यनारायण मंडल, सादिक मियां, कमरुद्दीन अंसारी, कुशकांत प्रसाद सिंह, महेंद्र रविदास, सचिन जैन,पप्पू सोनार,विजेंद्र माथुर आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** गुमला आज गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का एलईडी युक्त जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपरोक्त योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत योजना का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा ऐप पर पढ़ें आवेदिका झारखंड की निवासी हों उनकी आयु 21 वन से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

# खिजरी विधानसभा की जनता इस बार बदलाव चाहती है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** ओरमांझी प्रखण्ड के पाँचा पंचायत अन्तर्गत मतातु ग्राम में आजसू पार्टी की बैठक बैजनाथ महतो एवं प्रकाश चौधरी के अगुवाई में बैठक संपन्न हुवा जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रभारी अमित महतो ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे खिजरी विधान सभा में जिस पंचायत के गावों में जा रहे,आजसू पार्टी को भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है,क्योंकि खिजरी विधानसभा की जनता इस बार बदलाव चाहती है और आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख पार्टी की रीढ़ है जिसकी सदस्यता संपूर्ण विधान सभा में कर लिया गया है अब शपथग्रहण समारोह की तैयारी चल रहा है। मौके पर शशि महली, संदीप महली, जनकाकिशोर महतो, लालू मुण्डा, बंगाली करमाली, प्रवीण महली, कृष्णा महतो, राजेन्द्र महली, रवि महली, तीनकेश प्रसाद दिलिप मुण्डा, विवेक महतो, विसुन करमाली, विजय महली, विश्वशेसर महतो, रविंद्र महतो, जितेंद्र महतो, लालचंद महतो, मानेश्वर महली, दिलेश्वर महली, सोनालाल मुंडा, राजकुमार मुंडा, सचिन महतो, जयशंकर महतो, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(खेल-शाखा)**
lohardagadso@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉची का पत्रांक-39/उपा0 रॉची दिनांक 13.12.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता, 2023-24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक 01 नवम्बर, 2023 से 30 दिसम्बर, 2023 तक किया गया है। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पंचायत स्तर से प्रखण्ड स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट एवं खेल किट (जर्सी शॉट्स, फुटबॉल शूज, मोजा, सिनगार्ड, एवं गोलकीपर ग्लब्स) उपलबध कराया जाना है। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता से GeM Portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता दिनांक- 12.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यालय जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा जमा करेंगें। उक्त निविदा को दिनांक- 13.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे उप विकास आयुक्त, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः- निविदा के शर्त एव विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www. lohardaga. nic. in पर देखा जा सकता है

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 331468 (Lohardaga) 24-25 (D)

**District Legal Services Authority, Lohardaga**
E-mail-dlsa-lohardaga@jharkhandmail.gov.in

**Advertisement No. 02/LADCS/2024**

**Dated 31st day of July, 2024**

**Notice No. 2 contractual engagement of Chief Legal Aid Defence Counsel**

In Light of Letter No.-JHALSA/2212 dated 30.07.2024 applications are invited from the eligible lawyers having requisite qualification for the contractual full time engagement for the posts of Chief Legal Aid Defence Counsel in the Legal Aid Defence Counsel System(LADCS) in the District Legal Services Authority, Lohardaga. The duly filled application form along with self attested copies of documents must be addressed to the Secretary, District Legal Services Authority,Civil Courts , Lohardaga. Application may be submitted either through speed post or in person in envelope which must reach in the office of the Secretary, DLSA, Lohardaga, **on or before 12th of August, 2024 by 05.00 PM**. Any applications received after due date and time shall not be cosidered.

| Name of Post | Number of vacancy |
|---|---|
| Chief Legal Aid Defence Counsel | 01 |

**2. Honorarium:-** Rs.65,000/- P.M.

**3. Qualifications:-**
- Practice in Criminal Law for at least 10 years.
- Excellent oral and written communication skill.
- Excellent understandimg of criminal law.
- Thorough understanding of ethical duties of a defence counsel.
- Ability to work efficiently and efficiently with others with capability to lead.
- Must have handled at least 30 criminal trials in Sessions Courts, aforesaid condition of handling of 30 criminal cases can be relaxed in appropriate circumstances.
- Knowledge of computer system, preferably.
- Quality to lead the team with capacity to manage the office.

4 The scheme of engagement along with application may be downloaded from official website of Civil Court, Lohardaga https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga and can be obtained from the office directly.

5. The selection would be on the basis of performance in the interview which will be held on date to be announced later and it would be available in the website of DLSA, Lohardaga and also in the Civil Court website.

6. The shortlisted candidates shall be called for the interview individually through email address/mobile number provided by them and if candidate does not receive the call, he/she may contact the Secretary, DLSA, Lohardaga, at least two days before the scheduled date of interview.

Applying for engagement does not create any right/ assurance whatsoever.

Dated 31st day of July, 2024
Sd/-
Secretary, DLSA, Lohardaga

No. 2/LADC/2024

PR 331448 Lohardaga (24-25)_D

**कार्यालयः रॉंची नगर निगम, रॉंची**
**(बाजार शाखा)**
**कचहरी रोड, रॉंची, पिन नं0- 834001**
E-mail ID- support@ranchimunicipal.com

पत्रांकः-423/बा0शा0 दिनांकः- 01.08.2024

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

1. रॉंची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण करने के लिए CPSE/SPSE (Central Public Sector Enterpriess / State Public Sector Enterprises) /RWA/NGO/Local Agency का चयन किया जाना है।
2. इच्छुक CPSE/SPSE /RWA/NGO/Local Agency को प्रत्येक चौक का सौन्दर्यकरण प्रस्ताव तैयार कर रॉंची नगर निगम कार्यालय में समर्पित करना होगा। जिनका सौन्दर्यकरण प्रस्ताव सर्वप्रिय होगा संबंधित चौक के सौन्दर्यकरण का कार्य आवंटित किया जाएगा।
3. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को आवंटित चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव 01 वर्ष के लिए दिया जाएगा। सौन्दर्यकरण एवं रख-रखाव का कार्य संतोशप्रद रहने के स्थिति में इसे भविश्य में अवधि विस्तार दिया जा सकेगा।
4. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency द्वारा समर्पित सौन्दर्यकरण प्रस्ताव के अनुरुप ही निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न करना होगा। बिना रॉंची नगर निगम, रॉंची से पूर्व अनुमति के कोई भी अतिरिक्त कार्य या चौक-चौराहों के आधारभूत संरचना में कोई भी परिवर्तन करने पर एकरारनामा रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।
5. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency अपने संस्था का नाम रांची नगर निगम के साथ संयुक्त रुप से अंकित कर सकता है। चौक-चौराहा/गोलम्बर में किसी अन्य प्रकार का व्यवसायिक प्रचार-प्रसार नहीं किया जा सकता है।
6. EMD की कुल राशि 01 लाख रुपये एवं Tender Fee 5000/-रू० जमा करना होगा।
7. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency का कार्य संतोशजनक पाए जाने पर इस अवधि को भविश्य में विस्तार दिया जाएगा। इस संबंध में प्रशासक, रॉंची नगर निगम, रॉंची का निर्णय अंतिम होगा। कार्य अवधि के दौरान कार्य संतोशजनक नहीं पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवंटन रद्द करने का अधिकार प्रशासक, रॉंची नगर निगम, रॉंची के पास होगा तथा EMD जब्त कर लिया जाएगा।
8. किसी भी CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को अधिकतम 3 चौक-चौराहा/गोलम्बर दिया जाएगा। हलाँकि वे 03 से अधिक स्थानों के लिए सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव जमा कर सकते है।
9. प्रस्ताव में या तो मासिक राजस्व का वित्तीय प्रस्ताव शामिल होना चाहिए, जिससे कि वे रांची नगर निगम को भुगतान करना चाहते है अथवा मासिक सेवा शुल्क जो वे रांची नगर निगम से करना चाहते है, उसका विवरण प्रस्ताव के साथ समर्पित करेंगें।
10. इच्छुक CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को Annexure -I के साथ CPSE/SPSE/RWA/NGO /Local Agency से संबंधित सभी दस्तावेज कार्यालय में जमा करना होगा।
11. दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को चौक-चौराहों का प्रस्ताव कार्यालय में जमा करना होगा, तत्पश्चात् उन्हें Presentation देने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
12. अन्य जानकारी वेबसाईट www.ranchimunicipal.com पर उपलब्ध है।

ह0/-
अपर प्रशासक
रॉंची नगर निगम, रॉंची

PR 331538 Ranchi Municipal Corporation (24-25)_D

**कार्यालय, जिला परिषद्,कोडरमा**

**अति अल्पकालीन नीलामी पुनर्सूचना संख्या - 01/2024-25**

जिला परिषद कोडरमा अंतर्गत पुराने एवं निष्प्रायोजित वाहन (निम्न सूची क्रमांक 01) की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक 08.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहन की विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र0 | वाहन का प्रकार | चेसिस नम्बर | इंजन नंबर | वाहन का स्थान जहां रखा गया है | न्यूनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BOLERO SLX B53 | MA1PS2GPK D2A50126 | GPC4M83814 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | 196000.00 |

नीलामी प्रक्रिया की शर्तें निम्नवत् है:-

1. उपर्युक्त वाहन की बोली लगाने के इच्छुक डाकवक्ता को वाहन हेतु निर्धारित न्युनतम मूल्य के अधिकतम बोली राशि (Financial) एक बंद लिफाफा में लिखकर दिनांक 08.08.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में जमा करेंगे। उक्त जमा किये गए सभी लिफाफा को निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिस निविदादाता द्वारा उपर्युक्त क्रमांक 01 में अंकित वाहन का डाक राशि अधिकतम होगा, उस राशि पर बोली लगाई जायेगी, एवं उस डाकवक्ता को बोली लगाने हेतु पहला मौका दिया जायेगा।
2. डाक वक्ता एक बन्द (Technical) लिफाफा में निम्न कागजात जमा करेंगे।

A. वाहन के लिए नीलामी में भाग लेने हेतु मो0 10000.00 (दस हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा।

B. डाकवक्ता का आधार कार्ड, पुलिस अधीक्षक स्तर का छः माह के अन्दर का निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन तीन वर्ष का आयकर रिटर्न, डाक वक्ता का फर्म का जी0एस0टी0 सं0 एवं Non-blacklisting शपथपत्र (सभी कागजात का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति दिनांक 08.08.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेंगे।


3. असफल डाकवक्ता को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी एवं सफल डाकवक्ता के जमानत की राशि उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जायेगी।
4. जो भी अभिकर्ता वाहन लेने के इच्छुक हैं वे वाहन की स्थिति का अवलोकन उप विकास आयुक्त कार्यालय में जाकर कर लेंगे। नीलामी हो जाने के बाद किसी भी प्रकार से उपर्युक्त क्रमांकित 01 में अंकित वाहन की स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफल डाकवक्ता को जमानत की राशि को छोड़कर शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में भुगतेय को नीलामी की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिला परिषद कार्यालय में जमा करके वाहन को प्राप्त कर लेना है।
6. निर्धारित न्युनतम मूल्य से कम राशि पर वाहन की नीलामी नहीं की जायेगी।
7. नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का सर्वाधिकार उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।

नोटः नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु www.koderma.nic.in एवं जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट का अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 331470 Panchayati Raj(24-25).D

# ओलम्पिक 2024 में भारत के ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें



ललित गर्ग

नित-नयी विपरीत स्थितियों की धुंध को चीरते हुए भारत के खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं के जज्बे से ऐसे उजालों का अवतरण होगा कि दुनिया आश्चर्य करेंगी। एक ऐसी रोशनी अवतरित होगी जिससे भारतवासियों को प्रसन्नता, गर्व, अभय एवं आशा का प्रकाश मिलेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक से हमें बेहद उम्मीदें है। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। पदक बहुतों को मिलते हैं पर सही खिलाड़ी को सही पदक मिलना खुशी देता है।

एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्ठियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलम्पिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे।

शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि 'बेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ।' बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी।



राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है।

मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है। देश के हरेक हिस्से से प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 900 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन इसका प्रमाण है। मनु और आगे बढ़ो, क्योंकि देश को तुमसे एक और पदक की उम्मीदें लगी है। अभी पेरिस में मनु की प्रिय स्पर्धा पच्चीस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा बाकी है। उम्मीद करें की एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरेगी।

देश की आर्थिक समृद्धि ने सरकारों को जहां खेलों में अधिक निवेश की सहूलियत दी। दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश खेलों में भी अग्रणी बन रहा है। समाज ने भी खेल-कूद से जुड़े अपने पुराने जुमलों एवं संकीर्ण मानसिकता को बदला है। परिणाम सामने है। आज हम दहाई अंक में ओलंपिक पदकों की उम्मीद बांध रहे हैं, तो मनु भाकर का शानदार आगाज इस अपेक्षा को मजबूत आधार दे रहा है। मगर अभी भारत को मीलों की दूरी तय करनी है। ओलंपिक की पदक तालिका में शीर्ष क्रम पर आने के लिए हमें अपने खेल संगठनों को पेशेवर बनाना होगा, उन्हें राजनीतिक विवादों एवं राजनीति से दूर रखना होगा। पिछले दिनों कुश्ती महासंघ के विवाद ने काफी कटु स्मृतियां छोड़ी हैं। ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे की जरूरत है, ताकि खिलाड़ी हताश न हों और उनको अदालत की शरण लेने की नौबत न आए। भारतीय खिलाड़ी निशानेबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, हॉकी, भाला फेंक, बॉक्सिंग में अपना लोहा मनवा चुके हैं, दूसरी विधाओं में भी संभावनाएं कम नहीं हैं। मनु भाकर जैसी प्रतिभाएं आश्वस्त कर रही हैं कि अपनी कमियों को जीतना हम जानते हैं। भरोसा रखिए, ओलंपिक खेलों में हमारे गौरव के पदक धारक बेटे-बेटियों की तादाद पर दुनिया ईर्ष्या करने को बाध्य होगी।

नित-नयी विपरीत स्थितियों की धुंध को चीरते हुए भारत के खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं के जज्बे से ऐसे उजालों का अवतरण होगा कि दुनिया आश्चर्य करेंगी। एक ऐसी रोशनी अवतरित होगी जिससे भारतवासियों को प्रसन्नता, गर्व, अभय एवं आशा का प्रकाश मिलेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक से हमें बेहद उम्मीदें हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। पदक बहुतों को मिलते हैं पर सही खिलाड़ी को सही पदक मिलना खुशी देता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है। राष्ट्रीयता की भावना एवं अपने देश के लिये कुछ अनूठा और विलक्षण करने के भाव ने ही खेलों में भारत की साख को बढ़ाया है। ओलंपिक खेलों में विजयगाथा लिखने को बेताब देश की बेटियां, एवं अन्य खिलाड़ी अभूतपूर्व सफलता का इतिहास रचने को तत्पर है, उनकी आंखों में तैर रहे भारत को अव्वल बनाने के सपने को जीत का हार पहनते देखने का यह समय निश्चित ही रोमांचित एवं गौरवान्वित करने वाला होगा। जाहिर है कि सही वक्त पर, सही प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं प्राथमिकता मिल जाए तो खेलों की दुनिया में देश का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा।

## संपादकीय

### जातिगत जनगणना के खतरे


भारत की संसदीय राजनीति की यह सबसे दुखद परिघटना है कि लोक सभा में बजट पर हो रही चर्चा जाति के चक्रव्यूह में फंस गई। विपक्ष के नेतागण शायद इस तथ्य से अनजान हैं कि भारतीय समाज में जाति संघर्ष बढ़ेगा तो देश की क्षेत्रीय अखंड़ता पर इसके नकारात्मक परिणाम पड़. सकते हैं। संविधान निमार्ता और चिंतक ड्रॉ. अंबेड्कर भारतीय समाज की इस बुराई को समझ गए थे। इसीलिए उन्होंने जातिविहीन समाज के निर्माण की कल्पना की थी। आगे चलकर समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने भी जाति तोड़ो को लेकर लंबा अभियान चलाया था। लेकिन विड़म्बना है कि बिहार के नेताओं के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को महाभारत में अर्जुन को जिस तरह सिर्फ मछली की आंख दिखाई दे रही थी, उसी तरह जातिगत जनगणना दिखाई दे रही है। भारतीय राजनीति और समाज का दुखद पहलू है कि आज हर जाति में वर्चस्ववादी नेता पैदा हो गए हैं। ऐसा नेता जाति स्वाभिमान हो गया है। इस तरह से कट्टर जातिवादी नेताओं का समाज और राजनीति में प्रभाव बढ़ता है तो पहले से ही जाति और धर्म में विभाजित समाज आगे चलकर और कितना विभाजित होगा, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। ठीक है कि जाति गणना सत्ता पाने की सीढ़ी बन सकती है लेकिन इससे सामाजिक विद्वेष बढ़ेगा और अंततः प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा जाएगी। ड्रॉ. लोहिया का विश्वास है कि 'इतिहास साक्षी है कि जिस काल में जाति के बंधन ढ़ीले थे, उसने लगभग उसी काल में घुटने नहीं टेके।' उनका मानना है कि यह गलत धारणा है कि अंदरूनी झगड़ों और छल-कपट के कारण न तो विदेशी हमले हुए और न भारत गुलाम हुआ। इसका सबसे बड़ा और एकमात्र कारण है जाति। 1960 और 71 के दशक में ड्रॉ. लोहिया के प्रयासों से समाज में जाति के बंधन कुछ ढ़ीले पड़ने लगे थे। बाद में आरएसएस ने भी हिन्दू समाज की जातियों की एकता को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया और आज भी संघ का यह प्रयास जारी है लेकिन लगता है कि जातिगत पहचान और स्वाभिमान का उभार तेजी से हो रहा है। राहुल गांधी इस उभार को और अधिक हवा देने लगे हैं। हालांकि राहुल के जातिगत जनगणना के बयान पर भाजपा नेता के इस जवाब का समर्थन नहीं किया जा सकता जिनकी अपनी जाति का पता नहीं है, वे जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। सदन हो या सड़क जाति पूछना अमर्यादित आचरण के दायरे में ही आता है।

## चिंतन-मनन

### व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

बदलाव का प्रम निरंतर चलता है।जैन दर्शन इस प्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था।प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है।यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है। कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है। वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है। इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है। लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व। व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक। एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है।उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं। क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है। जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है। जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है। उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा। प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है।जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।

# केरल का भूस्खलन प्राकृतिक आपदा या मानवीय दुस्साहस का परिणाम?



डॉ हिदायत अहमद खान


प्रकृति से छेड़छाड़ मानव-समाज के लिए सदा ही भारी पड़ी है। इसलिए विश्व को सुखी देखने की मंशा रखने वाले हमेशा से ही यह संदेश देश और दुनिया को देते आ रहे हैं कि प्रकृति का दोहन करें, लेकिन इतना नहीं कि प्रकृति खुद संतुलन बनाने के लिए बाध्य हो जाए। ऐसे में केरल के वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन का असली जिम्मेदार कौन हो सकता है? इसे महज प्राकृतिक आपदा मानना एक और बड़ी भूल होगी? दरअसल देखना होगा कि इस प्राकृतिक आपदा होने से पहले आपदाग्रस्त इलाके में वर्षों से होता क्या आ रहा था। इस सवाल का भी जवाब तलाशा जाना चाहिए कि जहां भूस्खलन हुआ और करीब 250 से ज्यादा लोगों की असमय दर्दनाक मौत हुई क्या वहां वाकई बस्तियां बसाई जा सकतीं थीं? भू-विज्ञानियों की मानें तो यह क्षेत्र लैंडस्लाइड जोन का हिस्सा रहा है और इसमें भविष्य में और खतरे उत्पन्न होने की आशंकाएं आम थीं। बावजूद इसके चंद चांदी के टुकड़े बटोरने और लोगों को भ्रम में रखने वालों ने मिलकर बस्तियां बसाने का जो दुस्साहस दिखाया उसका भयानक परिणाम देश और दुनियां ने देख लिया है।

जरा मस्तिष्क में जोर डालें और खुद से सवाल करें कि केरल में हुए भीषण भूस्खलन के लिए असली जिम्?मेदार कौन हो सकता है? क्या वाकई इसे प्राकृतिक आपदा मान और सरकारी आंकड़ों के लिहाज से मौत और मुआवजा का आंकलन कर चंद लोगों की जिम्मेदारी तय कर देने से समस्या का हमेशा के लिए समाधान निकल आएगा? आप स्वयं से विचार करें और बताएं कि क्या इस भयानक प्राकृतिक आपदा को निमंत्रण देकर ढाई सौ से अधिक लोगों को कालकलवित करवाने में आज के अतिभौतिक सुख भोगने की आकांक्षा रखने वाले मानव का हाथ नहीं है? यह एकमात्र सवाल उन तमाम सवालों पर भारी पड़ जाता है, जो शासन-प्रशासन को लेकर उठाए जाते हैं और चंद दिनों में, चंद लोगों को जिम्मेदार ठहराकर लाल रंग के बस्ते में बंद कर दिए जाते हैं। इसका अलग से आंकलन और विश्लेषण इसलिए जरुरी है, क्योंकि वायनाड में जिन जगहों पर भूस्खलन हुआ है वहां मानव जनित बस्तियों का होना अपने आप में गंभीर सवाल है। यह पूरा इलाका लैंडस्लाइड जोन वाला बताया गया है, बावजूद इसके वायनाड में पिछले दो दशक से पर्यटन को बढ़ावा देने कथित खूबसूरती को और खूबसूरत बनाने और उससे पैसा बनाने के लिए जिस तरह से पहाड़ों की कटाई-छटाई करते हुए अंधाधुंध निर्माण कार्य किए गए, उसने प्रकृति को संतुलन बनाने के लिए मजबूर कर दिया। यह तय है कि जब प्रकृति संतुलन बनाती है तो बहुत बेदर्दी के साथ चक्की के दो पाटों के बीच मनुष्य और तमाम जीव-जंतु घुन की तरह पिसते चले जाते हैं। वायनाड भूस्खलन इसका बहुत ही छोटा नमूना है, जिससे न सिर्फ सबक लेने की जरुरत है बल्कि ऐसा आगे न हो अतः भौतिक सुखों से इतर प्रकृतिस्थ हो जाने का रास्ता खोजने का भी समय है।


जहां प्रकृति के विपरीत मानवजनित निर्माण कार्य किए गए और इकोसिस्टम को बिगाड़ने जैसा काम किया गया, वहां प्राकृतिक आपदा आई है। वायनाड की भीषण त्रासदी के बाद जब मामला स्थानीय पुलिस और फायर फोर्स से सम्भाला नहीं जा सका तो सेना, वायुसेना, नौसेना, एनडीआरएफ जैसी तमाम एजेंसियों की टीमों को राहत व बचाव कार्य में लगा दिया गया। सकारात्मकता के साथ दुर्गम इलाके में मानव निर्मित पुल तैयार कर करीब 1000 लोगों को बचा भी लिया गया। गौरतलब है कि वायनाड के चूरलपारा में मंगलवार 30 जुलाई को भीषण भूस्खलन हुआ था। चूंकि भूस्खलन मध्यरात्रि करीब 2 बजे हुआ और घटना स्थल पूरी तरह से कट गया, इससे इसकी भीषणता बढ़ गई। इस दुर्घटना में सबसे ज्यादा प्रभावित चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पोथुकालू क्षेत्रों को शामिल किया गया हैं। इन इलाकों में रहने वाले कुछ ऐसे लोग जो इस प्राकृतिक आपदा से किसी तरह बच निकलने में सफल रहे, वो भी तबाही की भयावहता से बुरी तरह टूट गए हैं। ऐसा नहीं है कि इन्हें मदद नहीं पहुंचाई जा रही है या दिलासा देने वालों की कमी है, लेकिन जिन्होंने अपना सब-कुछ खो दिया उसे खुद को समझाना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे लोगों को समय रहते ज्यादा से ज्यादा मदद और मानवीय सहायता दी जानी चाहिए। ताकि प्राकृतिक आपदा के दर्द को कुछ कम किया जा सके।

वैसे यह भी हकीकत के तौर पर कहा जा रहा है कि यदि शासन-प्रशासन ने केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) की 2020 में दाखिल की गईं सिफारिशों को मान लिया होता तो शायद इस आपदा से काफी कुछ लोगों को बचाया जा सकता था। सवाल वही कि इससे पहले ही क्यों नहीं जागा गया और मौत के मुंह में हजारों लोगों को बसाने का काम तभी बंद क्यों नहीं कर दिया गया? संभवतः तब इतने अधिक लोगों की निरीह जानें नहीं गई होतीं। बताया जाता है कि राज्य के राजस्व विभाग को पश्चिमी घाट के पूर्वी ढलान वाले करीब चार हजार परिवारों को फौरीतौर पर जगह खाली करने के निर्देश देने के लिए चेतावनी भरी समझाइश भी दी गई थी। चूंकि पूरा क्षेत्र ही लैंडस?लाइड जोन में आता है, अतः यह सावधानी तो अवश्य ही ली जानी चाहिए थी, लेकिन सब कहे-सुने को नजरअंदाज करने का परिणाम देश और दुनियां के सामने है। इसे यूं ही प्राकृतिक आपदा कहकर हल्के में नहीं लिया जा सकता, बल्कि जिम्मेदारी तय कर तमाम दोषियों को कानून के दायरे में लाना भी आगामी हादसों को रोकने में एक आवश्यक कदम साबित हो सकता है।

# ओलंपिकः मनु भाकर ने रच दिया इतिहास



मनोज चतुर्वेदी



देश में खुशी का माहौल है और खुशदी लाने वाली भारतीय महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में एक के बाद एक दो कांस्य पदक जीत कर यह माहौल बनाया है। नॉर्मन प्रिचार्ड.ने इससे पहले 1900 के ओलंपिक खेलों में दो रजत पदक जीते थे पर वह ब्रिटिश इंड़ियन थे। मनु भाकर यह उपलब्धि पाने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। यह भी अजब संयोग है कि प्रिचार्ड.ने भी मनु की तरह पेरिस में ही उपलब्धि हासिल की थी। मनु के सामने अभी पदकों की हैट्रिक करने का मौका है, क्योंकि उन्हें 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेना अभी बाकी है।

मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान जो जज्बा दिखाया, उसे उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स स्पर्धा में उतरने के समय भी बरकरार रखा। भारत का ओलंपिक इतिहास बहुत सफलताओं से भरा हुआ नहीं है। हॉकी के स्वर्ण पदकों को निकाल दें तो इसमें कुछ भी नजर नहीं आता। भारत के स्वतंत्र होने के बाद करीब आधी शताब्दी में हमने व्यक्तिगत पदकों के नाम पर दो पदक ही जीते। 1952 में केड़ी जाधव ने कुश्ती में और 1996 में लिएंड़र पेस ने टेनिस में इन्हें जीता। यहां तक बात निशानेबाजी की है तो पदक जीतने की शुरुआत राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2004 के एथेंस ओलंपिक से की पर भारतीयों में पदक जीतने का भरोसा बनाने वाले अभिनव बिंद्रा हैं। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। इसके 17 साल बाद भारत के लिए दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण नीरज चोपड़ा ने जेवेलिन में जीता। पहलवान सुशील और शटलर पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर भारतीयों का मनोबल बढ़ाया पर मनु की पेरिस ओलंपिक में दोहरी सफलता जरूर देश में खेल क्रांति लाने में मददगार रहेगी। मनु ने जिस दिलेरी से दोनों पदकों की तरफ कदम बढ़ाए वे उनकी परिपक्वता को दर्शाते हैं। उन्होंने हर महत्त्वपूर्ण मौके पर धड़क नों को काबू में रखा और 10 से ऊपर का निशाना साधकर अपने को पदक दौड़. में बनाए रखा। मनु से 2021 के टोक्यो ओलंपिक में भी पदक की सभी को उम्मीद थी लेकिन मुकाबले के बीच में पिस्टल खराब हो जाने का खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ा था और ओलंपिक पदक का सपना साकार नहीं कर पाई थीं।

इस झटके के बाद उनके कोच जसपाल राणा से संबंधों में भी कटुता आ गई थी और दोनों की राहें अलग हो गई थीं। लेकिन मनु के वापस लौटने पर अच्छे परिणाम नहीं निकलने पर उन्हें अहसास हुआ कि वह जसपाल राणा के साथ ही अपना बेस्ट दे सकती हैं। इस पर उन्होंने सहायता के लिए जसपाल राणा को फोन किया और वह राजी हो गए। इसका परिणाम सभी के सामने ओलंपिक पदक के रूप में है। मनु ने ओलंपिक खेलों की शुरूआत में ही पदक पर निशाना साधकर इन खेलों में भाग ले रहे शूटरों का ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय दल की बॉड़ी लेंग्वेज बदल दी है। इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना बेस्ट देने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे भारत अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल हो सकता है। मनु की सफलता का ही प्रभाव था कि रमिता झिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में स्थान बनाया। हालांकि वह फाइनल में पहुंचकर भी पदक नहीं पा सकीं और उन्हें सातवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। अर्जन बबूता तो पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में अंतिम क्षणों की गलती की वजह से कांस्य पदक से चूक गए। अर्जुन को पदक दौड़.में बने रहने के लिए आखिरी निशाना 10.3 अंक का लगाना था पर यह 9.5 का रहने से उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। पैड़लर मणिका बत्रा टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय बन गई। सात्विक और चिराग की जोड़ी के साथ पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भी पदक दौड़. में बने हुए हैं। भारतीय हॉकी टीम भी लगातार दूसरे ओलंपिक में पोड़ियम पर चढ़ने की दौड़. में बनी हुई है।

मनु भाकर को व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत नहीं पाने का अफसोस रहा पर उन्हें ओलंपिक में दो पदक जीतने की खुशी भी है। उनके पास अभी 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पदक का रंग बदलने का मौका है। वह अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए गीता का पाठ करती हैं, जिसमें कहा गया है कि खुद के कर्म पर भरोसा रखो। जो बीत गया है, उसकी चिंता में डूबने के बजाय लक्ष्य पर भरोसा रखो। यह बात भारतीय दल के सभी सदस्यों पर लागू होती है। भारत इस समय निशानेबाजी के अलावा बैड़मिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, बॉक्सिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और एथलेटिक्स और कुश्ती शुरू होने पर भारत की पदक संभावनाएं और बढ़ेंगी। बहुत संभव है कि हम इस बार दर्जन भर पदकों तक पहुंच जाएं। पर हमें यहीं संतुष्ट होकर नहीं बैठना चाहिए क्योंकि अभी हम आबादी के हिसाब से विश्व स्तर से काफी पीछे हैं।

## एक नजर

### 15 वर्षीय युवक लापता परिजन परेशान



**छतरपुर(पलामू) :** छतरपुर थाना क्षेत्र के कचनपुर गांव निवाशी अजय रजक के पुत्र आदित्य कुमार उम्र 15 वर्ष 9 क्लास का छात्र मंगलवार की सुबह से लापता है ।इस संबंध में लापता के पिता अजय रजक ने बताया की मंगलवार की सुबह 8:00 बजे आदित्य एसभीई स्कूल पढ़ाई करने निकला था। इसके बाद से वह अपने घर नही लौटा है ।वही आदित्य के लापता होने के बाद परिजन उसे सगे संबंधियों सहित सभी जगह पर उसकी खोजबीन की परंतु अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। वही लापता हो जाने के बाद परिजनों ने छतरपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दिया है। मामला दर्ज होने के बाद से छतरपुर थाना की पुलिस भी आदित्य कुमार की तलाश में जुट गई है। परिजनों ने आम जनों से भी आग्रह किया है कि यदि कहीं भी यह लड़का दिखाई दे तो इसकी सूचना मोबाइल नंबर 62045 43994 पर दें। पलामूएसपीरिष्मारमेशन ने भी लोगों से आग्रह किया है कि यदि कहीं भी यह बच्चा नजर आए तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

### कुंदरी के दुःखी परिवारों से मिले डॉ. अरुण कुमार

**पांकी(पलामू) :** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पांकी विधानसभा के भावी प्रत्याशी व राजद के वरिष्ठ नेता डॉ. अरुण कुमार कुंदरी निवासीयों के आग्रह पर उनसे मिलने पहुंचे। डॉ. अरुण कुमार को देख वहां सैकड़ो परिवारों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गयी, सभी ने डॉ. अरुण कुमार को प्रशासन द्वारा सताए जाने की शिकायत की व उनके गिरफ्तार बच्चों लोगो को रिहा कराने की मदद की बात कही। डॉ. अरुण कुमार से कुंदरी निवासियों ने शिकायत की की रात के समय प्रशासन द्वारा बिना कोई सुचना व महिला पुलिस कर्मियों के बिना लोगो के घर का खपड़ा वाला छत तोड़ कर घुस गये, जहाँ की महिलाये व बच्चे सो रहे थे। सभी ने एक सुर में प्रशासन की इस रवैया की निंदा की। डॉ. अरुण के कुंदरी आने व उनके दु:ख में शामिल होने पर वहां के निवासियों में एक उम्मीद और खुशी देखी गयी। डॉ. अरुण से प्रभावित हो वहां खड़े सैकड़ो की भीड़ के युवा बुजुर्ग और महिलाओ ने डॉ. अरुण की जय जयकार ना नारा लगाने लगे आपस में बात करते हुए कहा की क्षेत्र में ऐसा ही नेता चाहिए जो जनता के लिए काम करें, कुंदरी के निवासी इस बार इन्ही को वोट देकर चुनाव जिताने का काम करेंगे।

### सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगी भाकपा : रूचिर

**मेदिनीनगर (पलामू) :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने ब्यान जारी कर कहा कि सदर ब्लॉकमेदनीनगर में व्याप जन समस्या लुट - खसोट एवं व्याप्त भ्रष्टाचार, एलपीसी एवं मोटेशनन करने में भारी घूसखोरी, प्रधानमंत्री आवास एवं बुआ आवास में मची लूट, ऑनलाइन सुधारने के नाम पर मोटी रकम की उगाही, रजिस्टर -2कए साथ छेड़छाड़ करना, गरीब आदिवासी एवं दलित के जमीनों की लूट न 75 में जा रहे जमीन के मुआवजा के नाम पर मची लूट के सवाल पर सदर प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन एवं तालाबंदी किया जाएगा। इससे पहले चियांकी से रैली निकाल कर शहर होते हुए 12:30 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में आम जनता जनार्दन से मैं अपील करना चाहता हूं कि आप भी इसमें शामिल होकर संघर्ष को तेज करें।

# कुपोषण उपचार केंद्रों में बच्चों की अच्छी तरह देखभाल की जाए : उपायुक्त


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला समाज कल्याण विभाग एवं पोषण समिति द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समाहरणालय खूंटी के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से विश्व स्तनपान सप्ताह 2024, कुपोषण उपचार केंद्र संचालन, निमार्णाधीन आंगनबाड़ी, वीएचएसएनडी, संस्थागत प्रसव, सेविका-सहायिका के रिक्त पदों और मानदेय भुगतान, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना समेत अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में विश्व स्तनपान सप्ताह 2024 को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्व स्तनपान सप्ताह एक वैश्विक अभियान है, जो हर साल एक से सात अगस्त तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्तनपान के महत्व को उजागर करना, स्तनपान को बढ़ावा देना और इसका समर्थन करना है, ताकि बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इस वर्ष, विश्व स्तनपान सप्ताह 2024 की थीम क्लोजिंद द गैपरू ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल हैं। यह विषय स्तनपान के समर्थन में पिता, परिवार, स्वास्थ्यकर्मियों और समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है। विश्व स्तनपान सप्ताह स्तनपान व्यवहारों के प्रोत्साहन एवं सुदृढ़ीकरण करने का अवसर प्रदान कर रहा है। उपायुक्त ने इस वर्ष के थीम को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्तनपान की प्रारंभिक शुरूआत और नई माताओं को आवश्यक समर्थन प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने वृहद स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश दिया। जिला स्तर, प्रखण्ड स्तर एवं सामुदायिक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कुपोषण उपचार केंद्र में शत प्रतिशत बेड ऑक्युपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में कुपोषण की काफी समस्या है। इसलिए कुपोषण उपचार केंद्रों में बच्चों का अच्छी तरह देखभाल की जाए। अतिरिक्त कुपोषण केंद्र खोलने को लेकर भी विभाग को प्रस्ताव भेजने की बात कही। जिले में आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी दिवस के दिन सभी सेविका, सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ को अपने क्षेत्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

# सांसद ने नागर विमानन मंत्री से मुलाकात कर एयरपोर्ट परिचालन पर की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** चियांकी एयरपोर्ट से परिचालन प्रारंभ करने को लेकर सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में नागर विमान मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री किंजरापुराम मोहन नायडू से मुलाकात किया। इस अवसर पर सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट से परिचालन प्रारंभ करने से संबंधित विस्तृत चर्चा की। राम ने कहा कि चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है। परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। विदित है कि डालटनगंज से रांची-कलकतारांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना -वारणसी -पटना-डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, परंतु चियांकी एयरपोर्ट से संबंधित प्रतिवेदन अभी तक जिला से राज्य सरकार को प्राप्त नहीं प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि राज्य सरकार ने इसके लिए उपायुक्त को स्मारित भी किया है। उपायुक्त ने भी पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में प्रतिवेदन की मांग की है ।सांसद ने भी पुलिस महानिरीक्षक को इस संबंध में प्रतिवेदन भेजवाने का आग्रह किया था। राज्य सरकार एवं पदाधिकारियों को भी इस दिशा में वांछित कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि पलामू एवं आस-पास के जिले के निवासियों को वायुयान यात्रा की सुविधा मिल सके। इतना ही नहीं यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची-कलकता-रांची- डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना- वाराणसी-पटना- डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। आज के दिन में कोई भी उद्यमी रांची से डालटनगंज और डालटनगंज से रांची की यात्रा में 6 से 7 घंटे व्यतीत करना नहीं चाहता है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा प्राप्त हो जाती है तो यह यात्रा डेढ़ घंटे में (रांची से डालटनगंज एवं डालटनगंज से रांची की) पूरी हो जाएगी। सांसद ने कहा कि इसमें सभी लोगों से अनुरोध है कि इसे संभव बनाने में हमारी मदद करें।

# करैत सांप के काटने से युवक की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुवा गांव निवासी मनु भुइयां के पुत्र सचिन कुमार उम्र 25 वर्ष को गुरुवार की सुबह 4:00 बजे करैत सांप ने गर्दन में काट लिया। जिसके वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजन उसे झाड़ फूंक करने वाले बैद के पास लेकर गए। जहां झाड़ फूंक के बाद भी बैद ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ।उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखकर पहले ही बता दिया था कि यदि इसको समय पर वेंटिलेटर पर नहीं रखा गया तो इसकी जान को खतरा है। परिजन काफी गरीब है और मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा भी नहीं थी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई ।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सचिन कुमार अपने घर में सोया हुआ था ।इसी बीच सुबह चार बजे करैत सांप उसके बिस्तर पर आकर उसे काट लिया। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।बताते चले की हाल के दिनों में सांप के काटने पर जो जरूरी दवा है वह अस्पताल में मरीजो के लिए पलब्ध नहीं है। जिसके कारण सांप के काटे हुए मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल में एट्रोपिनइंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। जो कि सांप काटे हुए मरीजों को काफी लाभ पहुंचाता है।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने छतरपुर में छह पीसीसी पथ के निर्माण को दी मंजूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छत्तरपुर पलामू :** पलामू जिला के कांग्रेस कमिटी के ओबीसी जिला अध्यक्ष धनंजय यादव ने बुधवार को रांची स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात कर अनुमंडल के कुछ ऐसे गांव जिसमे आजतक सड़क का निर्माण नही किया गया है जिसके बारे में अवगत कराया। धनंजय यादव ने बताया कि इस सुदूर क्षेत्र में काफी दिनों से लोग ऐसे ही अपने गांव जाते है जिससे इन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है छत्तरपुर अनुमंडल के कुछ ग्रामीण छेत्रो में आजादी के बाद आज तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया यह दुर्भाग्य की बात है जिसे आज सरकार में बैठे ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के द्वारा स्वीकृति प्राप्त हो गई हैं। जिसमे कुल 6 पीसीसी सड़क की स्वीकृति हुई हैं पहला पंचायत मुंकेरी के ग्राम मनहु में बुद्ई भुइया के घर से आदिवासी टोला से चेड़ी स्थान दूसरा चीरू से तेतरियाडीह होते हुए हेसला यूपीजी स्कूल वही तीसरा अक्वनिया स्कूल से कोकरो होते हुए केरकी वही चौथा सहरसा गांव में। वही दूसरा हरिहरगंज प्रखंड में दो पीसीसी सड़क का स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। उपस्थित छतरपुर पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी मनोज यादव उमेश यादव सत्येंद्र यादव हरिहरगंज छतरपुर के बैजनाथ पासवान शामिल थें।

# जन समस्याओं को लेकर पलामू भाजपा ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अगुवाई में राज्य सरकार के दमनकारी नीतियों एवं हिटलर शाही के विरोध में आज पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में राज्य सरकार के खिलाफ गीता भवन से छवमुहन चौक तक आक्रोश रैली निकालकर राजेंद्र चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका । तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मा. विधायकों के द्वारा कल दिनांक 31 जुलाई 2024 को जनता एवं बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु विधानसभा के सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के इशारे पर जबरन विधानसभा के सभागार में विधायकों को बंद कर दिया। इसी दौरान सभागार में बिजली काट दी गई एवं पानी भी बंद कर दिया गया एवं मार्शल के द्वारा अभद्र व्यवहार कराया गया। पुनः झारखंड सरकार के इशारे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 19 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। यह लोकतंत्र एवं संवैधानिक परंपराओं पर कुठाराघात है। झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा को अपने प्रवास के क्रम में सरकार की दमन कारीनीतियों एवं हिटलरशाही के कारण गोपीनाथपुर क्षेत्र का भ्रमण करने की अनुमति नहीं दी गई। भ्रष्ट हेमंत सरकार के कारनामों एवं जन समस्याओं को भाजपा सदन से लेकर सड़क तक उठाती रहेगी चाहे राज्य सरकार कितना भी दमनकारी षड्यंत्र रचती रहे हेमंत बाबू की उल्टी गिनती शुरू हो गई है जल्द ही जनता इन्हें सत्ता से बेदखल करने वाली है।

# गुमला पुलिस ने टावर से बैटरी चुराने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** गुमला पुलिस के समक्ष उक्त बैटरी चोर गिरोह के पांचो सदस्यों ने अपने-अपने अपराध स्वीकार किए हैं। ज्ञातव्य हैं की पिछले दिन, गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना स्थित नेशनल हाईवे 23 मुख्य सड़क पर स्थित जूरा ग्राम के समक्ष एक मोबाइल टावर का 24 बैटरी चोरी कर भाग रहे,अंतर जिला चोर गिरोह के अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर एक नये बोलोरो वाहन जेएच 01, एफएफ 6977 से भाग रहे थे। इसी क्रम में भरनो थाना पुलिस गश्ती दल के नजर में आ गए और जब भरनो थाना पुलिस गश्ती दल उक्त बोलोरो गाड़ी का पीछा करने लगी तो उक्त अज्ञात चोरों द्वारा भरनो थाना स्थित महादेव चेगरी ग्राम के पबया बगीचा के समक्ष उक्त बोलोरो गाड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहे। जिसे भरनो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। उक्त बोलेरो वाहन और चोरी के 24 बैटरी को जब्त कर भरनो थाना लाया गया और भरनो थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया कर्मियों को बताया की 31 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई की भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत जुराग्राम में कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा टावर का ताला काटकर चोरी करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचक गया जिला अंतर्गत थाना गुमराह स्थित बलिया ग्राम निवासी, वर्तमान पता भरनो ग्राम में जिओ टावर के तक्नीशियन घनश्याम कुमार पिता - ललिता नंद सिंह से प्राप्त आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए। उक्त सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारी को अवगत कराया गया। जिसमें भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति , बेड़ों रांची थाना प्रभारी नकुल शाह, डोरंडा रांची थाना प्रभारी पवन कुमार, आरक्षी कार्तिक उरांव एवं सशस्त्र बल के जवान सभी भरनो थाना के सहयोग और अथक प्रयास से उक्त सभी आरोपी पांचो सदस्यों को हिन्दपीढीं रांची क्षेत्रों के निवासियों 22 वर्षीय मो० शाहनवाज (पिता - मो० नसीम) सा० खेत मोहल्ला , 23 वर्षीय साजिद ( पिता - जावेद) सा० शौकत कबड्डी बड़ा तालाब , 22 वर्षीय रिजवान ( पिता - मो० कयूम) सा० शौकत कबड्डी बड़ा तालाब , 22 वर्षीय आर्यन उर्फ हुजैफा खान, उर्फ. चिंटू (पिता - शहजाद खान) सा० खेत मोहल्ला, तथा, 21 वर्षीय नैयर आलम (पिता - मो० मुश्ताक आलम ) सा० नदी ग्राउंड सभी हिंद पीढ़ी रांची को दबोच कर पुलिस ने विधिवत गिरफ्तारी कर मीडिया एवं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सभी को गुमला जेल भेज दिया गया है एक न्यू बोलोरो गाड़ी, 24 बैटरी आदि समान बरामद की है ।

## संक्षिप्त खबरें

### कमल किशोर भगत की जयंती पर आजसू पार्टी ने दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखण्ड आन्दोलन के अगुवा व विर योद्धा कमल किशोर भगत का आजसू पार्टी ने जयंती मनाई। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार के आवास पर कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रध्दांजलि दी गई ।कमल किशोर भगत उर्फ बबलूदा के जिवन पर प्रकाश डाला गया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि अलग झारखण्ड राज्य के आन्दोलनमे अग्रणी भूमिका निभाने वाले इस योद्धा का नाम स्वर्ण अक्षर मे अंकित हो गया। सड़क से सदन तक का इनका सफर अनुकरणीय है। राज्य के निर्माण से नवनिर्माण तक के लिए लगातार संघर्षरत रहे। झारखंडआंदोलनकारियों के मान सम्मान व स्वाभिमान के लिए लगातार बिधान सभा में मुखर रहे। बिजयमेहता ने कहा कि समता जजमेंट लागू करने के लिए कमल दा ने पहली बार बिधान सभा में सवाल उठा कर झारखण्डी जनता को प्राकृतिक संपदाओं पर 26 प्रतिशत अधिकार देने का सवाल उठाया। बिकेश शुक्ला शुक्ला ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लिए लगातार सरना धर्म कोड को लागू करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार पर दबाव बनाया। इम्तियाज अहमदनजमी ने कहा कि झारखण्ड नवनिर्माण के लिए मार्गदर्शी कमल किशोर ने बड़ी रेखा खिच कर हमसबो को अलविदा कर गया, इनकी बात राज्य में खुशहाली आने तक याद रहेगी। छात्र नेता अभिशेख राज ने कहा कि बबलूदा छात्र नौजवानों का प्रेरणा शक्ति रहे है। आन्दोलनकारी प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि आन्दोलन से बिधायक बनने तक कमल किशोर भगत ने राज्य के गरीब आदिवासी समाज दलित समाज का आवाज रहे। आजसू पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रहने के बाद बिकास की ज्वाला धधकाने का कार्य किए। तुलसी शुक्ला संतन मेहता प्रेम कान्त तिवारी नरेन्द्र पाण्डेय आलोक अग्रवाल राजदेव उरांव बिशाल रवि आदि उपस्थित थे।

### मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' के अगस्त अंक का हुआ विमोचन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर के नावाहाता स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय के सभागार में अपनी यथार्थवादी लेखनी से गरीबों और वंचितों की समस्याओं को मार्मिक रूप में चित्रित कर उनकी आवाज बन जाने वाले, आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, अद्वितीय लेखक एवं महान हिंदी उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती के अवसर पर मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' पत्रिका के अगस्त : 2024 अंक का विमोचन किया गया। विमोचन करने वालों में बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिले के अपर समाहतार्कुन्दन कुमार, विशिष्ट अतिथि पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, 'अरण्य वाणी' पत्रिका के संपादक विनोद सागर, संत मरियम विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के निदेशक मनोज कुमार प्रजापति आदि का नाम उल्लेखनीय है। मौके पर अपर समाहतार्कुन्दन कुमार ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' कर रही है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यह पत्रिका देश स्तर पर अपनी एवं पलामू की अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रही है। हम पत्रिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही, 'अरण्य वाणी' पत्रिका का जिला स्तरीय कार्यालय मेदिनीनगर में हो, इसकी भी कामना करते हैं। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि जिस तरह मुंशी प्रेमचंद जी ने अपनी कालजयी कृतियों के जरिए शोषण के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया था, ठीक उसी तरह आज यह 'अरण्य वाणी' पत्रिका उनकी विचारधारा को जन-जन पहुँचाने का कार्य कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि हम अपर समाहतार्कुन्दन कुमार जी के मेदिनीनगर में 'अरण्य वाणी' के कार्यालय होने के विचार को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विनोद सागर जी के नेतृत्व में पत्रिका 'अरण्य वाणी' के जरिए समाज में साहित्यिक क्रांति लाने का कार्य किया जा रहा है। नि:संदेह ही यह पत्रिका साहित्यिक जगत में मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ललन प्रजापति, हॉस्टलइंचार्ज उत्कर्ष देव, शिक्षक रौशन राज समेत अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मंत्री इरफान की मां नेकदिल और सर्व धर्म समभाव में आस्था रखने वाली महिला थीं : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पूर्व मंत्री एवं सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की मां मस्तुरी खातुन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि स्व मस्तुरी खातुन एक नेकदिल और सर्व धर्म समभाव में आस्था रखने वाली महिला थी। उन्होंने घर की सारी जिम्मेदारी बहुत ही तन्मयता एवं समर्पण भाव से निर्वहन किया फलस्वरूप फुरकान साहब एमएल ए बने, विधायक दल के नेता बने और मंत्री बने और सांसद बने। उन्होंने अपने पुत्र डॉ इरफान अंसारी की भी प्रेरणास्रोत बनी। जिसकी बदौलत डॉ इरफान अंसारी सामाजिक जीवन में प्रवेश कर दो बार जामताड़ा से विधायक बने और अभी हाल में ही झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री पद पर आसीन हुए तो मुस्तरी बेगम ने डॉ इरफान अंसारी का जोरदार स्वागत किया था और उनके लिए बराबर दुवाएं किया करती थी। मिश्र ने कहा कि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी से मेरा चार दशक पुराना बहुत ही गहरा आत्मीय संबंध रहा है और वे मेरे द्वारा आयोजित कई कार्यक्रम आमसभा में शिरकत तो की ही है, मंत्री और सांसद के रूप में कई बार मेरे मेदिनीनगर अवस्थित आवास पर आकर मुझे कृतार्थ किया है। मैं भी सदा मधुपुर स्थित उनके आवास पर जाया करता था। कल्हमधुपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड के कवल पंचायत के रुद में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक ग्रामीण चिकित्सक के घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक का पहचान प्रखंड क्षेत्र के जोगिया लेवा गांव के सीताराम (53) पिता लखन राम के रूप में किया गया। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि सीताराम अपने घर छतरपुर दवा लेने लेने के निकले थे। तभी तेज रफ़्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही छतरपुर अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद व थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए। मौजूद लोगों ने बताया कि जिस ट्रैक्टर से यह घटना हुई उस गाड़ी से कुछ ग्रामीण लोग चंदन कुमार सिंह डीलर के पास से राशन लेकर लौट रहे थे इसी क्रम में यह घटना घटी।

# पुलिस ने 6 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** थाना क्षेत्र में इन दिनों साइबर अपराधियों का आतंक छाया हुआ है। जिसको लेकर अपराध की भनक लगते ही पुलिस की कार्यवाही तेज हो गई है। इसी क्रम में आवेदक शाहनवाज शेख (37 वर्ष) पिता स्वर्ग.मालेख शेख ग्राम कालीतल्ला थाना बरहरवा जिला साहिबगंज के हाटपाड़ा सीएसपी से अवैध निकासी से संबंधित बरहरवा थाना को लिखित आवेदन दिया था। जहां पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव साहिबगंज के निदेर्शानुसार जांच पदाधिकारी के द्वारा अनुसंधान एवं तप्तीश के दौरान ज्ञात हुआ कि पवन रामानी (उम्र 24) वर्ष पिता-दुर्गा रूमानी साकिन कहारपाड़ा थाना बरहरवा जिला साहिबगंज, शेखर रामानी उर्फ चंद्रशेखर रामानी उम्र 27 वर्ष पिता सोमनाथ रामानी साकिनः प्रोफेसर कॉलोनी झिकटिया थाना-



बरहरवा जिला साहिबगंज एवं अन्य सात अज्ञात लोगों के द्वारा सीएसपी के माध्यम से अवैध पैसे की निकासी की जा रही है। इस आवेदन के आलोक में जांच पदाधिकारी के द्वारा जांच की गई जिस दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगों के द्वारा बैंक अधिकारी बनकर लोगों से अवैध पैसे की ठगी की जाती है,जिससे सभी लोग अपना बैंक खाता एवं क्यू आर कोड भेज कर पैसे मांगते हैं एवं उसमें कमिशन प्राप्त करते हैं जांच के आलोक में पुलिस अवर निरीक्षक सुदामा सिंह के द्वारा साइबर फ्रॉड करने के आरोप में कुल 9 लोगों के विरुद्ध बरहरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके अनुसंधान का भार बरहरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार के द्वारा किया गया। कांड अनुसंधान के दौरान कांड में शामिल कुल 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसमें पवन रमानी (24 वर्ष) पिता-दुर्गा रमानी साकिन-कहारपाड़ा, शेखर रमानी उर्फ चंद्रशेखर रमानी (27 वर्ष)पिता-सोमनाथ रमानी साकिन-प्रोफेसर कॉलोनी,नीरज कुमार (24 वर्ष) पिता-नवीन प्रशाद साकिन-कालितल्ला, अमित कुमार वर्मा (20 वर्ष) पिताः-कुंदन कुमार वर्मा साकिन-स्टेशन चौक झिकटिया, सभी का थाना बरहरवा एवं पप्पू कुमार उर्फ पप्पू रमानी(30 वर्ष) पिता-किशन रमानी साकिन-झरना टोला थाना तीनपहाड़ को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पप्पू रमानी का पूर्व में तीनपहाड़ थाना से मोबाइल चोरी मामले में भी जेल जा चुका है,जो उसके आपराधिक इतिहास को दशार्ता है। मामले में शेष अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा लगातार की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर, कृषि पदाधिकारी बनकर कृषि अनुदान देने के नाम पर एवं कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर लोगों से मोबाइल के माध्यम से ठगी की जाती है पुलिस ने इस मामले में छापेमारी के दौरान धराये अभियुक्तों के पास से ओप्पो एवं वीवो कंपनी के 7 मोबाइल फोन, 6 डेबिट कार्ड एवं 21 सौ रुपए नगद बरामद भी किए हैं। सभी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, तीनपहाड़ थाना प्रभारी शाहरुख, एएसआई सुदामा सिंह, एएसआई गुलशन गौरव एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एक नजर

### छेड़खानी के दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को राधानगर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त के दो आरोपी को न्यायिक हिरासत। जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को प्रखंड के पतौड़ा झील पार्क में नाबालिक लड़की घूमने गई थी। दोनो आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ तथा मारपीट किया था। मामले में पीड़िता ने राधानगर थाना में आवेदन दिया था जिस पर दो नामजद रफीकुल शेख तथा बेलाल शेख के विरुद्ध थाना कांड संख्या 115/24 तथा धारा पॉक्सो एक्ट दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में करवाई करते हुए दोनो नामजद को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे, एसआई हसनैन अंसारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के वाहन की चपेट में आया युवक

**साहेबगंज:** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी साहेबगंज की वाहन से, बांझी संथाली पंचायत का बथानी गाँव का एक व्यक्ति बब्लू हेम्ब्रम उनके गांव में चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त जिला समाज कल्याण पदाधिकारी साहेबगंज, बांझी संथाली का बथानी पकड़िया गांव में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र जांच में चार चक्का वाहन से गए हुए थे। लौटने के क्रम में उक्त वाहन द्वारा सड़क के किनारे लेटे युवक उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद पदाधिकारी वाहन के साथ घटनास्थल से निकल गए।

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल



**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र निवासी महिला उर्मिला देवी उम्र 55 वर्ष पति सितुज साह गुरुवार की सुबह बरहेट से महाराजपुर मोती झरना जा रही थी कि तभी अचानक थाना क्षेत्र के सनमनी के पास बाईक का संतुलन बिगड़ने से वो नीचे सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी अस्पताल लाया गया जहां डॉ. ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर परिजन 108 एंबुलेंस के जरिए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. पिंकू चौधरी ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### भैंस ने बाइक चालक को मारी टक्कर, चालक घायल

**बरहेट:** गुरुवार को देर शाम थाना क्षेत्र के क्रांति स्थल पंचकठिया के समीप बीच सड़क पर आचनक भैंस का झुंड आने के कारण एक बाईक चालक का दुर्घटना हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिला अंतर्गत हिरणपुर थाना के नयाग्राम निवासी बैजनाथ सिंह (25) अपने चचेरा भाई लालदेव सिंह (22) के साथ बोरियो से अपने घर नयाग्राम जा रहा था। वहीं अचानक सड़क के बीचों बीच भैंस का झुंड दिखा, बाईक रोकने का प्रयास किया परंतु संतुलन बिगड़ गया और भैंस से जा टकराया। जिससे बाइक का अगला भाग पूर्ण रूप से क्षति ग्रस्त हो गया। वहीं चालक बैजनाथ सिंह का बांया हाथ टूट गया, एवं पीछे बैठे लालदेव सिंह के बांए कंधे पर अंदरूनी चोट लगा है। ग्रामीणों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया, जहां डॉक्टर पंकज कर्मकार ने प्राथमिक उपचार किया एवं बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सदर अस्पताल लेबर वार्ड बना पैसा उगाही का जरिया





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** रामा कान्त मालवीय : इन दिनों देवघर सदर अस्पताल में भ्रष्टाचार की सीमा पार कर गई है।हर टेबल पर कमीशन खोरी एवं अराजकता की स्थिति बनी हुई है। यहां की लचर व्यवस्था के कारण छोटे से छोटे कर्मचारियों एवं बड़े से बड़े कर्मचारियों मरीज से दवाई के नाम पर सफल इलाज के नाम पर एवं प्रसव करने आई महिला की परिजन से पैसे की उगाही करने की नियति बन गई है। लूट की इस होड़ भला एम एन भी पीछे नहीं है।यहां तक की लेबर वार्ड में ड्यूटी मिले इसके एवज में अधिकारियों को नजराना देना पड़ता है तभी जाकर ए एन एम और एन एम को लेबर वार्ड में ड्यूटी मिलता है। सदर अस्पताल देवघर में प्रसव कराने आई खुशबू कुमारी के परिजन का कहना है की जब तक लेबर वार्ड में कार्यरत कर्मचारियों को चढ़ावा के तौर पर पैसे नहीं दिया जाता है तब तक मरीज को छूना तो दूर देखना भी पसंद नहीं करते हैं लेबर वार्ड में कार्यरत का मामला सामने आ रहा है कुछ कर्मचारियों का कहना है की इस पोस्ट के लिए हमें भी नजराना देना पड़ा सदर अस्पताल देवघर में चारों तरफ चारों तरफ अराजकता की स्थिति फैली हुई है। बार बार खबर छपने और मामले के संज्ञान में आने के बावजूद सिविल सर्जन के द्वारा कोई कारवाई नहीं किया जाना इस पैसे के खेल में उनकी संलिप्तता को उजागर करता है। प्रसव कक्ष में वर्षों से जमे कर्मचारियों को हटा कर अन्य कर्मचारियों का छः छः महीने के रोटेशन में पदस्थापन हो तभी इस खेल पर रोक लग सकता है। फिर प्रबंधन के मिलीभगत से किया जा रहा हैऐसा ही एक वाक्या गुरुवार को देखने को मिला जब नगर निगम क्षेत्र स्थित राम मंदिर रोड निवासी छोटू कुमार ने ड्यूटी पर तैनात नर्स के द्वारा पैसा की डिमांड का आरोप लगाया।

# उर्दू मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने की कंप्यूटर व अन्य सामानों की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतना :** रांगा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय मोहब्बतपुर के दूसरे तल्ले पर चलने वाले आईसीटी लैब एवं कम्प्यूटर क्लास रूम से अज्ञात चोरों ने सभी कम्प्यूटर व अन्य सहायक उपकरणों की चोरी कर ली है। जहां इसको लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. अब्दुल रकीब पिता स्व. शेख कासिम ने रांगा थाना सहित गांव के अन्य प्रमुख लोगों को इसकी जानकारी दी। उधर घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यपक ने बताया कि गुरुवार को जब वे अन्य शिक्षकों के साथ विद्यालय आकर मुख्य गेट का ताला खोलकर सभी लोग अपनी अपनी हाजिरी बना रहे थे तो तभी अन्य छात्र भी विद्यालय आ गए। उधर विद्यालय के अन्य छात्र जब दूसरे तल्ले में बनाए गए आईसीटी लैब व कम्प्यूटर रूम की तरफ गए तो देखा कि रूम का ताला टूटा हुआ है। जहाँ छात्रों ने फौरन आकर इसकी जानकारी सभी शिक्षकों



को दी। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद जब सभी शिक्षक ऊपर जाकर देखा तो पाया कि कम्प्यूटर रूम से सभी सामानों की चोरी कर ली गई है। आगे उन्होंने बताया कि उक्त सभी सामान बीते दिनों 24 जुलाई 2024 को ही विभाग से प्राप्त हुआ था जिसके बाद 31 जुलाई 2024 को इन्वर्टर बैटरी के साथ सभी सामान को सेट करने के लिए विभाग के तरफ से एक मिस्त्री भी विद्यालय को मुहैया कराया गया था। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़कर कम्प्यूटर डेस्कटॉप 5 पीस, मिनी पिसी 1 पीस, थिन क्लाइंट कम्प्यूटर वाई फाई सेट 1 पीस, कीबोर्ड 5 पीस, माउस 5 पीस, स्पीकर 1 पीस, डी लिंक राऊटर 1 पीस व अन्य बिजली के उपकरणों की चोरी कर ली गई है। जहां शिक्षा के मंदिर से कंप्यूटर के सामानों की चोरी करने को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करने को लेकर रांगा थाना क्षेत्र की पुलिस को लिखित आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की है। उधर चोरी की घटना को लेकर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही हैं।

# सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि०, साहेबगंज अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में सिद्धों कान्हू सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, बिभा सिंह, अध्यक्ष झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी राम कुमार प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियां तथा वनोपज के व्यापार से बिचौलियों को पूर्ण से समाप्त कर इसका लाभ अनुसूचित जनजाति एवं ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित पारिश्रमिक दिलवाना



है। उन्होंने कहा कि कृषि से वनोपज जुड़ा हुआ है, गांव में रहने वाले ग्रामीण अपनी अपनी आय बढ़ाने के लिए कृषि कार्यों के साथ- साथ वनोत्पादों का संग्रह कर बिक्री करते हैं, लेकिन खुदरा बिक्री एवं बिचौलिए के कारण उन्हें उचित कीमत नहीं मिल पाता है। इसमें अगर देखें तो कृषि उपज धान, मकई, गेहूं के अलावा आम, कटहल, अमरुद तथा वन उपज गिलोय, कालमेघ, इमली, महुआ, साल बीज, लाह, करंज, चिरौंजी, तसर, बांस, औषधीय वनोत्पाद सहित कई प्रकार के अन्य वनोत्पाद हैं, जिसका उचित मूल्य वहाँ के ग्रामीणों को नहीं मिल पाता हैं। बिचौलिये इनसे कम दाम में खरीदकर इसे बाजार में अधिक मूल्य में बेच दे रहे हैं। इन उत्पादों का सही मूल्य ग्रामीणों और किसानों को मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार आ सके, इसके लिए हमें सुदृढ़ व्यवस्था बनाकर कार्य करना है। ताकि ग्रामीण स्तर पर लोगों के जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव हो सके। राज्य सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं में सामंजस्य, दिशा निर्देश और योजना कार्यान्वयन के लिए सिद्धो- कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० का गठन किया गया है।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने नगाड़ा बजाते हुए चिपकाया इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**तालझारी :** गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकचुरी पहाड़ गांव निवासी इतवारी मालतो पिता दुखन पहाड़िया जो ठगी मामला का आरोपी है और लंबे समय से फरार चल रहा है उसे कांड संख्या 73/23 के मामले में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद उसके घर पर पहुंचकर ढोल नगाड़े बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। इसको लेकर एएसआई मनोज कुमार आजाद ने बताया कि उक्त आरोपी पुलिस को चकमा देकर लंबे समय से फरार चल रहा है जहां आरोपी की खोजबीन बहुत दिनों से की जा रही है परंतु यह आरोपी बहुत ही शातिर, चालाक और होशियार किस्म का है जहां ये लगातार पुलिस प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा है। उधर जैसे ही पुलिस प्रशासन के द्वारा गिरफ्तार किए जाने की भनक उसके कानों में पड़ती है वह घर से भाग जाता है। जहां अंतिम प्रयास करने के बाद प्रशासन की ओर से बाध्य होकर उसके नाम का इश्तेहार निकाला गया है और उनके गांव में तालझारी थाना के एएसआई मनोज कुमार आजाद पुलिस जवानों को साथ ले जाकर ढोल नगाड़ा बजावाकर उनके घर में इश्तहार चिपकाया गया है। वही आरोपी के परिजनों को कहा गया है कि उसे जल्द से जल्द कोर्ट में सरेंडर करने को कहे नहीं तो आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला जनसंपर्क विभाग ने जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला दंण्डाधिकारी- सह-उपयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला संख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जागरूकता रथ को समहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक



सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए प्रदान करने के उद्देश्य से झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाई गई है। इस योजना से जिले के योग्य लाभुकों को अच्छादित करने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन होना है। लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा। आवेदनों को पोर्टल में इंट्री करने के लिए वीएलई रहेंगे। आवेदन के स्वीकृति पदाधिकारी के रूप में अधिकृत बीडीओ/सीओ आवेदनों का सत्यापन तीन दिनों के अंदर करके स्वीकृति प्रदान करेंगे।

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न की जायेगी। आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र।आधार कार्ड। आधार लिंक्ड बैंक खाता का पासबुक। आवेदिका का सिंगल बैंक अकाउंट होना चाहिए। आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो। राशन कार्ड। पात्रता संबंधी घोषणा पत्र। मोबाईल नम्बर। रजिस्ट्रेशन हेतु ओटीपी के लिए आवेदिका अपने मोबाईल के साथ कैम्प में उपस्थित रहेंगी।

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए पात्रता निम्नवत होगी**

झारखंड की निवासी हों। आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमुख ने लाभुकों के बीच मड़ुआ बीज का किया वितरण



**बरहेट:** प्रखंड क्षेत्र के सोनाजोड़ी गांव में गुरुवार को जेएसएलपीएस की ओर से मड़वा बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, जेएसएलपीएस बीपीएम हरेंद्र कुमार शामिल हुए। वहीं प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने सोनाजोड़ी उत्पादक आजीविका सखी मंडल समूह के दीदियों को मड़वा बीज वितरण किया। वही 50 समूह की महिलाओं के बीच प्रति व्यक्ति 4 केजी पैकेट मड़वा बीज का वितरण किया। इस संबंध में प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने कहा कि मड़वा बीज सरकार निशुल्क समय पर उपलब्ध करा रही है। किसान मड़वा बीज उत्पादन कर अच्छी आय प्राप्त होगी। कम पानी में भी आसानी से अच्छे उत्पादन होगा। वहीं मौके पर कोर कमेटी सदस्य लखीराम हेंब्रम, बीआरपी-एलएच माया देवी, गंगाराम मढ़ैया, आशा देवी, भगवती देवी, पूनम देवी, बबीता देवी, ललिता देवी, मीना देवी, वैवों देवी, उत्पादक आजीविका महिला उत्पादक समूह की महिलाएं भी मौजूद थी।

### बोड़ाम हाई स्कूल में 22 सितंबर को लगेगा रक्तदान शिविर



**पटमदा:** बोड़ाम पंचायत मंडप में एससी एसटी ओबीसी माइनोरिटी वेलफेयर समिति की एक बैठक समिति के उपाध्यक्ष गणेश चंद्र महतो की अध्यक्षता में बोड़ाम में एक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए बैठक बुलाई गई।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से आगामी 22 सितंबर को आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। इस दौरान दो सौ यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य लिया। बैठक में मुख्य रूप से आशुतोष महतो,मिहिर महतो, गणेश चंद्र महतो,नीलकमल महतो,बबलू स्वर्णकार,महापद सिंह,यादव महतो,प्रकाश महतो,विश्वनाथ तंतुबाई,रामचंद्र सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री नीलू मछुआ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा:** राज्य के मुख्यमंत्री को डीसी के माध्यम से पटमदा ,बोड़ाम और जमशेदपुर प्रखंड के विभिन्न समस्याओं को लेकर जमशेदपुर भाजपा जिला मंत्री नीलू मछुआ ने दस सूत्री ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। जिसमे पटमदा,बोड़ाम और कमलपुर क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने,किसानों के लिए फ्रुट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना,डिमना और चांडिल डेम से सिंचाई की व्यवस्था करने,आयुष्मान कार्ड से सभी अस्पतालों को जोड़ने,पटमदा बोड़ाम को रेलवे सुविधा से जोड़ने,किसानों और मजदूरों को सड़क दुर्घटना के दौरान सरकारी राशि का एक लाख और मृत्यु पर 20 लाख मुआवजा सहित कई मांग की गई।वही कोल्हान आयुक्त, एसडीओ और बीडीओ को प्रतिलिपि देकर सूचित किया गया।

### सविता महतो ने विधानसभा में किया कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नए भवन व पठन-पाठन की व्यवस्था कराने की मांग



**ईचागढ़ :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में विधायक सविता महतो ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय ईचागढ़ में नए भवन, छात्रावास एवं पठान पठान की संपूर्ण व्यवस्था मुहैया कराने का मांग किया। इस दौरान विधायक ने सदन पर कहा कि ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय में प्रति वर्ष 6 से 12वीं कक्षा एवं छात्रावास में क्रमवार 75 बच्चों का दाखिल होना पूर्व निर्धारित है, परंतु भवन के अभाव में तत्काल प्रतिवर्ष 50 बच्चों का ही नामांकन तथा छात्रावास उपलब्ध कराई जा रही है। जिस कारण शेष 25 बच्चे पठान पठान से वंचित हो जा रहे हैं तथा अध्यनरत छात्रों की पढ़ाई भी बगल के विद्यालय से चल रही है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से छात्रहित में कस्तूरबा गांधी विद्यालय ईचागढ़ के नए स्कूल भवन, नए छात्रावास भवन एवं पठान पठान की संपूर्ण व्यवस्था मुहैया करने का मांग किया है।

### खाद्य आपूर्ति मंत्री से पीडीएस का कमीशन बढ़ाने व भुगतान की मांग



**जमशेदपुर :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची में खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला। इस दौरान उन्हें मांग पत्र सौंपकर डीलरों की समस्याओं से अवगत कराया। एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता ने बताया कि पीडीएस डीलरों का एनएफएसए का कमीशन कई माह से बकाया है। साथ ही वर्तमान में 1.50 रुपया प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। इसे बढ़ाकर 2 रुपया करने, अनुकंपा नियुक्ति को पूर्व की भांति (उम्र सीमा हटाने) लागू करने, अपवाद पंजी से 5 प्रतिशत लाभुकों का राशन वितरण की अनुमति प्रदान करने समेत कई मागों से अवगत कराया गया। मंत्री ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष मोहन साव पारस, मनीष अग्रवाल, वरीय संगठन सचिव विनोद कुमार, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सचिव विनोद साव, जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार, कोर कमेटी सदस्य जितेन्द्र कुमार, सिकंदर कुमार, गुलाब साव शामिल थे।



# मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने में मददगार है अरोमाथेरेपी


आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिजिकल हेल्थ खराब होने के साथ ही मेंटल हेल्थ पर भी काफी असर पड़ रहा है। हर दूसरा बंदा काम के बोझ के तले इतना दब गया है कि उसे अपने लिए टाइम ही नहीं है। तनाव के कारण एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी दिक्कत होने लगी है। लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, फोकस करने में परेशानी आती है। अगर आप भी इस तरह की परेशानी होती है तो आप मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने के लिए अरोमाथेरेपी का सहारा ले सकते हैं।

## क्या होती है अरोमाथेरेपी

अरोमाथेरेपी जैसा की इसके नाम से मालूम चल रहा है अरोमा मतलब खुशबू और थेरेपी मतलब इलाज,खुशबू की मदद से इलाज करने को ही हम अरोमाथेरेपी कहते हैं । यह मानसिक तनाव का इलाज करने का सबसे कारगर तरीका है। एसेंशियल ऑयल्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,यह तेल पौधों,जड़ी बूटियों फूलों,पंखुड़ियों जैसी चीजों से निकाले जाते हैं।

## मेंटल हेल्थ को कैसे बूस्ट करता है अरोमाथेरेपी

एक्सपर्ट के मुताबिक लैवेंडर कैमोमाइल जैसे एसेंशियल ऑयल्स में शांत करने वाले गुण होते हैं जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं,इससे बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है और जब आप सुकून भरी नींद सोते हैं तो इससे मस्तिष्क के सेल्स रिपेयर होते हैं । एसेंशियल ऑयल्स की खुशबू लेने से कोर्टिसोल का स्तर कम हो सकता है,जो तनाव के लिए जिम्मेदार हार्मोन होता है,जब आपका कोर्टिसोल हार्मोनकम होता है तो आपको सुकून भरी नींद आती है इससे मेंटल हेल्थ बूस्ट होता है। एसेंशियल ऑयल्स मूड पर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं,अवसाद की भावनाओं को कम कर देवदार की लकड़ी और चंदन जैसी सुगंध गहरी, अधिक आरामदायक नींद चक्र को बढ़ावा देकर नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकती है। क्लैरी सेज जैसे एसेंशियल ऑयल नींद को नियंत्रित करने वाले हार्मोन को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं जिससे नींद का पैटर्न सही हो जाता है। अच्छी खुशबू वाला कमरा एक शांत और आरामदायक वातावरण बनाता है जिससे आराम करना और नींद आना आसान हो जाता है।



# किडनी की बीमारी में आपका शरीर आपको देता है ये संकेत

**स्किन और नाखूनों से ये दिखाई देता है कि हमारी किडनी में किस तरह की बीमारी होने जा रही है। आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि किडनी के लक्षण काफी गंभीर हो सकते हैं।**

हमारा शरीर आने वाले हर खतरे का संकेत पहले से ही देने लगता है। शरीर में अगर कोई बड़ी समस्या होने वाली है तो उससे पहले छोटी-छोटी चीज़ों से हमें कुछ न कुछ संकेत मिलते रहते हैं। शरीर का कोई भी बड़ा ऑर्गेन खराब हो रहा हो तो कई बार हमें स्किन और बालों के जरिए भी उसके संकेत मिलने लगते हैं। ऐसा ही किडनी की बीमारी के साथ भी होता है। किडनी की बीमारी होने से पहले स्किन पर कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। यहां सिर्फ बालों का झड़ना या फिर हेयर लाइन शुरू होते ही फ्लेकी स्किन नहीं बल्कि नाखूनों, पैरों, हाथों आदि पर भी असर दिखता है और आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि अगर ऐसे कोई लक्षण दिख रहे हैं तो आपको एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। पर आखिर कौन से संकेत हैं जो साफ दिखाई देते हैं।


## किडनी की बीमारी के समय शरीर में होती है ये समस्या

स्किन, बाल और नाखून हमारी सेहत को लेकर बहुत ही जरूरी संकेत देते हैं। कोई भी छुपी हुई बीमारी जैसे मालन्यूट्रीशन, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का ओवरडोज, दवाओं का असर या बीमारी आदि के संकेत इन दोनों से मिल जाते हैं। जिन लोगों को किडनी की बीमारी या किडनी फेलियर का रिस्क होता है उन्हें जिंक, कैल्शियम, आयरन, विटामिन क्रजैसे मिनरल्स दिए जाते हैं। जिन मरीज़ों को डायलेसिस की जररूत होती है उन्हें इन मिनरल्स की कमी के लिए रीनल विटामिन्स दिए जाते हैं जिनमें विटामिन क्रकॉम्प्लेक्स के हाई लेवल होते हैं। कैल्शियम और आयरन को बल्ड लेवल में मॉनिटर किया जाता है और अगर ये लेवल कम होते हैं तो सप्लिमेंट्स उसी हिसाब से दिए जाते हैं।

## किडनी की बीमारी के कारण स्किन पर दिखते हैं ये असर

किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन्स काफी बढ़ जाते हैं और इसके कारण स्किन में नाइट्रोजन भी बढ़ जाता है। स्किन बहुत ड्राई, खुजली वाली हो जाती है। इसी के साथ, स्किन में क्रैक्स, स्केल्स आदि बनने लगते हैं। स्किन काफी पतली हो जाती है और बहुत आसानी से स्ट्रेच मार्क्स भी आ जाते हैं जो कच्चे होते हैं और खुजली वाले भी होते हैं। इनमें आसानी से ब्लीडिंग होने लगती है। स्किन ज्यादा सफेद दिखने लगती है और इसका रंग भी ग्रे, ब्लू, पर्पल या येलो शेड का हो जाता है। सिस्ट्स और स्पॉट्स भी दिख सकते हैं।

## हाथ और पैरों में आ जाती है बहुत ज्यादा सूजन



हाथों और पैरों में सूजन, चेहरे में सूजन, ऐड़ियों में सूजन आना बहुत ही आम लक्षण है जिसे लेकर आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। शरीर से टॉक्सिन्स ठीक तरह से बाहर न निकल पाने के कारण ये होता है और आपको इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए कि ऐसा लक्षण गंभीर समस्या की तरफ इशारा करता है इसलिए डॉक्टर से सलाह लें।


## किडनी की बीमारी के कारण नाखूनों पर दिखते हैं ये असर

नाखूनों पर भी किडनी की बीमारी का असर साफ दिखाई देता है। सफेद बैंड्स या स्पॉट्स नाखूनों पर बनने लगते हैं और ये कमजोर, कच्चे और फ्लेकी हो जाते हैं। अक्सर ऐसे नाखूनों के बीच में लाइन बनने लगती है। हमारे नाखून कई और बीमारियों के संकेत भी देते हैं और ऐसे में हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि हम ऐसे कोई भी लक्षण के दिखने पर डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## स्किन पर दाने और रैशेज



जैसा कि हम पहले बता चुके हैं कि किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन बहुत ज्यादा इकट्ठा हो जाता है और ये रैशेज, बंप्स, ब्लीडिंग वाली स्ट्रेचमार्क्स आदि का कारण बनता है ऐसे में आप शरीर में कई तरह के मिनरल्स आदि का टेस्ट करवा सकते हैं। ये सारे लक्षण किसी अन्य वजह से भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि ये सिर्फ और सिर्फ किडनी के कारण हों। आपको ये ध्यान रखना होगा कि अगर आपको कोई समस्या हो रही है तो एक्सपर्ट की सलाह लेना ही किसी गंभीर रोग से मुक्ति का अच्छा कारण हो सकता है। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न दिखाएं और डॉक्टर से सलाह लेते रहें।



# थायराइड कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

आजकल थायराइड की बीमारी काफी आम हो चुकी है। थायराइड रोग वह स्थिति है जिसमें थायराइड ग्लैंड शरीर की जरूरत से कम या अधिक हार्मोन का निर्माण करने लगता है जिसके कारण कई सारी समस्याएं पैदा होती है। थायराइड के कारण जहां मोटापा हेयर फॉल , जोड़ों में दर्द जैसी समस्या होती है वहीं यह दिल की सेहत को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने एक्सपर्ट से बात की है। आइए जानते हैं थायराइड कैसे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है।

## कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

एक्सपर्ट बताती हैं की दोनों ही थायराइड हार्ट हेल्थ को प्रभावित करता है। हाइपोथायरायडिज्म की बात करें तो इसमें थायराइड हार्मोन का लेवल शरीर में कम हो जाता है,इससे थायराइड ग्लैंड का फंक्शन कम होने लगता है,इससे मेटाबॉलिज्म खराब हो जाता है,इससे दिल को नुकसान हो सकता है जैसे इससे हार्ट रेट स्लो हो जाता है,इससे आपको ब्रेडीकार्डिया की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ सकता है,इसके कारण हृदय का फैलाव हो सकता है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।थायराइड बढ़ने से हार्ट की धमनियां संकरी होने लगती है,इससे ब्लड का सर्कुलेशन ठीक ढंग से नहीं हो पाता है,लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर हार्ट अटैक आने का खतरा बना रहता है। हाइपरथायरायडिज्म में आपका थायराइड ग्लैंड ओवर एक्टिव हो जाता है इससे हाइपर मेटाबॉलिज्म होता है जिससे हार्ट रेट बढ़ सकता है,इससे ट्रैकी कार्डिया की स्थिति पैदा हो सकती है। इस स्थिति में भी हार्ट का फैलाव हो जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और इस तरह से हार्ट को नुकसान पहुंचता है।



# क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है हो सकता है इस बीमारी का संकेत

**क्या आपको भी हर वक्त कच्चा बर्फ चबाने का दिल करता है। अगर हां तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए क्योंकि यह एक गंभीर डिसऑर्डर की तरफ इशारा करता है।**

गर्मियों के मौसम में हर किसी को कुछ ना कुछ ठंडा खाने का मन करता है। ठंडा पानी तो हर कोई पीता है, लेकिन आइसक्रीम मिल जाए तो सोने पर सुहागा हो जाता है। गर्मी से राहत पाने के लिए कुछ लोग तो घर में रखे आइस क्यूब भी खाते हैं। लेकिन अगर आप बार-बार कच्ची बर्फ चबाते हैं तो इसे इग्नोर ना करें। दरअसल आपकी यह आदत किसी बीमारी की तरफ इशारा करती है। आइए जानते हैं बार-बार बर्फ खाने का मन क्यों करता है।

क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है आपको भी बार-बार बर्फ खाने की क्रेविंग होती है तो शायद आप पिका डिसऑर्डर से पीड़ित हैं। वैसे तो यह बच्चों या गर्भवती महिलाओं में होता है,लेकिन अगर आप में आयरन की कमी हो तो भी आपको इसकी क्रेविंग हो सकती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि एनीमिया से पीड़ित लोगों में रेड ब्लड सेल्स की कमी हो जाती है ऐसे में लोगों को बर्फ खाने की इच्छा बढ़ जाती है। वहीं जो लोग मानसिक तनाव से गुजर रहे होते हैं उन्हें भी बर्फ खाने की क्रेविंग होती है। अगर यह क्रेविंग लंबे समय तक बनी हुई है तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलकर इसका इलाज करवाना चाहिए।

## क्या हैं इसके नुकसान

- दांतों में दर्द, बर्फ आपके दांत की इनेमल की परत को डैमेज कर सकती है।
- एनीमिया की गंभीर समस्या,इसके कारण हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंचता है।
- पेट में इंफेक्शन और कब्ज की समस्या



# छींक क्यों नहीं रोकनी चाहिए

**छींक आना नॉर्मल है। लेकिन, अगर आपको बहुत अधिक छींक आती है, तो इसे नजरअंदाज करें। इसके अलावा, अगर आप छींक आते वक्त इसे रोकती हैं, तो इससे भी सेहत को नुकसान हो सकता है।**

हमारा शरीर सेहतमंद रहने के लिए कई नेचुरल प्रोसेस को फॉलो करता है। पेट साफ होना, गैस बाहर निकलना, डकार आना और छींक आना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जिनका हमारी सेहत से गहरा कनेक्शन है। कई बार, नाक के अंदर डस्ट और पाउडर जैसे पार्टिकल्स चले जाते हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए, छींक आती है। वहीं, सर्दी-जुकाम होने पर भी छींक आती है। हालांकि, अगर आपको अक्सर बहुत अधिक छींक आती हैं, तो इसके पीछे कुछ हेल्थ कंडीशन्स हो सकती हैं। आमतौर पर छींक आना काफी नॉर्मल होता है। कई लोग, छींक आने पर इसे रोक लेते हैं। लेकिन, सेहत के लिहाज से ऐसा करना गलत है। एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप छींक रोकती हैं, तो इससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। इस बारे में डॉक्टर नीतिका कोहली जानकारी दे रही हैं। वह आयुर्वेद में एमडी हैं। उन्हें इस फील्ड मे लगभग 17 सालों का अनुभव है।

## छींक रोकने से सेहत को हो सकता है नुकसान

- दरअसल, हमारी नाक में एक म्यूकस नाम की झिल्ली होती है। इसके टिश्यू या सेल्स पर जब कोई डस्ट पार्टिकल आकर चिपकता है, तो इसे बाहर निकालने के लिए छींक आती है।
- आयुर्वेद में छींक को क्षतु कहा जाता है। इसे अधारणीय वेग कहा जाता है। इसकी गिनती उन वेगों में होती है, जिन्हें रोका नहीं जा सकता है और रोकना भी नहीं चाहिए।
- छींक के जरिए, बैक्टीरिया और वायरस नाक से बाहर निकल जाते हैं। इसलिए, यह फायदेमंद होती है।
- छींक रोकना सेहत के लिहाज से सही नहीं है। इससे गर्दन अकड़ सकती है और साइनस की दिक्कत भी हो सकती है।
- अगर आप छींक आने पर इसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो इससे फेस की नर्व्स और मसल्स कमजोर हो सकती हैं।
- यह शरीर की सफाई का एक नेचुरल प्रोसेस है। इसलिए, इसे होल्ड नहीं करना चाहिए।
- एक्सपर्ट के मुताबिक, कई बार सोशल एटिकेट्स या अन्य कई वजहों से लोग छींक को रोक लेते हैं। लेकिन, छींक रोकने से फेफड़ों पर दबाव पड़ता है। इससे श्वसन तंत्र पर बुरा असर हो सकता है।
- छींक के जरिए, बाहर निकलने वाली हवा का प्रेशर काफी तेज होता है। इसे रोकने से, आंख, नाक और कान के ब्लड वेसल्स पर असर पड़ सकता है।
- छींक आने पर उसे रोकने की कोशिश न करें। एक्सपर्ट की सलाह पर जरूर ध्यान दें। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



# श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में जीत से शुरुआत करना चाहेगी भारतीय टीम

**कोलंबो (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में अब भारतीय क्रिकेट शुक्रवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान श्रीलंका का सामना करेगी। इस मैच में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने मेजबान टीम को सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 3-0 से हराया है। जिससे उसके बुलंद हैं। अब एकदिवसीय सीरीज में एक बार फिर रोहित कप्तानी संभालेंगे। रोहित टी20 विश्वकप के बाद ये पहली सीरीज खेलेंगे। उनके अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस सीरीज से वापसी करेंगे। रोहित ओर विराट ने टी20 विश्वकप के बाद आराम के लिए ब्रेक ले लिया था।

रोहित और विराट ने यहां पहुंचने के बाद अभ्यास भी किया और अब दोनो का लक्ष्य इस सीरीज में टीम को बड़े अंतर से जीत दिलाना रहेगा। इन दोनो ने ही टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारुप को अलविदा कह दिया था। ऐसे में दोनों टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं थे। इस सीरीज से बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी वापसी कर बेहतर स्कोर बनाना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका की कप्तानी चरित असलंका के हाथों में ही रहेगी। क्रिकेट श्रीलंका ने असलंका को टी20 के बाद एकदिवसीय सीरीज के लिए भी कप्तान बनाया है।

इस सीरीज से पहले मेजबान श्रीलंकाई टीम को एक करारा झटका लगा है। उसके प्रमुख गेंदबाज मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं। पथिराना के कंधे में चोट है, जबकि मदुशंका



हैमस्ट्रिंग की समस्या से पीड़ित हैं। इसके अलावा, दुष्मंथा चमीरा बीमार है जबकि नुवान तुषारा के अंगूठे में फ्रैक्चर है।

टी20 सीरीज में पथिराना ने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। ऐसे में उनकी कमी श्रीलंका को खलेगी।

## टीम

**भारत**- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा

**श्रीलंका**-चरित असलांका (कप्तान), पथुम निसांका। अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, मोहम्मद शिराज।

# पेरिस ओलंपिक : निशानेबाज अंजुम और सिफत कौर 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल



**शेटराउ (फ्रांस) (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सिफत कौर सामरा बृहस्पतिवार एक अगस्त को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं।

अंजुम 18वें और सिफत 31वें स्थान पर रहीं। अपने दूसरे ओलंपिक में भाग ले रही अंजुम ने महिलाओं की 3पी स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में 584 अंक हासिल किए जबकि सिफत ने 575 अंक जुटाए।

एशियाई खेलों की मौजूदा चैम्पियन सिफत ने स्टैंडिंग में खराब प्रदर्शन कर 93 और 94 अंक हासिल किये जिससे वह निचले स्थान पर रहीं। नीलिंग चरण में उनका स्कोर 193 रहा और वह प्रोन में 195 अंक से वापसी की कोशिश में थीं लेकिन स्टैंडिंग सीरीज में 187 अंक के खराब प्रदर्शन ने उन्हें नीचे धकेल दिया।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले रोहित शर्मा का बड़ा बयान, कहा- हमारी टीम को आगे बढ़ने...

**कोलंबो (एजेंसी)।** 2 अगस्त से भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का आगाज होने जा रहा है। वहीं इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि अब टी20 वर्ल्ड कप जीत की खुशी से आगे बढ़ने का समय आ गया है। अब वह नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में चुनौतियों भरी सीरीज में सफलता जारी रखने की उम्मीद लगाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में गंभीर के मार्गदर्शन में इस सत्र नयी यात्रा का आगाज हुआ। जिसमें कुछ शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट खेले जाने हैं और इसमें अगले साल के शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा की मैंने क्रिकेट से दूर अच्छा समय बिताया। वर्ल्ड कप जीतने के बाद घर वापस आना एक शानदार अहसास था जिसमें दिल्ली और मुंबई में अनुभव अद्भुत रहा, लेकिन अब हमें आगे बढ़ना होगा क्योंकि क्रिकेट आगे बढ़ता है। हमने बीते समय में जो कुछ भी प्रदर्शन किया है, वो उस विशेष समय के



लिए अच्छा था। लेकिन समय आगे बढ़ता रहता है और हमें भी आगे बढ़ते रहना चाहिए। 2023 वर्ल्ड कप के बाद भी यही हुआ था। हमें तब बहुत निराशा हुई थी लेकिन हमें आगे बढ़ना था और वर्ल्ड कप का इंतजार करना था। अब टी20 वर्ल्ड कप खत्म हो गया है तो हमें एक टीम के रूप में ये सोचना होगा कि हमारे आगे क्या है। एक बड़ा टूर्नामें आने वाला है।

# पेरिस ओलंपिक: लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, हमवतन एचएस प्रणय को हराया

**पेरिस (एजेंसी)।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को एकतरफा मुकाबले में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 39 मिनट चले अंतिम 16 के मुकाबले में 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-12, 21-6 से शिकस्त दी।

लक्ष्य की प्रणय के खिलाफ आठ मैच में यह पांचवीं जीत है। क्वार्टर फाइनल में हालांकि लक्ष्य की राह आसान नहीं होगी। गैर वरीय लक्ष्य अंतिम आठ में 12वें वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउटिएन चेन से भिड़ेंगे जिन्होंने जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका को 21-12, 21-16 से हराया।

प्रणय के खिलाफ लक्ष्य शुरुआत से ही शानदार लय में नजर आए। प्रणय मैच के दौरान बिल्कुल भी लय में नहीं दिए और उन्हें प्रत्येक अंक जुटाने के लिए काफी जूझना पड़ा। वह पूरे मुकाबले के दौरान कभी भी लक्ष्य को चुनौती पेश करने की स्थिति में नहीं दिखे। लक्ष्य ने शानदार स्मैश लगाए जबकि नेट पर भी शानदार खेल दिखाया। बाइस साल के लक्ष्य ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-6 की बड़ी बढ़त हासिल करने में सफल रहे।


विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 32 साल के प्रणय की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर बढ़त को 13-6 तक पहुंचाया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले लक्ष्य ने लगातार चार अंक के साथ बढ़त को 18-9 किया। लक्ष्य ने 19-12 के स्कोर पर प्रणय के शॉट वापस लौटाने में नाकाम रहने पर आठ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर विरोधी खिलाड़ी के



अगला शॉट बाहर मारने पर पहला गेम 21 मिनट में 21-12 से जीत लिया।

दूसरे गेम में लक्ष्य ने पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 6-1 की बढ़त बनाई। प्रणय के पास विरोधी खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था जिससे लक्ष्य ने ब्रेक तक 11-3 की काफी बड़ी बढ़त बना ली और फिर स्कोर 14-3 किया। लक्ष्य ने बढ़त को 19-5 किया और फिर प्रणय के बाहर शॉट मारने पर 15 मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रणय ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन फिर अगला शॉट बाहर मारकर गेम और मैच लक्ष्य की झोली में डाल दिया।


# पेरिस ओलंपिक : स्वप्निल ने निशानेबाजी में कांस्य जीता



पेरिस । पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों का बेहतर प्रदर्शन जारी है। मनु भाकर और सरबजोत सिंह के बाद अब स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में कांस्य पदक जीता है। स्वप्निल ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में तीसरा स्थान हासिल कर यह कांस्य जीता। स्वप्निल ने कुल 451.4 अंक हासिल किये। इस प्रकार भारत को तीसरा पदक मिला है। ये तीनों ही पदक निशानेबाजी में आये हैं। अब स्वप्निल ओलंपिक में पदक जीतने वाले सातवें भारतीय निशानेबाज बन गये हैं। इस बार ओलंपिक में पहला कांस्य पदक मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता। इसके बाद मनु और सरबजोत ने मिश्रित इवेंट में भी कांस्य पदक जीता। वहीं अब स्वप्निल ने तीसरा पदक जीता है। भारत को ओलंपिक में पहला पदक 2004 में राज्यवर्धन राठौड़ ने एथेंस ओलंपिक में जिताया था। इसके बाद बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण जीता था। साल 2012 में बीजिंग ओलंपिक में भारत के दो निशानेबाजों ने पदक जीता था। तब विजय कुमार ने रजत और गगन नारंग ने कांस्य पदक जीता था।

# गंभीर कोच बनने के बाद पहली बार विराट के साथ नजर आये

कोलंबो । गौतम गंभीर के भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच मुख्य कोच बनने के पहली बार अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से उनकी मुलाकत हुई। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर आई हैं। इसमें ये दोनो ही बातें करते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले साल दोनो के बीच आईपीएल में जोरदार बहस हुई थी। ऐसे में क्रिकेट प्रशंसकों को लग रहा था कि ये दोनो कैसे मिलते हैं। विराट श्रीलंका दौरे पर एकदिवसीय सीरीज खेलने के लिए यहां पहुंचे थे। विराट ने पहली बार कोच गंभीर के सामने अभ्यास किया। टीम इंडिया के अभ्यास सत्र की तस्वीरें भी बीसीसीआई ने साझा की है। इसमें दोनों एकसाथ दिख रहे हैं। विराट और गंभीर के बीच मैदान पर अच्छे रिश्ते नहीं रहे थे जिसकी वजह से सभी को दोनों के एक साथ आने का इंतजार था। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले दोनों नेट प्रैक्टिस के दौरान साथ दिखे। बीसीसीआई ने अभ्यास सत्र की जो तस्वीर साझा की है जिसमें दोनों मैदान पर हुई पिछली बातों को भूलकर बिल्कुल आराम से थे। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान दो बार गंभीर और विराट कोहली के बीच हुआ हुआ था हालांकि अब ये पुरानी बातें हो गयी हैं। दोनो ने एक नई शुरुआत की है। टीम इंडिया ने श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी20 सीरीज में सभी मैच जीतकर की है। अब सबकी नजरें एकदिवसीय सीरीज पर लगी हैं।



# बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों की बैठक में शाहरुख और नेस वाडिया में हुई बहस

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के मालिकों के बीच 2025 सत्र को लेकर हुई एक बैठक में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहमालिक शाहरुख खान और पंजाब किंग्स के मालिक नेस वाडिया आमने-सामने आ गये। इस बैठक में आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन संख्या को लेकर ये बहस शुरु हुई। फ्रेंचाइजियों का मानना था कि वे टीम तैयार करने में काफी मेहनत करते हैं पर हर तीन साल बाद होने वाली मेगा नीलामी के कारण उन्हें नये सिरे से टीम बनानी पड़ती है। इसएलिए मेगा नीलामी का तरीका समाप्त कर देना चाहिये।

एक रिपोर्ट के अनुसार शाहरुख मेगा नीलामी का जमकर विरोध कर रहे थे। इसी दौरान खिलाड़ियों की रिटेंशन की संख्या को लेकर उनकी पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया के साथ जमकर बहस हो गयी। शाहरुख संख्या में खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दिये जाने के पक्ष में थे जबकि वाडिया इसका विरोध कर रहे थे।

इस दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की मालिक काव्या मारन भी शाहरुख से सहमत दिखी जबकि दिल्ली कैपिटल्स के मालिक पार्थ जिंदल वाडिया के समर्थन में थे। उनका मानना है कि नीलामी जारी रहनी चाहिये।

वहीं बीसीसीआई की ओर से अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है, बोर्ड अगस्त के अंत तक अपने फैसले मालिकों को बताएगा काव्या ने शाहरुख का समर्थन करते हुए कहा, टीम बनाने में बहुत समय लगता है और जैसा कि चर्चा की गई है, युवा खिलाड़ियों को परिपक्व होने में भी काफी समय और निवेश लगता है।

बैठक में शामिल होने वाले अन्य मालिकों में दिल्ली कैपिटल्स के किरण कुमार ग्रांधी और पार्थ जिंदल, लखनऊ सुपर जायंट्स के संजीव गोयनका, चेन्नई सुपर किंग्स की रूपा गुरुनाथ, राजस्थान रॉयल्स के मनोज बडाले और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रथमेश मिश्रा शामिल थे। कुछ मालिक वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिए बैठक में शामिल हुए, जिनमें मुंबई इंडियंस के अंबानी भी शामिल थे।



# इस साल का अपना पहला एकदिवसीय खेलेंगे विराट

**कोलंबो (एजेंसी)।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टी20 विश्वकप क्रिकेट के बाद पहली बार मैदान में उतरेंगे। विश्वकप के बाद विराट ने खेल से ब्रेक ले लिया था। वह इस सीरीज से भी बाहर रहने वाले थे पर नये मुख्य कोच गौतम गंभीर की अपील पर खेलने को तैयार हो गये।

विराट ने श्रीलंका पहुंचने के बाद अभ्यास भी किया है। श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज में कोहली को खेलना है। ये पिछले साल नवंबर में हुए विश्व कप फाइनल के बाद उनका पहला एकदिवसीय मैच होगा। ये सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भी अहम मानी जा रही है। विराट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया के अहम सदस्य होंगे। ऐसे में इस सीरीज में उनका प्रयास अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय प्रारुप में कोहली का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उन्होंने साल 2008 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू भी श्रीलंका के खिलाफ ही किया था। श्रीलंका के खिलाफ विराट कोहली के आंकड़े की बात करें तो उन्होंने 25 एकदिवसीय में 2595 रन बनाए हैं जिसमें 10 शतक भी शामिल हैं। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तो उनका रिकॉर्ड और भी बेहतर है। उन्होंने यहां 11 एकदिवसीय में 644 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल है। पिछली बार विराट ने इस मैदान पर नाबाद 122 रन बनाए थे और भारत ने उस मैच में 228 रनों से जीता था।

# टी20 में जडेजा का विकल्प हो सकते है रियान



मुम्बई । श्रीलंका दौरे में अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाले रियान पराग आने वाले समय में रविन्द्र जडेजा के विकल्प के तौर पर उभर सकते हैं। जडेजा ने टी20 विश्वकप में जीत के बाद इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। ऐसे में अब टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर जडेजा की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी रियान को सौंप सकते हैं। रियान एक अच्छे बल्लेबाज होने के साथ ही गेंदबाज भी हैं और ये उन्होंने श्रीलंका दौरे में साबित किया है। रियान बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। पराग ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में सिर्फ 5 रन देकर 3 विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे टी20 में भी पूरे 4 ओवर डाले। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। लेकिन इससे यह पता चलता है कि पराग ठीक-ठाक गेंदबाजी कर सकते हैं। वह पूरे 4 ओवर भी टी20 में फेंक सकते हैं। पराग एक बेहतरीन बल्लेबाज भी हैं। घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी ये देखा है। उन्हें गेंदबाजी में हालांकि निखारे जाने की जरुरत है। रियान ने आईपीएल में अब तक खेले गए 70 मुकाबलों में 1173 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने 6 अर्धशतक लगाये हैं। उनके नाम आईपीएल में 4 विकेट भी हैं। आईपीएल 2024 में उन्होंने अपने प्रदर्शन से भी का ध्यान खींचा था।

# उत्तर प्रदेश टी-20 क्रिकेट लीग 20 अगस्त से

लखनऊ । 20 अगस्त से उत्तर प्रदेश टी-20 क्रिकेट लीग शुरु होगी। इसमें छह टीमें गोरखपुर लायंस, कानपुर सुपर स्टार्स, काशी रुद्रास, लखनऊ फाल्कन्स, मेरठ मेवरिक्स और नोएडा सुपर किंग्स भाग लेगी। इसके लिए हुई नीलामी में 150 से अधिक खिलाड़ियों पर बोली लगी। इसमें विकेटीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल ने गोरखपुर लायंस के लिए टीम चुनी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ध्रुव ने इस टीम के लिए अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को चुना। वही विकास सिकरवार, अर्जुन भारद्वाज और दीपक राजपूत को बोली में तीनों खिलाड़ियों को कोई खरीदार नहीं मिला आगरा के विकास , अर्जुन और दीपक का नाम इस बोली की सूची में शामिल रहा पर तीनों होनहार खिलाड़ियों को कोई खरीदार नहीं मिला। ऐसे में ध्रुव ने इन्हें अपनी टीम में अवसर दिया। पिछले साल गोरखपुर लायंस ने ध्रुव को खरीदा था। इस बार ध्रुव अपनी मनपसंद टीम चुनने के लिए बोली में मौजूद रहे। ध्रुव फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस लीग में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।

# पेरिस ओलंपिक : बढ़त बनाने के बाद बेल्जियम से हारी भारतीय हॉकी टीम

पेरिस - हाफटाइम तक एक गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारत को पेरिस ओलंपिक की पुरूष हॉकी स्पर्धा में मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम ने बृहस्पतिवार एक अगस्त को पूल बी के मैच में 2-1 से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह पहली हार थी जिसने न्यूजीलैंड को 3-2 और आयरलैंड को 2-0 से हराने के अलावा अर्जेंटीना से 1-1 से ड्रॉ खेला था। क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम के लिए अभिषेक ने 18वें मिनट में पहला गोल किया और भारत ने हाफटाइम तक बढ़त बरकरार रखी। बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में दो गोल करके बढ़त बनाई जो आखिर तक कायम रही। बेल्जियम के लिए थिबू स्टॉकब्रोक्स ने 33वें और जॉन जॉन डोमैन ने 44वें मिनट में गोल किया। भारत को अब अगला मैच शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है जिसे बेल्जियम ने 6-2 से हराया था। पिछले मैचों की तरह भारत को इस बार भी 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार कप्तान हरमनप्रीत सिंह का शॉट बेल्जियम के गोलकीपर विंसेंट वानाश ने बेहद खूबसूरती से बचाया।

# पेरिस ओलंपिक: सात्विक-चिराग की जोड़ी हार के साथ पुरुष युगल से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस - एशियाई खेलों की चैंपियन और पदक की प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी बृहस्पतिवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी को 64 मिनट चले मुकाबले में दुनिया की सातवें नंबर की चिया और सोह जोड़ी के खिलाफ 21-13, 14-21, 16-21 से हार मिली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता चिया और सोह के खिलाफ 12 मैच में यह भारतीय जोड़ी की नौवीं हार है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत में ही कुछ सहज गलतियां की जिसका फायदा उठाकर चिया और सोह ने कुछ आसान अंक जुटाए।

सात्विक और चिराग हालांकि इसके बावजूद नेट पर अच्छा खेल दिखाते हुए 6-4 की बढ़त बनाने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ियों के स्मैश भी स्टीक थे जिससे मलेशिया की जोड़ी को काफी परेशानी हुई। भारतीय जोड़ी अच्छा खेल दिखाने के साथ बार-बार गलतियां भी कर रही थी जिससे चिया और सोह को वापसी का मौका मिलता रहा। सात्विक और चिराग ने हालांकि ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी रंग में नजर आई।

सात्विक और चिराग ने लगातार पांच अंक के साथ 15-10 की मजबूत बढ़त बनाई। चिया और सोह ने दबाव में कई शॉट नेट पर और बाहर मारे जिससे सात्विक और चिराग 17-11 से आगे हो गए। चिराग के स्मैश को 19-12 के स्कोर पर मलेशिया की जोड़ी वापस लौटने में नाकाम रही जिससे भारतीय जोड़ी को आठ गेम प्वाइंट मिले। चिया और सोह ने एक गेम प्वाइंट बचाया लेकिन सात्विक के दमदार स्मैश से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 17 मिन में जीत लिया।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर शुरुआत की। सात्विक और चिराग ने दमदार खेल दिखाकर 4-0 की बढ़त बनाई। मलेशिया की जोड़ी ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए लगातार पांच अंक के साथ 5-4 की बढ़त बना ली। दोनों जोड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली जिससे 5-5 से 10-10 तक प्रत्येक अंक पर स्कोर बराबर हुआ।

मलेशिया की जोड़ी ब्रेक तक 11-10 से आगे रही। चिया और सोह ने लगातार तीन अंक के साथ 16-12 की बढ़त बनाई। सात्विक और चिराग ने इसके बाद कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे मलेशिया की जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। मलेशिया की जोड़ी ने दूसरे गेम में अंतिम 15 में से 11 अंक जीते। तीसरे गेम की शुरुआत में सात्विक और चिराग



का खेल बिखरा हुआ नजर आया जिससे मलेशिया की जोड़ी ने 5-2 की बढ़त बनाई।

सात्विक और चिराग हालांकि जल्द ही संभल गए और स्कोर 5-5 कर दिया और फिर ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में सफल रहे। भारतीय जोड़ी ने बढ़त को 14-11 किया लेकिन चिया और सोह ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए 15-15 पर बराबरी हासिल की। मलेशिया की जोड़ी ने 16-16 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया और पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय जोड़ी का पदक जीतने का सपना तोड़ दिया।

## जब घुसपैठियों से भिड़ गई महिला कॉन्स्टेबल, भारतीय सीमा से भगाकर लिया दम

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राणाघाट में सीमा चौकी के पास बीएसएफ की एक महिला जवान का हथियारबंद घुसपैठियों से सामना हो गया। वह अकेली थी, चारों तरफ से घुसपैठियों से घिरी थी, जान जोखिम में थी लेकिन इसके बावजूद वह डरी नहीं बल्कि उनके सामने डटी रही। घुसपैठियों को अकेले ही खदेड़ दिया। इस बीएसएफ की महिला जवान की खूब तारीफ हो रही है। बीते दिनों से लगातार बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ होने के प्रयास को बीएसएफ असफल कर रही है। घुसपैठियों से बॉर्डर पर मुठभेड़ हुई जिसमें कई बीएसएफ जवान घायल भी हुए हैं। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि रात करीब दो बजे महिला कॉन्स्टेबल ने चाकुओं और तलवारों से लैस घुसपैठियों को सीमा पार करते देखा। महिला कॉन्स्टेबल ने घुसपैठियों पर हमला किया और उन्हें चेतावनी दी, लेकिन वह भारतीय क्षेत्र में घुस आए, कॉन्स्टेबल को चारों ओर से घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। तब तक उसके साथी जवान ने उसकी चेतावनी पर प्रतिक्रिया दी और घुसपैठियों की ओर एक स्टन ग्रेनेड फेंका। घुसपैठियों ने जैसे ही चढ़ाई की, कॉन्स्टेबल ने उन पर गोली चला दी और उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने किसी घुसपैठिए के घायल होने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

## बिहार में वज्रपात से तीन की मौत, सीएम ने जताया शोक

पटना। बिहार में पिछले 24 घंटों में वज्रपात की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई। बिहार सीएम नीतीश कुमार के कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटे में वज्रपात से जहानाबाद जिले में 3 और रोहतास में 2 लोगों की मौत पर सीएम नीतीश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम नीतीश ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को बिना देरी किए 4-4 लाख रुपए सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। सीएम नीतीश ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए सुझावों का पालन करें और खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## प्रेमिका की शादी कहीं और हुई......सनकी प्रेमी ने मासूम भाई को मार डाला

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में एक सनकी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की शादी कहीं और होने पर उसके 12 साल के मासूम भाई की हत्या कर दी। मासूम हेमू राजपूत आरोपी शुभम कुशवाहा के साथ सावन का मेला देखने गया था। गुप्तेश्वर पहाड़ी पर आरोपी ने पत्थर पटककर मासूम की जान ले ली और शव को वहीं दबा दिया। 12 साल के मासूम को मेला देखने जाना था, इसपर मां ने बच्चे का मन रखने के लिए एक ऑटो में बैठाकर गोल पहाड़िया के पास गुप्तेश्वर मेला देखने के लिए भेज दिया। इस दौरान मासूम हेमू को पहले से पहचानने वाला आरोपी शुभम मिल गया। शाम तक मां यही समझती रही कि उसका मासूम बेटा मेला देखकर आ जाएगा, लेकिन जब रात होने पर वह नहीं लौटा, तब बच्चे की मां ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। शिकायत आने के बाद पुलिस ने तुरंत बच्चे को ढूंढने की कोशिश की। देर रात तक गुप्तेश्वर पहाड़ी इलाके में पुलिस को बच्चे का शव पत्थर के नीचे दबा हुआ मिला। पुलिस ने जब मासूम की मां से किसी पर शक की बात पूछी, तब मां ने अपने पुराने पड़ोसी शिवम कुशवाहा का नाम बताया। पुलिस ने शिवम को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की, तब आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी शिवम मासूम की बड़ी बहन से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था, लेकिन लगभग 5 महीने पहले मासूम की मां ने अपनी बेटी की शादी शिवम से न करते हुए मुरैना में कर दी। इसका बदला लेने के लिए आरोपी शिवम ने अपने साथी अमन गोस्वामी के साथ मिलकर मासूम की हत्या कर शव को पत्थर से दबा दिया हालांकि, आरोपी शिवम शादी के बाद भी मासूम हेमू के घर आता था और पारिवारिक संबंध बना चुका था, क्योंकि आरोपी और फरियादी कमलेश पहले पड़ोस में रहते थे। वहीं से उसकी दोस्ती फरियादी कमलेश की बेटी से हो गई थी।

## कांवड़ियों से भरी पिकअप बिजली के खंभे से टकराई, करंट लगने से पांच की मौत

लातेहार। झारखंड के लातेहार के बालूमाथ में एक हादसे में 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। गुरुवार तड़के तीन बजे कांवड़ियों से भरी एक पिकअप बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे पिकअप में करंट फैल गया और 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई और 5 कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी कांवड़िये मकईयातांड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सभी कांवड़िया देवघर में पूजा करने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक कांवड़ियों का पिकअप रात 3 बजे बिजली के खंबे से टकरा गया जिससे वाहन में करंट फैल गया और यह हादसा हुआ। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन टकराने के बाद बिजली का खंभा टूट गया। पिकअप में सवार चार महिलाओं और ड्राइवर की मौके पर मौत हुई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर किया गया है। यह हादसा बालूमथ थाना क्षेत्र के तम-तम टोला में हुआ। ये कांवड़िये देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर से लौट रहे थे।

## पंजाब में प्रवासियों को मोहली गांव छोड़ने का फरमान

फरीदकोट। उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसा राज्य है जहां से सबसे ज्यादा प्रवासी बाहर मजदूरी और अन्य काम करने जाते हैं। इसमें पंजाब भी शामिल है जहां यूपी-बिहार से प्रवासी काम करने जाते हैं। दरअसल मोहाली जिले की ग्राम पंचायत मुधो संगतिया की तरफ से एक विवादित प्रस्ताव पास किया गया है। गांव में रह रहे प्रवासियों को गांव छोड़ने का फरमान सुनाया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक गांव में कोई भी प्रवासियों को रहने के लिए जगह नहीं देगा। प्रस्ताव के अनुसार आगे के लिए भी किसी भी प्रवासी का गांव में कोई भी पहचान पत्र नहीं बनाया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि किसी भी प्रवासी को गांव में किराए पर कमरा नहीं दिया जाएगा। मौजूदा प्रवासियों को गांव छोड़ने के लिए कुछ दिन की मोहलत रहेगी। जानकारी के अनुसार गांव में 5 परिवार किराए पर रहे हैं जिनमें करीब 15 से 20 लोग शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कथित तौर पर प्रवासी लोगों के रहने के कारण इलाके में आपराधिक और असामाजिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। इससे आने वाली पीढ़ी पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसी कारण यह फैसल लिया गया है।

## यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने का खामियाजा भुगत रहीं पूजा खेड़कर

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में आरोपी ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत अर्जी पर एक अगस्त को फैसला सुना सकती है। सुनवाई के दौरान खेडकर ने अदालत से कहा कि एक अधिकारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। खेडकर की ओर से पेश वकील बीना महादेवन ने अदालत से कहा, मैंने (खेडकर ने) यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है, इसीलिए मेरे खिलाफ यह सब हो रहा है। यह सब जिलाधिकारी के इशारे पर हो रहा है, जिनके खिलाफ मैंने यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। उस व्यक्ति ने मुझे एक निजी कमरे में आकर बैठने को कहा। मैंने कहा कि मैं एक योग्य आईएएस हूं और मैं ऐसा नहीं करूंगी। मैं अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए अग्रिम जमानत का अनुरोध कर रही हूं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जंगला ने बुधवार को खेडकर द्वारा दायर अर्जी पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। खेडकर ने अपने वकील के माध्यम से दायर अर्जी में दावा किया कि उन्हें गिरफ्तारी का खतरा है। अभियोजन पक्ष ने अर्जी का विरोध करते हुए दावा किया कि उन्होंने व्यवस्था को धोखा दिया है। कार्यवाही के दौरान, खेडकर ने कहा कि वह अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए अग्रिम जमानत चाहती हैं। महादेवन ने अदालत को बताया कि खेडकर ने कोई जानकारी नहीं छिपाई तथा उन्होंने परीक्षा में शामिल होने की संख्या गलत बताई है। उन्होंने कहा, मैंने पांच लिखा था, लेकिन मुझे 12 लिखना चाहिए था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैंने अलग कोटे के तहत उन (परीक्षा में बैठने के) प्रयासों का लाभ उठाया। यह सद्भावना से किया गया था या नहीं, इसकी जांच की जानी चाहिए।

# हानिया की मौत के बाद पूरी दुनिया में खलबली, विश्व युद्ध की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। हमास प्रमुख हानिया की ईरान में हुई हत्या ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। ईरान को लगता है कि हमारे घर आए मेहमान को मार देना, मतलब ईरान की सीधी तौहीन है और उसके लिए चुनौती भी। इस समय एक सवाल सब जगह गूंज रहा है और वो है कि क्या दुनिया में विश्व युद्ध की दस्तक एक बार फिर तेज हो सकती है। कारण, इजरायल ने जिस तरह से हमास के चीफ को ईरान में घुसकर मार गिराया, उसके बाद दुनिया सहमी हुई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इजरायल को कड़ी सजा देने की कसम खाई है। वहीं इजरायल कह रहा है कि वो हर हालात के लिए तैयार है। उसने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

इस्माइल हानिया समेत हमास के सभी बड़े नेता 6 सालों से कतर में रहा था। कतर से हमास के संबंध अच्छे रहे हैं। हालांकि, 3 महीने पहले ये रिपोर्ट्स आने लगी थीं कि कतर जंग में मध्यस्थता से परेशान हो चुका था। इसके चलते हमास के नेता ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहे थे लेकिन इससे पहले ही हानिया मारा गया। हानिया की हत्या के बाद हमास और ईरान समर्थक दावा कर रहे हैं कि उसकी हत्या का ग्रीन सिग्नल किसी और ने नहीं, अमेरिका ने दिया था। और तभी नेतन्याहू अमेरिका से वापस इजरायल लौटे और उसके कुछ ही घंटे के भीतर पहले हिजबुल्लाह के नंबर 2 फौद शुकर का और फिर हमास के चीफ हानिया का खात्म कर दिया गया। इस



बीच ईरान ने अपनी मस्जिद पर लाल झंडा फहरा दिया है। लाल झंडा यानी बदले का अल्टीमेटम। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बदले का ऐलान करते हुए कहा कि इस्लामी गणराज्य की सीमाओं के भीतर घटी इस कड़वी और दुखद घटना के बाद, बदला लेना हमारा कर्तव्य है। दूसरी तरफ इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने भी कह दिया कि इजरायल किसी भी हालत का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इस युद्ध में अब तक अमेरिका कभी शांति तो कभी युद्ध को भड़काने वाली भूमिका निभाता आ रहा है। सवाल ये कि क्या ये हमला उसकी मर्जी से हुआ है? और अगर इजरायल पर पलटवार हुआ तो अमेरिका उसका बचाव करेगा? जानकारी के मुताबिक अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा था और अब भी उसकी मदद करेगा।

दरअसल, हमास का मुखिया इस्लामिल हानिया ने तेहरान में ईरान के सुप्रीम नेताओं के साथ मुलाकात की। वह ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचा था। इसके चंद घंटे बाद ही वह तेहरान में इजरायली हमले में मारा गया। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए सबसे बड़े आतंकी हमले के बाद इस्माइल हनीया ने हमले की लाइव फीड देखी थी और महिलाओं और बच्चों सहित इजरायली नागरिकों पर हमास के हमले का जश्न मनाया था। तब इजरायल ने कह दिया था कि 7 अक्टूबर के गुनहगार चलती-फिरती लाश हैं। आज नहीं तो कल उनका अंत आएगा। एक-एक कर इजरायल अपने दुश्मनों का सफाया करता जा रहा है। इजरायल की ये बात बुधवार को सही साबित हो गई और हमास का चीफ सबसे सुरक्षित किले में मारा गया। हानिया कतर में रहता था लेकिन वो ईरान आया हुआ था। हमास चीफ इस्माइल हानिया की हत्या को लेकर सरकारी न्यूज एजेंसी इरना के मुताबिक हानिया के ठिकाने पर हमला गाइडेड मिसाइल से किया गया है। हानिया उत्तरी तेहरान में एक घर में ठहरा था। ईरानी सेना उस जगह का पता लगाने में जुटी है। अमेरिका के डिफेंस सेक्रेटरी ने कहा है कि अगर इजरायल पर हमला हुआ तो हम खड़े होंगे। अमेरिकी बेड़ा आसपास घूम रहा है। जहां तक इस सवाल की बात है कि हानिया को इजरायल ने कैसे मारा तो बताया ये जा रहा है कि मिसाइल किसी सबमरीन से या फिर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ाने भरने वाले लड़ाकू विमान की ओर से दागी गई थी। दोनों ही सूरतों में अमेरिका की जानकारी के बिना ऐसा होना मुमकिन नहीं क्योंकि उसकी जबरदस्त नौसैनिक तैनाती है। हालांकि जब अमेरिकी विदेश मंत्री से इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने किसी जानकारी से इनकार कर दिया।

## मुइज्जू की गलतियों पर मिट्टी डाल... माले की यात्रा पर जाएंगें जयशंकर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगले सप्ताह मालदीव की यात्रा करने की संभावना है, जो बीते साल नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से भारतीय पक्ष की पहली उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्रा होगी। जयशंकर विकास सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों पर अपने समकक्ष मूसा जमीर के साथ बातचीत करने और यात्रा के दौरान मुइज्जू से भी मुलाकात करने वाले है। जमीर मालदीव की पहली द्विपक्षीय यात्रा के लिए भारतीय चुनावों से पहले भारत में थे और उनकी यात्रा के बाद जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के लिए राष्ट्रपति के रूप में मुइजू की पहली भारत यात्रा हुई। जयशंकर की यात्रा इसकारण भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि संबंधों में शुरुआती तनाव के बाद दिल्ली-माले संबंधों में गति आ रही है। पद संभालने के बाद, राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने अभियान से भारत विरोधी बयानबाजी जारी रखी, जो इंडिया आउट आंदोलन और मालदीव से भारतीय सैनिकों को हटाने पर केंद्रित थी। उन्होंने भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के बजाय चीन का दौरा करके परंपरा को भी तोड़ दिया। दिसंबर 2023 में मालदीव ने घोषणा की कि वह भारत के साथ अपने हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण समझौते को नवीनीकृत नहीं करेगा। नई दिल्ली और माले के बीच तनाव तब बढ़ गया जब मालदीव के तीन उपमंत्रियों ने लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। बाद में मंत्रियों को निलंबित किया गया। हालाँकि, उनकी टिप्पणियों ने सोशल मीडिया पर भारतीयों के बीच हंगामा मचा दिया। कई लोगों ने घोषणा की कि वे छुट्टियों के गंतव्य के रूप में मालदीव का बहिष्कार कर रहे हैं, कुछ ने द्वीपसमूह राष्ट्र की अपनी निर्धारित यात्राएं रद्द करने का भी दावा किया है।

# जम्मू-कश्मीर में तेज हुई विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट! ईसी के इस आदेश से मिल रहे संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होंगे, जो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा है। सूत्रों का कहना है कि अगले 10 दिनों में आयोग के केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने की संभावना है। चुनाव निकाय ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों के साथ-साथ चुनाव प्रक्रिया से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा है जो 30 सितंबर को या उससे पहले तीन साल का कार्यकाल पूरा करेंगे।

इसी तरह के निर्देश हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के मुख्य सचिवों को दिए गए हैं, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। हरियाणा के मामले में, चुनाव आयोग ने 31 अक्टूबर को या उससे पहले तीन साल पूरा करने वाले अधिकारियों के स्थानांतरण के लिए कहा है, महाराष्ट्र के लिए यह तारीख 30 नवंबर है और झारखंड के लिए यह 31 दिसंबर है। जम्मू और कश्मीर छह साल से अधिक समय से निर्वाचित सरकार के बिना है और आखिरी विधानसभा चुनाव दिसंबर 2014 में हुए थे। अगले सप्ताह जम्मू-कश्मीर भी केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पांच साल पूरे कर लेगा।




5 अगस्त, 2019 को, तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था और अनुच्छेद 370 के तहत इसकी विशेष स्थिति हटा दी गई थी। तब से, जम्मू और कश्मीर का प्रशासन उपराज्यपाल द्वारा किया जाता है। केंद्र ने हाल ही में जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में भी संशोधन किया है, जिससे केंद्र शासित प्रदेश में उपराज्यपाल को व्यापक अधिकार दिए गए हैं। संशोधन दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश मॉडल के अनुरूप हैं, जहां निर्वाचित सरकार का नौकरशाही पर बहुत कम अधिकार होता है और कई शक्तियां उपराज्यपाल में निहित होती हैं।

विपक्षी दलों ने केंद्र के इस कदम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और इसे ÷अलोकतांत्रिक÷ करार दिया है। उनका आरोप है कि एलजी को व्यापक अधिकार देने से चुनी हुई सरकार रबर स्टांप बन जाएगी। जून में अपने श्रीनगर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा भी बहाल किया जाएगा।

## फुल फॉर्म में दिखे योगी, सपा-कांग्रेस के खिलाफ भरी हुंकार, बोले- खटाखट करने वालों को 2027 में सफाचट कर देंगे



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। विधानसभा में बोलते हुए योगी ने साफ तौर पर कहा कि 2027 में खटाखट नहीं, कांग्रेस और सपा का सफाचट होगा। आपको बता दें कि हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। सीएम योगी ने इंडी गठबंधन के खटाखट स्कीम पर बोलते हुए प्रश्न किया कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया? उन्होंने भाजपा और एनडीए के अपने सहयोगी विधायकों से कहा कि आप सब जनता-जनार्दन के बीच जाइए और उनसे पूछिए कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया, कौन खा गया और उसे खाने वाले लोग कौन हैं।

सीएम योगी लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और सपा द्वारा फैलाए गए संविधान खत्म करने के झूठ पर भी विपक्ष आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि संविधान का गला घोटने वाले कौन लोग थे? विपक्ष के लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार आएंगे तो संविधान खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्ष से सत्ता में हैं, क्या संविधान खत्म हुआ, नहीं! बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के रहते संविधान और मजबूत हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान जितना प्रधानमंत्री मोदी ने किया, उतना किसी ने नहीं किया।

## कोई गुंडा सीएम आवास में घुस गया और महिला के साथ बदसलूकी की

### – सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी विभव के रवैये पर की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट बदसलूकी मामले में सीएम केजरीवाल के पूर्व पीए विभव कुमार की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही। सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार के रवैये पर सवाल उठाए।

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी विभव कुमार को लेकर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि क्या इस तरह के गुंडे को सीएम आवास में काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि विभव ने एक महिला से इस तरह का आचरण किया जैसे कोई गुंडा मुख्यमंत्री के आवास में घुस गया हो। कोर्ट ने कहा कि महिला के साथ बदसुलूकी की गई। ऐसे बर्ताव पर शर्म नहीं आती। निजी सचिव के पद से हटने के बाद विभव कुमार सीएम आवास में क्यों मौजूद था।

कोर्ट ने कहा जब विभव सीएम के निजी सचिव पद पर नहीं थे तो वहां क्यों मौजूद थे। निजी सचिव पद से हटने के भी सीएम आवास पर उनके होने पर भी कोर्ट ने सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार के वकील से पूछा कि क्या सीएम आवास निजी बंगला है? क्या इस तरह के 'गुंडे' को सीएम आवास में काम करना चाहिए।

# ममता मोहंता ने बीजेडी को दिया झटका, राज्यसभा से इस्तीफा देकर बीजेपी में हो गई शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व राज्यसभा सांसद ममता महंत बीजू जनता दल (बीजेडी) और उच्च सदन से इस्तीफा देने के एक दिन बाद गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हो गईं। ओडिशा में कुड़ुमी समुदाय के एक प्रसिद्ध नेता, महंत ने अपना कार्यकाल समाप्त होने से दो साल पहले इस्तीफा दे दिया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मुझे आज ओडिशा राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सदस्य ममता मोहंता से एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने राज्यसभा में अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्र लिखकर इस्तीफा दिया है. मैंने इसे संवैधानिक रूप से उचित पाया और इसलिए उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

महंत 48 वर्ष की हैं, मार्च 2020 में बीजू जनता दल के सदस्य के रूप में ओडिशा से संसद के उच्च सदन के लिए चुने गए। उन्होंने 2020 में ओडिशा की चार सीटों में से बिना किसी विरोध के अपनी सीट जीती। उनके इस्तीफे के बाद बीजेडी के अब राज्यसभा में 8 सदस्य हैं। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मयूरभंज के लोगों की सेवा करने और ओडिशा के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की अनुमति देने के लिए मैं ईमानदारी से अपना आभार व्यक्त करती हूं। हालाँकि, मुझे लगता है कि बीजद में मेरी और मेरे समुदाय की सेवाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए, मैंने जनहित में यह कठोर निर्णय लिया है।

महंत के करीबी लोगों ने कहा कि वह अपनी एमपीएलएडी निधि का स्वतंत्र रूप से उपयोग नहीं कर सकती थीं क्योंकि उन्हें पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के आदेशों का पालन करना था। उनके इस्तीफे पर बोलते हुए, ओडिशा भाजपा विधायक अशोक मोहंती ने कहा, ÷बीजद नेताओं ने नवीन पटनायक पर अपना भरोसा खो दिया है। बीजद का आरोप गलत है. राज्यसभा और लोकसभा में हमारे पास संख्या बल है. वह अपनी पार्टी से इस्तीफा दे रही हैं क्योंकि वह जानती हैं कि अगर वह वहां रहेंगी तो अपने क्षेत्र का विकास नहीं कर पाएंगी. इसलिए वह चली गई।

# लोकसभा में बिल पेश: फ्लाइट में बम की अफवाह फैलाने वाले को भरना पड़ेंगे एक करोड़

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के एविएशन सेक्टर की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के मकसद से भारत सरकार ने अंग्रेजों के जमाने के 90 साल पुराने एयरक्राफ्ट ऐक्ट-1934 को बदलने जा रही है। इसके लिए सरकार ने बुधवार को लोकसभा में नया बिल पेश किया। इसका नाम भारतीय वायुयान विधेयक-2024 रखा गया है। इसमें हॉक्स कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त नियम बनाते हुए दो साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना या फिर दोनों सजा देने का प्रावधान है। बिल के बारे में बताया गया कि इसमें क्राइम करने पर भारतीय न्याय संहिता और दूसरे कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उसके अलावा, इस बिल में फ्लाइट में बम होने, गोला-बारूद समेत दूसरी खतरनाक चीजों के होने की झूठी जानकारी देने वालों के खिलाफ दो साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में अगर कोई जानवरों को काटता है, खाल उतारता है या फिर ऐसी गंदगी का कारण बनता है, जिससे एयर ट्रैफिक पर गंभीर प्रतिकूल असर पड़ सकता है तो उसके खिलाफ भी तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। बिल में यात्रियों को मुआवजा देने, फ्लाइट एक्सिडेंट होने, कैंसल या डिले होने पर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन और दूसरी संबंधित एजेंसियों के पास क्या-क्या पावर हैं इसको बताया गया है।

बिल से एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए और सिक्योरिटी के लिए जिम्मेदार बीसीएएस को और शक्ति मिलेगी। बिल में इन तमाम एजेंसियों को इमरजेंसी के दौरान पावर बढ़ाई गई हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि नया बिल पैसेंजर फ्रेंडली होगा। उसमें फ्लाइट के काफी अधिक समय तक डिले होने, बिना सही जानकारी दिए कैंसल करने और ऑनबोर्ड यात्रियों को एयरलाइंस के नियमों के तहत सुविधाएं न देने पर अधिक पेनल्टी लगाने के साथ ही कड़ी कार्रवाई करने का भी प्रावधान रखा गया है। साथ ही यात्रियों के भी क्रू मेंबर से बदसलूकी करने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। 90 साल पहले बनाए गए एयरक्राफ्ट ऐक्ट में समय-समय पर जरूरतों के मुताबिक संशोधन होते रहे। मगर, जिस तेजी से इंडियन एविएशन सेक्टर में तेजी आ रही है। उस हिसाब से आज के जमाने के हिसाब से खरा उतरने वाला विधेयक चाहिए था। उस पर यह नया भारतीय वायुयान विधेयक-2024 खरा उतरेगा।

### पुराने बिल में 90 साल में 21 बार हुए संशोधन

लोकसभा में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि यह बिल इंटरनैशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (आईसीएओ) के तमाम कायदे-कानूनों और देश के एविएशन सेक्टर में आज और भविष्य की जरूरतों पूरा करने वाला होगा। पुराने बिल में 90 साल में 21 बार संशोधन किए गए। उन तमाम संशोधनों और देश में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने में यह बिल खरा उतरेगा। हालांकि, नागर विमानन



मंत्री नायडू के इस बिल को सदन में पेश करने पर आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने बिल का नाम केवल हिंदी में रखने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। इस पर नायडू ने कहा कि हिंदी में नाम लेकर किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। हम अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़े हैं, इसमे कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। नायडू ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा के दौरान बिल के नामकरण पर आपत्ति का समाधान हो गया था।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**